

7 अवसरवादी होने में ...

www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत



11 मोबिलिटी और नई...

■ वर्ष 31 अंक 172 ■ जबलपुर शनिवार 13 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

## पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का निधन



**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पाटिल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। हालांकि मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

## अन्ना हजारे 30 जनवरी से अनशन पर बैठेंगे



**मुंबई।** अन्ना हजारे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में लोकायुक्त अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर आमरण अनशन की घोषणा की है। अन्ना 30 जनवरी से अपने गाँव रालेगण सिद्धि में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। अन्ना ने इसे अपना आखिरी आंदोलन बताया है। दरअसल अन्ना 2022 में भी इस मांग को लेकर अनशन पर बैठे थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री की मध्यस्थता के बाद अनशन तोड़ा था।

## बस घाटी में गिरी, 9 की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सिताराम राजू जिले में एक बस अनियंत्रित होकर घाटी में गिर गई। हादसे में 9 लोगों की मौत की सूचना है। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में कई घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है।

## जस्टिस स्वामीनाथन को 56 पूर्व जजों का समर्थन

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 56 पूर्व जजों ने विरोध किया है। पूर्व जजों ने खुले पत्र में कहा कि यह कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश है। पूर्व जजों ने कहा कि सांसदों के आरोप मान भी लिए जाएं, तब भी किसी जज को उसके विचारों या फैसलों के आधार पर महाभियोग की धमकी देना न्यायपालिका की आजादी पर हमला है। उन्होंने कहा कि आज एक जज को निशाना बनाया गया तो कल पूरी न्यायपालिका पर असर पड़ सकता है।

## पुंछ में 3 आतंकी पकड़े गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय सेना ने शुक्रवार को 3 आतंकियों को पकड़ा है। तीनों आतंकी नियंत्रण रेखा के पास से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। उनके पास से 2 एके-47 राइफलें, 3 पिस्तौल समेत विस्फोटक बरामद किए गए।

## चांदी पहली बार 2 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी ने एक बार फिर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। 24 कैरेट गोल्ड 1.34 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। जबकि चांदी पहली बार 2 लाख रुपए के पार पहुंच गई। खास बात यह है कि सोना-चांदी में यह तेजी अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व द्वारा ब्याज दरें घटाने के बाद लगातार दूसरे दिन दिखाई दी।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 साल की गिनाई उपलब्धियां

# नक्सलवाद खत्म कर मजबूत किया सिस्टम

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के 13 दिसंबर को 2 साल पूरे हो जाएंगे। इसे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी उपलब्धियां गिनाईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर सबसे बड़ी समस्या थी। छत्तीसगढ़ से लगे मध्यप्रदेश के कई इलाके नक्सलवाद से प्रभावित रहे, जहां एक साथ 17-17 पुलिसकर्मियों की हत्या तक कर दी गई। यहां तक कि एक मंत्री को घर से निकालकर थाने के पास कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई थी। उस समय समानांतर थाने, समानांतर कोर्ट और समानांतर सत्ता चलने लगी थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में डेडलाइन तय की, तब सभी को लगा कि यह संभव होगा भी या नहीं। लेकिन कई पुलिस अधिकारी स्वयं आगे आए और बालाघाट में ड्यूटी की मांग की, जिससे नक्सलवाद खत्म करने में बड़ी मदद मिली। नदी जोड़ो अभियान पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश में सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। परस्पर सौहार्द के तहत राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों में पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी का पानी पहुंचने से बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में पहले जीआईएस सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसे उनकी सरकार ने लागू किया। इसके अलावा, सागर में खाद का कारखाना चालू होने से यूरिया और अन्य खाद की आपूर्ति में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने न केवल व्यवस्थाएं चलाईं, बल्कि दूरदर्शी सोच के साथ ऐसे प्रोजेक्ट भी पूरे किए जो सामान्यत: लंबा समय लेते।



### जवानों और नागरिकों को सलाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला, बालाघाट और डिंडोरी में नक्सली समस्या खत्म करना प्रदेश के लिए एक बड़ा उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों और आम नागरिकों ने इसकी बड़ी कीमत चुकाई है, मैं उन सभी को सलाम करता हूं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब जरूरत है कि सिस्टम को इतना मजबूत बनाया जाए कि यह समस्या दोबारा सिर न उठा सके।

### प्राइवेट से ज्यादा वेतन देंगे

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती डॉक्टरों की कमी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, तेज गति से मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं तो हमको उसके हिसाब से मैनपॉवर भी चाहिए। हेल्थ सेक्टर में एक्सपर्ट नहीं मिलने की चुनौती तो है, लेकिन हमने तय किया है कि हम प्राइवेट सेक्टर से ज्यादा वेतन देकर एक्सपर्ट डॉक्टरों को सरकारी सेवाओं में आगे लाएंगे।

### सीएस को वल्लभ भवन में बैठने दो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दो साल की उपलब्धियां बताए जाने के दौरान सीएस अनुराग जैन मौजूद नहीं थे। सीएस की गैरमौजूदगी पर मीडिया ने सवाल किया तो मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं थोड़ा टेढ़ा आदमी हूं। मैं यहां बैठा हूं, सीएस वल्लभ भवन में बैठे हैं। मैं तो सब कुछ बता रहा हूं। मीडिया से संबोधन के दौरान सीएम डॉ. यादव दो बार डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को गृह मंत्री बोल गए।

## मध्यप्रदेश के 'मोहन'

**विशेष टिप्पणी**
**राजेन्द्र मिश्रा**

मध्यप्रदेश के भाजपा दफ्तर में 11 दिसंबर 2023 को जब डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपने का ऐलान हुआ तो हर कोई हैरान रह गया, लेकिन 13 दिसंबर को पूरे हो रहे मोहन सरकार के दो साल के कार्यकाल ने कई मायनों में यह साबित कर दिया कि डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाने का बीजेपी का फैसला दूरदर्शी था, क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस सरकार ने मध्यप्रदेश में कई बड़े फैसले किए हैं जो प्रदेश में एक नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने चुनौतियां कई थी, लेकिन इन चुनौतियों को उन्होंने मजबूतियों में बदलकर यह साबित कर दिया है कि बीजेपी आलाकमान का उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का फैसला सही था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव न केवल सरकार चलाने में सफल साबित हुए बल्कि वह राजनीतिक मोर्चे पर भी सबसे सफल रहे। 2023 में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2024 का लोकसभा चुनाव था, जहां उन्होंने 100 प्रतिशत सफलता का रिजल्ट देकर राजनीतिक पंडितों को भी हैरान कर दिया। मध्यप्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। यहां तक कि देशभर में कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल रही मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर भी बीजेपी ने जीत हासिल की थी, यह काम बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर नहीं कर पाए थे, लेकिन डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी ने 26 साल बाद कांग्रेस का सबसे मजबूत किला ढहा दिया। हालांकि सरकार के अभी दो साल ही पूरे हुए हैं, फिलहाल उनके सामने अभी भी कई चुनौतियां है तो कई अवसर भी हैं, जिसमें सरकार कैसे चलती है यह तो समय ही बताएगा। इन दो वर्षों का सार यह है कि मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री के रूप में जो नेतृत्व दिया, वह प्रदेश हित में प्रभावी और परिणामकारी है। उनकी कार्यशैली ने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, नीतिगत स्पष्टता और जमीनी क्रियान्वयन इन तीन स्तंभों पर आधारित नेतृत्व किसी भी राज्य की दिशा और दशा बदल सकता है। भाजपा का उन पर भरोसा वाकई प्रदेश के हित में ठहरा है। अत: आज मप्र जिस औद्योगिक और आर्थिक गति से आगे बढ़ रहा है, वह बताता है कि आने वाले वर्षों में यह राज्य निवेश, उद्योग, रोजगार और समग्र विकास का ऐसा केंद्र बन जाएगा, जिसकी कल्पना कुछ दशक पहले कठिन थी। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए विकास के फार्मूले को जमीन पर उतारने के लिए गरीब, किसान, युवा के साथ आधी आबादी अर्थात महिला वर्ग की योजनाओं को नई रफ्तार देने में जुटे हैं। बात चाहे इंडस्ट्रियल नवाचारों की हो या फिर जल, जंगल, जमीन, गाय, गरीब, पर्यटन, रोजगार, गीता महोत्सव और धार्मिक लोकों के फैसले। राम वन गमन पथ और कृष्ण पाथेय जैसे मेगा प्रोजेक्ट भी पाइप लाइन में हैं। इससे उन्होंने एक तरफ जहां योगी की तरह हार्ड हिंदुत्व की नई लकीर खींची, वहीं विकास पुरुष कहलाने की राह भी थाम ली।

## कांग्रेस ने गिनाई विफलताएं



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री पर पलटवार किया है। कहा है कि मंत्री जगदीश देवड़ा के आसपास ड्रग माफिया घूम रहे हैं और उनका कुछ नहीं हो रहा है और बच्चों को ड्रग के मामले में फंसाया जा रहा है। मंत्री बागरी का भाई और बहनोई गांजा के कारोबार में लिप्त हैं और सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। सीएम कहते हैं कि किसी मछली को छोड़ेंगे नहीं और मछली और मगरमच्छ को पालने वाले मंत्री विश्वास सारंग पर कार्यवाही नहीं की जाती है। जीतू पटवारी ने कहा कि कहा कि किसानों को प्रदेश में खाद नहीं मिल रही है। चार चार दिन तक छोटे-छोटे बच्चे लाइन में लगे रहते हैं और मुख्यमंत्री यह घोषणा करते हैं कि बस केंद्र सरकार परमिशन दे दे तो खाद की फैक्ट्री लगा देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सरकार गंभीरता से काम करे।

### 22 में सिर्फ 2 साल की उपलब्धि क्यों?

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर कहा कि सौरभ शर्मा के घर में जो सोने की ईंट पकड़ाई, इसका क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी गई। किसके घर में सोने की ईंटें गईं, यह सरकार नहीं बता रही है। सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का काम नहीं किया गया है। 22 साल से बीजेपी की सरकार है और यहां उपलब्धि दो साल की बताई जा रही है। विजन डॉक्यूमेंट को लेकर सिंघार ने कहा कि यह जनता का विजन डॉक्यूमेंट है लेकिन सरकार जनता के बजाय अफसरों के विजन डॉक्यूमेंट बना रही है। इस डॉक्यूमेंट पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिजली की दरें सबसे कम बताए जाने के मुख्यमंत्री के ऐलान पर सिंघार ने कहा कि 8.70 से 8.80 रुपए प्रति यूनिट बिजली एमपी में मिल रही है तो यह कैसे देश में सबसे कम हो गई।

### 75 साल पूरे होने उपलक्ष्य में

# विधानसभा का विशेष सत्र 17 दिसंबर को



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र इसी माह 17 दिसंबर को होगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच सहमति के बाद सत्र बुलाने के फैसले पर मुहर लग गई है। यह विशेष सत्र विधानसभा सत्र की पहली बैठक के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुलाया जाने वाला है जिसमें मध्यप्रदेश के समग्र विकास पर चर्चा की जाएगी। एक दिवसीय यह विशेष सत्र मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का आठवां सत्र होगा। सत्र सुबह 11 बजे से होगा। राज्यपाल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है। इस एक दिवसीय सत्र में मध्य प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने पर चर्चा होगी। विधानसभा के गठन के बाद सबसे पहला सत्र 17 दिसंबर 1956 से शुरू हुआ था और इस दिन पहली बैठक हुई थी। इसी को देखते हुए विधानसभा सचिवालय द्वारा 17 दिसंबर को विधानसभा के पहले सत्र को 75 साल पूरा होने पर इस साल भी बैठक बुलाने की तैयारी की जा रही है।

### इसके पहले भी हुए हैं विशेष सत्र

विधानसभा का विशेष सत्र इसके पहले भी कई बार बुलाया जा चुका है। कोरोना काल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2020 में मुख्यमंत्री बनने के बाद विशेष सत्र बुलाया गया था। इसके पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर दास रोहाणी के कार्यकाल में भी विशेष सत्र बुलाया जा चुका है। इसके अलावा कई अन्य मौकों पर भी विशेष सत्र हो चुके हैं।

## इंडिगो को 58 करोड़ का जीएसटी नोटिस

नई दिल्ली

इंडियो के लिए एक और बुरी खबर है। अब इंडिगो को एक जीएसटी का नोटिस मिला है। दरअसल, इंडिगो को वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जीएसटी विभाग का 58.75 करोड़ का पेनल्टी नोटिस मिला है। यह आदेश सीजीएसटी, दिल्ली साउथ कमिशनरेट के अतिरिक्त आयुक्त की ओर से जारी किया गया है, जिसमें मूल जीएसटी टैक्स की मांग के साथ पेनल्टी भी शामिल है। हालांकि इंडिगो ने इस नोटिस को गलत करार दिया है, और इसे कानूनी रूप से चुनौती देने की घोषणा की है। इंडिगो ने बीएसई फाइलिंग में बताया कि यह ऑर्डर गलत है और इसके खिलाफ उसकी दलील मजबूत है, जिस पर बाहरी टैक्स सलाहकारों की सलाह भी आधारित है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह नोटिस उसके आर्थिक वित्तीय स्थिति, रोजाना संचालन या फिर कारोबार गतिविधियों पर कोई असर नहीं डालेगा।

# सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान बनाए: राहुल गांधी

नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। राहुल ने कहा, यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और हमारे बीच इस मामले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के कारण देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे। इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार ने पहले दिन से ही अपना रुख साफ कर दिया था कि हम सभी अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। सरकार कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टी के नेताओं से सुझाव लेने के लिए भी तैयार है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु में दीपक जलाने की मांग पर हिंदुओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। उन्होंने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बन गया है। उनके मंत्री सनातन धर्म के विरुद्ध बयान देते हैं।

### बैठक में नहीं पहुंचे शशि थरूर

सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले राहुल ने शुक्रवार को संसद भवन के एनेक्स एक्सटेंशन बिल्डिंग में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठक की। इसमें शीतकालीन सत्र में कांग्रेस सांसदों के परफॉर्मेंस की समीक्षा हुई। हालांकि, केरल से पार्टी के सांसद शशि थरूर बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पहले 30 नवंबर को कांग्रेस की एक स्ट्रैटजिक मीटिंग में भी थरूर शामिल नहीं हुए थे।

## भूकंप के खतरों पर दिशा-निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिका की सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75 प्रतिशत आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है। इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा- तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें? वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। अदालत ने यह बात मानने से इनकार कर दिया और कहा कि यह सरकार का काम है, कोर्ट नहीं कर सकता।

# एक व्यक्ति की जनगणना पर खर्च होंगे 97 रुपए

### केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए

नई दिल्ली

देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे। दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह ष्ट्डुड्डुस् सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।



### सरकार मनरेगा का नाम बदलेगी

केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की लिमिट 100 प्रतिशत करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74 प्रतिशत था।

### कोपरा के लिए एमएसपी तय

इसके अलावा कैबिनेट ने कोलसेतु विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है। सरकार ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के एमएसपी को मंजूरी दी। 2026 सीजन के लिए फेयर एवरेज क्वालिटी मिलिंग कोपरा के लिए एमएसपी 12,027 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 2026 सीजन के लिए एमएसपी में पिछले सीजन के मुकाबले मिलिंग कोपरा (सूखे नारियल का गोला) के लिए 445 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने मार्केटिंग सीजन 2014 के लिए मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के लिए एमएसपी को 5,250 रुपए प्रति क्विंटल और 5,500 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाए हैं।

## संसदीय क्षेत्र में रेल समस्याओं को लेकर सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** सांसद हिमान्द्री सिंह ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिल कर शहडोल संसदीय क्षेत्र की समस्याओं और रेल सुविधाओं में वृद्धि का आग्रह किया। मंत्री ने अधिकारियों को जन अपेक्षाओं के अनुरूप शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए, 18233-34 नर्मदा एक्सप्रेस के वेंकटनगर स्टेशन में पूर्व स्वीकृत



ठहराव के अभी तक प्रारंभ ना होने से अवगत करवाया। साथ ही ट्रेन नंबर 15231 के बिरसिंहपुर स्टेशन में ठहराव, 18235-36 भोपाल बिलासपुर गाड़ी को इतवारी स्टेशन तक विस्तार, रीवा बिलासपुर ट्रेन को दुर्ग स्टेशन तक विस्तार, 12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस गाड़ी को अनूपपुर कोतमा होकर अंबिकापुर तक विस्तार, 22407 अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन में स्लीपर कोच लगाने और कोतमा स्टेशन में ठहराव, कटनी से उमरिया शहडोल अनूपपुर होकर मुंबई तक नई ट्रेन देने का आग्रह किया। इसके अलावा रीवा से ब्यौहारी जयसिंहनगर शहडोल डिंडोरी होकर मंडला तक नई रेल लाइन स्वीकृत करने की माँग।

# उपयंत्री की देख-रेख में घटिया निर्माण कार्य करा ठेकेदार अध्यक्ष सहित सीएमओ की साख में लगा रहा बट्टा

## निर्माण कार्यों में तकनीकी खेला, मालामाल हो रहे ठेकेदार, लुट रहा नगर परिषद का कोष

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

नगर विकास को लेकर नगर मे नाली निर्माण, पीसीसी सड़क निर्माण सहित कई निर्माण कार्य कराये जा रहे है जिसमें ठेकेदार द्वारा उपयंत्री से सांठ गांठ कर निर्माण कार्यों मे तकनीकी खेला कर नगर परिषद अध्यक्ष सहित सीएमओ के साख पर बट्टा लगाया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो जब से नगर परिषद ब्यौहारी मे उपयंत्री का प्रभार आकाश पाण्डेय को मिला है तब से जितने भी कार्य हुए है यदि उनकी नगरीय प्रशासन ने टीम गठित कर उच्चस्तरीय जांच करायी तो कई चौकाने वाले बात सामने आ सकते है। नगर मे चार चांद लगाने सीएमओ शरद गौतम सहित नगर परिषद अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता प्रयासरत दिख रहे है और कई नगर




विकास के कार्यों को प्रशानिक स्वीकृति देकर निर्माण कार्य कराये जा रहे है किन्तु ठेकेदार उपयंत्री आकाश पाण्डेय से सांठ गांठ कर घटिया निर्माण कार्य कराये जाने की चर्चा हो रही है हकीकत क्या है उसका खुलासा जांच से ही हो सकता है। लोगो की माने तो नगरीय प्रशासन मे कई उपयंत्री पदस्थ है इसके बाद भी सिचाई विभाग देवलौंद मे पदस्थ उपयंत्री को नगर परिषद ब्यौहारी मे अटैच किया गया है जिसे हटा कर नगरीय प्रशासन मे पदस्थ उपयंत्री को प्रभार दिये जाने की मांग की जा रही है। लोगों का आरोप है कि वार्ड क्रमांक 09 मे डामरीकरण का कार्य, ईदगाह के पास नाली और पीसीसी सड़क का निर्माण सहित कई निर्माण कार्य इनके देख रेख मे हुआ है जिनमे गुणवत्ता की अनदेखी की गयी है। वार्ड क्रमांक 09 मे बना डामरीकरण रोड कई जगह से उखड़ने लगी है इसी तरह अन्य कार्यों का भी यही हाल होना बताया जा रहा है। नगर के समाज सेवियों ने नगरीय प्रशासन से शीघ्र नगर परिषद ब्यौहारी मे अटैच उपयंत्री को हटा कर नगरीय प्रशासन मे पदस्थ उपयंत्री को ब्यौहारी मे पदस्थ किये जाने की मांग की है अब देखना यह है कि समाचार को कितनी गंभीरता से लिया जाता है और क्या कार्यवाही होती है।



## खुले में मांस विक्रय करने वालों के विरूद्व की गई कार्यवाही

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में खुले में मांस का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार नगरपालिका के अमले द्वारा नगर के बस स्टैंड के पास खुले में मांस का विक्रय करने वाले 7 दुकानदारो के विरूद्व कार्यवाही करते हुए 1800 रूपये की राशि का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। साथ ही दुकानदारो को समझाइश भी दी गई की खुले में मांस का विक्रय न किया जाए एवं निर्धारित स्थानो पर ही दुकाने संचालित करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया आईसी इंचार्ज गौरव, भूपेश कोहरे, आनंद यादव सहित अन्य कर्मचारियो की भूमिका रही।

# बालिकाओं को बाल विवाह के प्रति किया गया जागरूक

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले में बाल विवाह के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत का 100 दिवसीय अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास संजीता भगत ने विद्यार्थियो को बाल विवाह के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज भी हमारे समाज में कई जगहों पर बाल विवाह होता है जिसका दुष्परिणाम यह होता है कि कम उम्र में बच्चे गर्भवती हो



जाती हैं, परिणाम यह होता है कि बच्चे न तो शारीरिक रूप से परिपक्त नहीं हो पाते हैं और न मानसिक रूप से। शासकीय योजनाओं अंतर्गत यह हैं कि, जब बाल विवाह होता है तो शासन द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ नहीं दिया जाता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कानूनन दण्डनीय अपराध है, विवाह के लिए युवक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा बालिका की 18 वर्ष होना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि बाल विवाह की सूचना चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 पर दें। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से भानुप्रिया महरा केसवर्कर एवं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### आज आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत, विभिन्न प्रकरणों में मिलेगी छूट

# आपसी समझौते के साथ होगा लंबित प्रकरणों का निराकरण

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के. एन. सिंह जिला न्यायालय के एडीआर सेंटर में 13 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे से आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे। नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में भी किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चेक बाउन्स के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा कुल 20 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय शहडोल में 09, सिविल न्यायालय ब्यौहारी में 04, सिविल न्यायालय बुढ़ार में 04 एवं सिविल न्यायालय जयसिंहनगर में 03 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर संपूर्ण कोर्ट फीस की वापसी हो जाती है तथा विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। नगरपालिका के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की गई है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण हेतु प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की

**आज 10 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश करेंगे लोक अदालत का शुभारंभ**

राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी, लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 10,00,000 (दस लाख मात्र) तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी, आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा, उपभोक्ता उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा,आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थित में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि(यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा, नेशनल लोक अदालत मे छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी, अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे, सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी, उक्त छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावगी।



# जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार डोंगरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी तथा प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप कछवाहा सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में 01 अप्रैल 2025 से नवम्बर 2025 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एएनसी पंजीयन, जांच प्रबंधन, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, पोषण पुनर्वास केन्द्र संचालन, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीबी नियंत्रण, एनीमिया प्रबंधन, पीआईएच, मातृ-शिशु मृत्यु दर, एसएनसीयू डिस्चार्ज, सिकल सेल एनीमिया उपचार तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी नोडल अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों को सतत निगरानी तथा मासिक समीक्षा कर एक माह में ठोस सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी समीक्षा बैठक में प्रत्येक अधिकारी को बेहतर प्रगति प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया।

# मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

### मांगें पूरी नहीं होने पर 21 फरवरी को भोपाल में होगा विशाल प्रदर्शन और आमसभा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए संघ जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल के नेतृत्व में डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम जी के निवास में पहुंचकर 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं से अवगत कराया। संघ ने विधायक को वेतन वृद्धि, पदोन्नति, पदस्थापना और नियमितीकरण की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

श्री चंदेल ने ज्ञापन में बताया कि भृत्य का नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक, नियमित कर्मचारियों का ग्रेड पे में संशोधित कर 1300 के स्थान पर 1800 किया दैनिक वेतनभोगियों को स्थाई कर्मी किया जाना एवं स्थाई कर्मीयों नियमित किया जाना नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ दिया जाना, अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी किया जाना,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने समेत ग्राम रक्षकों (कोटवार) को नियमित सेवा का दर्जा दिया जाए। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक आयोग गठित कर, ठेका प्रथा समाप्त करे, विभागवार वरिष्ठता सूची जारी करने और उन्हें नियमित सेवा का अवसर प्रदान करे। अन्य मांगों में कर्मचारियों का वर्दी धुलाई भत्ता 50 रुपए से बढ़ाकर 200 रुपए प्रतिमाह करना और




सभी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से 7वें वेतनमान का लाभ देना शामिल है।

संघ पदाधिकारियों ने आगामी आंदोलन की रूपरेखा भी बताई। इसके तहत चौथे चरण में 26 दिसंबर को सांकेतिक धरना, पांचवें चरण में 16 जनवरी को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और छठवें चरण में 29 जनवरी को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है, कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो सातवें चरण में 21 फरवरी 2026 को भोपाल में विशाल प्रदर्शन और आमसभा आयोजित की जाएगी। यदि शासन ने 15 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

ज्ञापन के दौरान संभागीय सचिव मिहीलाल धुर्वे, संरक्षक भागवानी धुर्वे , जिला सचिव अशोक यादव जिला मिडिया प्रभारी मंयक उद्देसिया गणराज यादव अघनू सिंह कोकड़िया राजेश बर्मन तरुण वंसपाल एवं सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी सक्रिय कार्यकर्ता सहित बडी संख्या में संघ के कर्मचारी उपस्थित थे।

## डिंडौरी में शिक्षकों की 91% ऑनलाइन उपस्थिति, सख्ती का दिखा असर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कराने के निर्देशों का प्रभाव अब साफ दिखाई देने लगा है। पूरे प्रदेश में जहां औसत उपस्थिति 60% से ऊपर पहुंची है, वहीं डिंडौरी जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9% ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की है। यह उपलब्धि प्रदेशभर में सराही जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को और सख्ती से लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शिक्षकों के वेतन भुगतान को भी अब ऑनलाइन उपस्थिति से ही जोड़ते हुए सीधे भोपाल से जनरेट करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में सभी विभागीय डीडीओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि प्रत्येक शिक्षक की उपस्थिति शत-प्रतिशत पोर्टल पर दर्ज कराई जाए तथा समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो। वहीं विभाग का कहना है कि नई व्यवस्था से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि शिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा और विद्यार्थियों को नियमित गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

# शालाओं में गूँजी आवाज- बाल विवाह नहीं करेंगे, न होने देंगे

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिलेभर में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रैपुरा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोंदू टोला (पुरानी डिंडौरी) एवं शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय मेहंदवानी में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी सत्रों के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह से शारीरिक कमजोरी, शिक्षा में बाधा, मानसिक विकास में रुकावट, हिंसा व दुर्व्यवहार का जोखिम, समयपूर्व गर्भावस्था, मातृ मृत्यु दर में वृद्धि जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। कार्यक्रम में स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह करना, करवाना, सहायता या प्रोत्साहन देना पूर्णत: दंडनीय अपराध है, जिसमें 2 वर्ष तक का कठोर कारावास, 1 लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। सामूहिक शपथ व हस्ताक्षर अभियान शालाओं में विद्यार्थियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों द्वारा बाल विवाह नहीं करेंगे, न होने देंगे की सामूहिक शपथ ली गई।

## पुलिस ने नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बालिका जोकि घर से कहीं चली गई है। आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। फरियादी द्वारा संदेह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना जैतपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान फरियादी एवं गवाहों के कथन, स्थल निरीक्षण तथा नजरी नक्शा तैयार कर घटना का सत्यापन किया गया। विवेचना के क्रम में पुलिस द्वारा सक्रियता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहृता नाबालिग बालिका को ग्राम पैरीबहरा थाना जैतपुर जिला शहडोल से सुरक्षित रूप से दस्तयाब किया गया। नाबालिग बालिका की दस्तयाबी कार्यवाही पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही का परिणाम है।

# स्टोन क्रेशर एवं भंडारण स्थल पर छापेमारी

### रिकॉर्ड में गड़बड़ी और प्लांटेशन गायब, टीम ने बनाया पंचनामा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में आज खनन संबंधित गतिविधियों की निगरानी को लेकर की जा रही कार्यवाहियों के तहत उत्तम साहू के स्टोन क्रेशर एवं भंडारण स्थल की जांच की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक खनन अधिकारी डिंडौरी, मंचित्रकार उज्ज्वल पाटले, सर्वेयर की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जांच के दौरान बिल बुक एवं ई-टीपी का मिलान किया गया, जिसमें स्पष्ट अंतर पाया गया।



टीम ने स्थल का निरीक्षण किया, जहां प्लांटेशन नहीं किया गया तथा पत्थर के भंडारण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज़ भी उपलब्ध नहीं मिले। अधिकारियों द्वारा स्टोन एवं गिट्टी की मात्रा का मापन कर मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया। साथ ही ऑनलाइन दस्तावेज़ों के सत्यापन हेतु संबंधित रिकॉर्ड एकत्र कर आगे की जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# सिंगरौली कोल ब्लॉक मामले पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

## आदिवासी कांग्रेस ने वन कटाई रोकने, आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा व अडानी समूह को भूमि आवंटन रद्द करने की उठाई मांग

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

सिंगरौली जिले में अडानी समूह को आवंटित कोल ब्लॉक, बड़े पैमाने पर वन कटाई तथा आदिवासी समुदायों के दमन के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय डिंडौरी में राष्ट्रपति महामहिम को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया, जिसे मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर सिंगराम के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने प्रस्तुत किया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सिंगरौली में कोल ब्लॉक आवंटन के चलते लगभग 1400 हेक्टेयर वनभूमि का डायवर्जन किया जा रहा है, जो पाँचवीं अनुसूची क्षेत्र में आती है। इस क्षेत्र में अधिकतर आबादी अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह से संबंधित है। बावजूद इसके ग्रामसभा की सहमति, आदिवासी अधिकारों व संवैधानिक प्रावधानों की खुली अनदेखी की गई है।

प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि सिंगरौली पुलिस प्रशासन द्वारा आदिवासी परिवारों को नजरबंद कर पेड़ कटवाए जा रहे हैं, जो न केवल अमानवीय है बल्कि संविधान सम्मत अधिकारों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वन कटाई, विस्थापन और दमनकारी कार्रवाइयों से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

आदिवासी कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि अडानी समूह को आवंटित कोल ब्लॉक व पावर प्लांट हेतु भूमि आवंटन को



तत्काल रद्द किया जाए। दबाव रहित, विधिवत ग्रामसभा आयोजित कर वास्तविक सहमति ली जाए। पाँचवीं अनुसूची के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई कर निलंबन किया जाए। पेसा कानून व स्त्रक्र का कड़ाई से पालन हो। सिंगरौली में जारी अवैध जंगल कटाई पर तत्काल रोक लगे। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आवश्यक कार्रवाई करे। आदिवासी समुदाय पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं और दमनकारी कार्रवाई बंद की जाए। ग्रामसभा की प्रक्रियाओं की निगरानी राष्ट्रीय जनजातीय आयोग व जनप्रतिनिधियों की समिति द्वारा कराई जाए। मुआवजा वितरण प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो। शांतिपूर्ण मुलाकात के लिए पहुंचे मप्र आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम की गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताया गया और प्रशासन की कार्यप्रणाली की निंदा की गई।

उमाशंकर सिंगराम ने कहा कि सरकार और प्रशासन को आदिवासी समुदाय की संस्कृति, आजीविका और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान समय बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आदिवासी नेता मौजूद रहे हैं।

# त्याग की मूर्ति थीं रत्न कुमारी देवी

## हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढ़ा में रत्न कुमारी देवी जन्मोत्सव पर कार्यशाला का आयोजन



जबलपुर(स्वतंत्रमत)।

हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढ़ा में रत्न कुमारी देवी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में महाकौशल के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात रत्न कुमारी देवी जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर निलेश पांडे ने की, मुख्य अतिथि डॉ अल्केश चतुर्वेदी प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जबलपुर एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंडित नित्य निरंजन खम्परिया पूर्व विधायक सिहोरा मध्य प्रदेश, विशिष्ट अतिथि डॉ रंजना मिश्रा प्रोफेसर राजनीति शास्त्र एवं अतिरिक्त प्रभार ओएसडी, डॉ संजय तिवारी प्राचार्य नवयुग कॉलेज रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ पुष्पा शुक्ला ने रत्न कुमारी देवी जी का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसके अंतर्गत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता साथ ही रत्न कुमारी देवी जी के जीवन कार्य एवं महिलाओं की प्रगति पर आधारित मनमोहक कविताओं का पाठ भी किया गया। जिसने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रेरणादायी बनाया।

### महिलाएं परिवार एवं समाज की अधारशिला

इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ अल्केश चतुर्वेदी ने महाकौशल की ऐतिहासिक सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में महिलाओं के योगदान पर विस्तृत चर्चा की विशेष रूप से शिक्षा स्वास्थ्य कृषि स्वावलंबन उद्यमिता संस्कृति और समाज सुधार जैसे क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को रेखांकित किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ रंजना मिश्रा ने बताया की महाकौशल क्षेत्र की महिलाएं न केवल परिवार एवं समाज की आधारशिला है। बल्कि आज भी नेतृत्व अनुसंधान तकनीक और विभिन्न पेशावर क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका निभा रही है। महिलाओं की सहभागिता से ही क्षेत्र का समग्र और सतत् विकास संभव है कार्यक्रम में हितकारिणी महिला महाविद्यालय की ओर से डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास शिक्षा रोजगार और आत्मनिर्भरता पर सारगर्भित विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय की प्राध्यापिका कु. सौम्या शुक्ला ने शोध पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ ममता पाठक ने कहा कि महिलाओं की सहभागिता से ही क्षेत्र में समग्र और सतत विकास संभव है।

### त्याग की मूर्ति थीं रत्न कुमारी देवी

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता नित्य निरंजन खम्परिया ने रत्न कुमारी देवी जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में अपने उद्बोधन में बताया कि रत्न कुमारी देवी त्याग की मूर्ति थी। सरल स्वभाव विलक्षण प्रतिभा की धनी एवं सादा जीवन उच्च विचार उनके व्यक्तित्व को चरितार्थ करते है। उन्होंने उनके जीवन कार्यों एवं समाज सेवा की व्यापक सराहना की, रत्न कुमारी देवी जी का जीवन आदर्श सेवा और समर्पण का प्रतीक है उनके विचार आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। रत्न कुमारी देवी जी ने सदैव समाज में शैक्षिक जागरूकता महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किया है उनके द्वारा स्थापित आदर्श केवल एक व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ है।

उन्होंने आगे बताया कि समाज में विकास तभी संभव है जब महिलाएं शिक्षा स्वास्थ्य और नेतृत्व के क्षेत्र में समान अधिकारों के साथ आगे आएं उन्होंने आगे बताया कि महाकौशल क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका उनकी उपलब्धियां एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी अपरिहार्य है।

### समाज में जागरुकता बढ़ाने सहायक हैं ऐसी कार्यशालाएं

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य पांडे ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं समाज में जागरूकता बढ़ाने और युवा पीढ़ी में सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होती है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ पुष्पा शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ संगीता शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारी सहयोगी संस्था हितकारिणी महिला महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढ़ा से डॉ वर्षा दुबे श्रीमती सरिता शर्मा, अंजना मिश्रा, अंकिता चंसोरिया, डॉ मीनाबेन, श्रद्धा सेन, कु. सौम्या शुक्ला, मोनिका पांडे, संदीप परिहार एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।



# संगठन की रीढ़ बनेगा युवा कांग्रेस का सक्रिय नेटवर्क

### युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** युवा कांग्रेस की उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत आने वाले कस्तूरबा गांधी ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आज़ाद पैलेस बोर्डिंग, जैन मंदिर मालवीय चौक में संपन्न हुई। बैठक में ब्लॉक स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक युवा कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने, विस्तार देने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों में युवाओं की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने एकमत होकर यह कहा कि युवा कांग्रेस को बूथ और वार्ड स्तर तक मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान पार्षद अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे, युवा कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष जतिन राज, युवा नेता हर्षित यादव, इंद्र पाठक तिवारी, गुड्डू नबी सहित अन्य पदाधिकारियों ने युवाओं को संगठन विस्तार की बारीकियों पर मार्गदर्शन दिया। नेताओं ने यह भी कहा कि आने वाले समय में युवा कांग्रेस का सक्रिय नेटवर्क संगठन की रीढ़ बनेगा, इसलिए प्रत्येक वार्ड में सदस्यता अभियान, डिजिटल कनेक्ट, और स्थानीय मुद्दों के समाधान पर कार्य को तेज किया जाए।

**दिल्ली में आयोजित रैली में शामिल होंगे कार्यकर्ता**–बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह रहा कि कस्तूरबा गांधी ब्लॉक से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित 'वोट चोरी के खिलाफ रैली' में 500 कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को इसके लिए जिम्मेदारियां दी गईं एवं परिवहन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले, विधानसभा उपाध्यक्ष अभ्युत बाजपेयी, ब्लॉक अध्यक्ष समीर गढ़वाल, शिशिर नन्होरिया, कपिल भोजक, चंदन श्रीवास्तव,भानु यादव, बसंत ठाकुर, शिशांत सिंह ठाकुर, रिंकू बदलनी, अरशद अली, मोहित गांधी घनघोरिया, रंबल विश्वकर्मा, बादल पंजवानी, राशुल अग्रवाल, पंकज पटेल, रूपेश अवस्थी, रोहित यादव आदि अन्य उपस्थित रहे।

### दस हजार की अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** अधारताल पुलिस ने ग्राम खैरी से एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गुलशन चक्रवर्ती उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खैरी करोंदानाला के पास से 91 पाव देशी शराब कीमती दस हजार रुपये की बरामद की है। आरोपी को उस वक्त दबोचा गया, जब वह अवैध शराब बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।



### मंच संचालन की विधा के सिद्ध हस्त का अभिनन्दन

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज के सानिध्य में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं सप्त रथ महोत्सव के अवसर पर मंच संचालन की विधा के सिद्ध हस्त ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय संचालक अमित पड़रिया का जोरदार अभिनंदन किया गया। जैसे ही उनका अभिनंदन किया गया संपूर्ण परिसर में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज ने हाथ उठाकर विशेष आशीर्वाद दिया। पिछले 25 वर्षों से मंच संचालन कर रहे अमित पड़रिया की सबसे विशेष बात है उन्होंने आचार्य भगवन गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महामुनिराज से नियम लिया है कि वह मंच संचालन के नाम पर के लिए कोई राशि कभी नहीं लेंगे। उनका नियम है सम्मान में दिए गए प्रतीक चिन्ह या सम्मान सामग्री को भी निर्माल्य मानते हैं, क्योंकि यह भी दान के पैसे से खरीदकर समिति द्वारा दी जा रही है। अगर कोई प्रतीक चिन्ह सम्मान सामग्री देता भी है तब अमित पड़रिया अपनी जेब से उतना पैसा मंदिर में दान कर देते हैं। इतनी निस्वार्थ भावना से मंच संचालन करने वाले वे एकमात्र मंच संचालक है।

### मुख्यमंत्री के नाम मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष जबलपुर नरेश कुलस्ते ने बताया कि संघ के प्रांतीय आवाहन पर अपनी न्यायोचित 15 सूत्रीय मांगों जैसे पदनाम परिवर्तन, ग्रेड पे 1300 से 1800 करने, सातवें वेतनमान का लाभ एक जनवरी 2016 से देने, ओपीएस लागू करने, आउटसोर्स, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मचारी, अंशकालिक, आशा, उषा, रसोईया, सहायिका, कोटवार को सम्मानजनक वेतन एवं शासकीय व्यवस्था में करने, एवं पदोन्नति करने जैसी मागो का ज्ञापन जिला शाखा जबलपुर द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम तीसरे चरण का ज्ञापन मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सौपा गया है। इसी कड़ी में जिला जबलपुर में मंत्री राकेश सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कार्यालय नागपाल गार्डन मदन महल में सौपा गया। इस दौरान विशेष रूप से संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी सेल एवं संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, संभागीय सलाहकार वैद्यनाथन अय्यर, संभागीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिवेंद्र पटेल, जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविंद्र राय, सुरेश बाल्मिक, प्रेम नारायण ठाकुर, संजय रजक आदि उपस्थित रहे।

### 14 को होगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर जिला के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों, उत्तराधिकारियों, परिवारजनों की 14 दिसम्बर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कार्यालय गांधी भवन टाउन हाल में दोपहर 2.00 बजे अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में शहरी एवं ग्रामीण जिले के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, वंशजों, उत्तराधिकारियों का वर्ष 2026 का नवीन सदस्यता अभियान व अन्य विषयों को लेक सभी वशंज, उत्तराधिकारी उपस्थित हों। बैठक में उपस्थिति की अपील संघ के एड प्रकाश गोछला, मनोज नामदेव, केशव प्रसाद चौरसिया, ओम प्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, शिव मंगल यादव, अनिल उसरेठे आदि ने की है।

# 19000 मेगावाट के शीर्ष पर पहुंची बिजली की मांग

### पीएमसी के एमडी विशेष गढ़पाले ने किया कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।



मध्यप्रदेश के ऊर्जा सचिव व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले ने आज शक्तिभवन में पावर मैनेजमेंट कंपनी के कन्ट्रोल रूम का सुबह 11 बजे जिस वक्त निरीक्षण कर रहे थे उसी समय मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग 19113 मेगावाट दर्ज हुई। मध्यप्रदेश में बिजली की मांग पहली बार 19000 मेगावाट की शीर्ष मांग पर पहुंची है। ऊर्जा सचिव ने कन्ट्रोल रूम में रियल टाइम में बिजली की मांग और उसकी शतप्रतिशत सप्लाई को मॉनीटर पर देखा। पीएमसी एमडी विशेष गढ़पाले ने भविष्य में बिजली की मांग 20 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना को देखते हुए निर्देश दिया कि बिजली की इस प्रकार शेड्यूलिंग की जाए जिससे कि ऐसी स्थिति में प्रदेश में शतप्रतिशत बिजली की सप्लाई संभव हो। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक पीके जैन व मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित अभियंता उपस्थित थे।

पीएमसी के एमडी विशेष गढ़पाले ने कन्ट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण करते हुए प्रत्येक बिन्दु का विश्लेषण किया। उन्होंने मेरिट आर्डर सिद्धांत के आधार पर किस प्रकार बिजली की शेड्यूलिंग की जाती है उसे प्रत्यक्ष तौर पर देखा। ऊर्जा सचिव ने रियल टाइम में पावर मैनेजमेंट की कार्यपणाली को देख कर उचित निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनी में हो रही विद्युत सप्लाई को मॉनीटर पर अवलोकन किया।



### रोमान्चक मुकाबले में एलएफजी चैंपियन की जीत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीसीएफ कर्मचारी संगठन के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि विद्यानगर मैदान में चल रहे जीसीएफ प्रीमियर लीग इंटरसेक्शन क्रिकेट टूर्नमेंट में शुक्रवार को एलएफजी चैंपियन और रिक्काइल 11 के बीच मैच खेला गया। रिकॉइल एकादश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर पर 3 विकेट कोकर 113 रन बनाएं। रिक्काइल एकादश के तरफ से बुधराम ने 19 बॉल पर 48 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएफजी चैंपियन में 9.3 ओवर पर 8 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर मैचजीत लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्यामल द्वारा 41 रन बनाया गया जिसे मैन ऑफ द मैच अवार्ड मजदूर संघ हथोड़ा के वरिष्ठ सेवा निवृत सदस्य केके शर्मा द्वारा दिया गया। मैच में एम्पायर भूपेश त्यागी एवं अमरदेव रहे।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना क्षेत्रातंर्गत छुई खदान क्षेत्र में अपने साथियों के साथ आग ताप रहे पवन कोल नामक युवक से प्रशांत विश्वकर्मा ने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस को दीपा श्रीवास्तव ने बताया कि उसका छोटा भाई अपने साथी अंकुश कोल व प्रिंस कोल के साथ बैठकर आग ताप रहा था।

# संजय नगर पहाड़ी पर आबाद जुआ फड़ पर पुलिस की रेड

### दस जुआरी पकड़ाए, 83 हजार से अधिक की नगदी जब्त

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** अधारताल थाना क्षेत्रातंर्गत संजय नगर पहाड़ी पर आबाद जुआं फड़ पर पुलिस की स्पेशल टीम ने रेड मारी। जहां से पुलिस ने दस जुआरियों को इक्का-बली पर दांव लगाते हुए रंगे हाथ दबोचा। पुलिस ने जुआरियों व फड़ से ताश के 52 पत्तें व 83 हजार 850 रुपये की नगदी जब्त की है। उक्त कार्रवाई एसपी के निर्देश पर पुलिस लाईन की स्पेशल टीम ने अधारताल थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से की।

जानकारी अनुसार एसपी सम्पत उपाध्याय को सूचना मिली कि संजय नगर पहाड़ी पर लंबे अर्से से जुआं का खेल संचालित हो रहा है। जिस पर सूचना की तस्दीक पुलिस अधिकारियों से करायी गई। इसके बाद तत्काल ही पुलिस लाईन से टीआई नीलेश दोहरे एवं रामपुर चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में लाईन की टीम ने अधारताल



पुलिस के साथ संयुक्त रूप से मौके पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने राकेश जायसवाल निवासी इमलिया मोड़ परियट, अमन पटेल निवासी सुभाष नगर संजीवनी नगर, दीपक यादव निवासी शारदा मंदिर हनुमानताल, रोहित कुशवाहा निवासी बघेली परियट पनागर, योगेश कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी तलैया लालमाटी थाना घमापुर, सोमनाथ डुमार निवासी चौहानी मोहल्ला मरघटाई थाना गढ़ा, मोह. अबरार निवासी रद्दी चौकी पेट्रोल पम्प के पीछे गोहलपुर, आकाश ठाकुर निवासी शारदा चौक गढ़ा, मोह. समीर निवासी राजेन्द्र नगर सिद्धी केम्प हनुमानताल, प्रमोद कुमार श्रीवास (शर्मा) निवासी इंद्रप्रस्त कालोनी कंचनपुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्तें व 83 हजार 850 रुपये की नगदी जब्त करते हुए सभी के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्रवाई की।

उक्त कार्रवाई में टीआई नीलेश दोहरे, चौकी प्रभारी रामपुर उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह, पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक अनुराग सिंह, पंकज नामदेव, संतोष, रिषभ बर्मन, अजय धुर्वे, लोकेन्द्र तथा थाना अधारताल के सहायक उप निरीक्षक अशोक पाण्डे, प्रधान आरक्षक मनोज पाण्डे, आरक्षक अंकुर, रामभरोस, अभिनव, अजय दीक्षित की सराहनीय भूमिका रही।

### युवक पर पिस्टल की बट से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थानातंर्गत दुर्गा चौक जादव हेल्थ क्लब के पास बीती रात दो असमाजिक तत्वों ने एक युवक से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए जमकर विवाद किया। आरोपियों ने युवक के सिर पर पिस्टल की बट से हमला किया और उसके बाद बेल्ट से जमकर मारपीट की। जिससे युवक को गंभीर चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि खाई मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय आर्यन राव मराठा बीती रात करीब साढ़े नौ बजे दुर्गा चौक जादव हेल्थ क्लब के पास अपने साथी राजुल सुर्वे के साथ बैठा था, उसी समय अंकित मराठा एवं सोनू पासी आकर उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रूपये मांगने लगे। उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अंकित मराठा ने पिस्टल की बट से हमलाकर आर्यन के माथे में चोट पहुँचा दी।

# 2 शराब दुकानों सहित 12 प्रतिष्ठानों पर नगर निगम ने की तालाबंदी

### नगर निगम ने तेज किया राजस्व वसूली अभियान

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।



राजस्व वसूली को लेकर नगर निगम प्रशासन ने शहर में एक बार फिर सख्ती दिखाते हुए, बड़े बकायदारों के विरुद्ध कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर, अपर आयुक्तों ने संभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर शहर के 3 संभागों में यह ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस व्यापक अभियान के तहत, निगम ने बकाया राशि जमा न करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई, नल कनेक्शन काटने, और तालाबंदी जैसे कठोर कार्रवाई की है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि निगम का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि जो नागरिक नियमित रूप से टैक्स भर रहे हैं, उनके साथ न्याय हो। यह कार्रवाई उन बकायदारों के लिए एक अंतिम संदेश है, जो जानबूझकर निगम का राजस्व रोक रहे हैं।

कार्रवाई के संबंध मे अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को संभाग क्रमांक 04 छोटी लाइन गोरखपुर में बड़े बकायादारों से बकाया राशि वसूली के दौरान तालाबंदी की कार्यवाही की गई।

कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त श्री विद्यानन्द वाजपेई ने बताया कि संभाग क्र. 12 के अंतर्गत 4 बड़े बकायादारों में कुर्की एवं तालाबंदी की कार्यवाही के दौरान 1,00,000 एवं 93,000 बकाया राशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार गलगला बाजार में स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई जिसमें चालान, जुर्माना एवं टैक्स वसूली सामूहिक रूप से कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने बताया कि संभाग क्रमांक 10 लाला लाजपत राय वार्ड में आर.आई. एवं टी.सी. के साथ टैक्स वसूली एवं लोक अदालत हेतु जानकारी दी जा रही है।

### गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन

अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने बताया कि संभाग क्रमांक 15 के वार्ड क्रमांक 76 में मढ़ई एवं परियट में स्थित देशी-विदेशी शराब की 2 दुकानों में लगभग 2 लाख रूपये की राशि बकाया है, जिसे कुर्की एवं तालाबंदी कर राशि 78 हजार 8 सौ रूपये स्थल पर ही जमा कराई गई, इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गंदगी फैलाने पर 10 हजार रूपये का स्पॉट फाइन किया गया। उन्होंने बताया कि केशरवानी दूध डेरी परियट में बकाया 1 लाख रूपये की राशि जमा कराई गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेरी में गंदगी पाये जाने पर 50 हजार रूपय की राशि का स्पॉट फाइन लगाया। कार्यवाही के दौरान अरविन्द शाह, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, विद्यानंद बाजपेई, अंजू सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद खत्म करने 38 जवानों ने दी शहादत

## बालाघाट से अब पूर्णतः नक्सलवाद पर लगा विराम

पंकज डहरवाल/बालाघाट

जिले में 1990 से लाल आतंक की हुई शुरुआत 2025 के अंत में खत्म हो गई। क्या आप जानते हैं 1991 में नक्सलियों ने पहली घटना को अंजाम दिया और ब्लास्ट कर 9 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे तब से अब तक बालाघाट जिला 35 सालों से लाल आतंक के दहशत में था जो अब दो नक्सलियों के सरेंडर के साथ नक्सली का कलंक धुल गया, जिसमें कई जवानों ने अपनी शहादत से बालाघाट को नक्सली मुक्त करने में बड़ी भूमिका अदा किए है। वहीं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नक्सल ऑपरेशन को संभाले छः माह के भीतर ही जिले से नक्सल मुक्त करने में अपनी कुशल रणनीति बनाई और नक्सलियों को सरेंडर करने में मजबूर किया और उसी का परिणाम रहा कि आज बालाघाट नक्सल मुक्त जिला घोषित हो गया।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 21 मार्च 2025 को घोषणा की थी और देशवासियों को यह भरोसा दिलाया है कि 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। अभी तो डेड लाइन करीब आने में 4 माह शेष बचे हैं, लेकिन अभी से ही नक्सलियों में सरेंडर करने की होड़ मच गई है। माओवादियों ने बालाघाट में एक के बाद एक एक करके 42 दिनों के अंतराल में 13 सक्रिय नक्सलियों ने हथियार डालें हैं। इसी के साथ बालाघाट में पूर्णत से माओवादी का खात्मा हो गया। सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने वीसी में कहा कि एमपी से नक्सलवाद खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि लाल सलाम को आखरी सलाम पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि बालाघाट जिला अब नक्सल मुक्त हो गया हैं। एक भी नक्सली नहीं बचे जो शेष बचे थे दीपक ने अपने साथी के साथ सरेंडर कर दिया।



### बालाघाट में नक्सली की शुरूआत...

बालाघाट जिले में सन 1990 में थाना बिरसा में नक्सलियों के विरुद्ध पहली एफ.आई.आर दर्ज की गई और फिर नक्सलियों की घटनाएं शुरू हुई, 1991 में थाना बहेला क्षेत्रान्तर्गत सीतापाला में ब्लास्ट कर 09 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे और तभी से अब तक नक्सली विरोधी अभियान में 38 पुलिसकर्मी शहीद हो गए और लाल आतंक के कारण 57 आम नागरिक जनशहीद हुए। इस दौरान 45 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए और 28 हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार किया गए। इस दौरान हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा फोर्स, पुलिस जवान के 2200 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाला और 1 नवंबर से 11 दिसंबर तक 43 दिनों के भीतर 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया हैं। एमएमसी जोन के मलाजखंड डिविजन के सक्रिय रहे दीपक ने अपने साथी के साथ समर्पण करने के साथ बालाघाट में 35 सालों का कलंक धुल गया और नक्सल मुक्त बालाघाट घोषित हो गया।

### पुलिस जवान की शहादत...

जिला बालाघाट में वर्ष 1990 में थाना बिरसा में नक्सलियों के विरुद्ध पहली एफ.आई.आर दर्ज की गई। वर्ष 1991 में थाना बहेला के सीतापाला में ब्लास्ट कर 09 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। वर्ष 1994 में थाना बिरसा के नारंगी जंगल में नक्सलियों द्वारा बारुदी विस्फोट कर पुलिस वाहन को ब्लास्ट किया गया। जिसमें 16 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। वर्ष 1998 में थाना हट्टा क्षेत्रान्तर्गत खपराझिरी जंगल क्षेत्र में पुलिस नक्सल मुठभेड में 02 पुलिस अधिकारी शहीद हो गए । वर्ष 2002 में पुलिस नक्सल मुठभेड में 02 पुलिस अधिकारी शहीद हो गए। वर्ष 2010 में थाना बहेला क्षेत्रान्तर्गत टिमकीटोला जंगल क्षेत्र में पुलिस नक्सल मुठभेड में आरक्षक शहीद हो गए। जंगल क्षेत्र में पुलिस नक्सल मुठभेड मे 02 पुलिस अधिकारी शहीद हो गए। वर्ष 2002 में नक्सलियों द्वारा बालाघाट रुपझर के बीच 09 टन एलईडी विस्फोटक को लूटा गया। वर्ष 2010 में थाना बहेला क्षेत्रान्तर्गत टिमकीटोला जंगल क्षेत्र में पुलिस नक्सल मुठभेड़ में आरक्षक शहीद हो गए। वर्ष 2025 में हाकफोर्स के इंस्पेक्टर आशिष शर्मा शहिद हो गए। इन जवानों ने बालाघाट को नक्सलवाद मुक्त करने में अपनी जान कुर्बान कर दी, जिनको जिलेवासी व प्रदेशवासी हमेशा याद करते रहेगें।

### बालाघाट की कमान तीन नक्सलियों ने संभाला था

पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि बालाघाट जिले के रहने वाले तीन नक्सली ने कमान संभाली थी , जिसमें संगीता और संपत राशिमेटा की रहने वाली है। वही दीपक पालागोंदी का रहने वाला है। इन्होंने ही बालाघाट में नक्सली वारदात को बढ़ावा दिया और कई घटनाओं को अंजाम दिया, विकास में रुकावट, निर्माण कार्य में लगे वाहनों को जलाना और मुखबिरी के शक में ग्रामीणों की हत्या कर दहशत फैलाने का कार्य करते थे। बढ़ती सर्चिंग के दौरान एक के बाद एक तीनों ने सरेंडर करते ही बालाघाट जिला नक्सल मुक्त हो गया।

**इनका कहना हैं**

दीपक सरेंडर करने वाला अंतिम नक्सली था जो बालाघाट के मोहनपुर पंचायत के गांव पालागोंदी का रहने वाला है। जिस पर तीनों राज्य में 29 लाख का ईनाम घोषित था। दीपक ने एक स्टेनगन के साथ जैसे ही हथियार डालते ही बालाघाट नक्सली मुक्त हो गया। जंगल में फोर्स अब लगातार सर्चिंग कर डम्प को खोज निकालने में लगी हुई हैं।

**आदित्य मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बालाघाट**

# शिवलिंग पर मटन: धार्मिक भावना आहत, आरोपी गया जेल

**बालाघाट(स्वतंत्र मत) ।** बालाघाट कोतवाली के गर्रा स्थित शिवलिंग पर मटन और ग्रेवी डालने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी योगेश पिता सहदेव नागवंशी उम्र 40 वर्ष, वार्ड 28 स्नेह नगर बालाघाट का रहने वाला है। आरोपी ने पार्टी से बची मटन और ग्रेवी को लेकर शराब के नशे में शिवलिंग के ऊपर मटकी में डाल दिया। पुलिस ने योगेश के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। पुसिल ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।बता दें कि भावना को आहत करने का मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा में शिवलिंग है, जहां कुछ लोग जब पूजा करने पहुंचे तो उन्हें शिवलिंग के ऊपर जल के लिए रखी गई मटकी में मटन की ग्रेवी मिली और शिवलिंग पर भी वह लगी थी। इसे देखने के बाद स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद वे कोतवाली पहुंचे। यहां गजानंद पटले की शिकायत पर पुलिस ने धार्मिक भावना को आहत करने के मामले में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।





प्रतिष्ठा राठौर डीएसपी ने बताया कि जांच में पुलिस ने लोगों से बातचीत की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। शंका के आधार पर योगेश से पूछताछ की गई, जहां घटना को स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ बर्थडे पार्टी बॉटनिकल गार्डन में मनाई गई, जिसमें चिकन भी बनाई गई। बर्थडे पार्टी बनाने के बाद बची हुई चिकन और ग्रेवी को योगेश ने डिब्बे में भरकर ले गया। और फिर वह गर्रा के शमशान घाट स्थित शिवमन्दिर में शिवलिंग के पास शराब पिया और फिर शराब के नशें में शिवलिंग के ऊपर मटकी में चिकन की ग्रेवी डाल दिया।

# ग्राम पौनेरा में जल जीवन मिशन ने बढ़ाई उम्मीदें



बालाघाट(स्वतंत्र मत) ।

जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम पौनेरा में जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल-जल योजना तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रही है। योजना के पूरा होते ही ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। विशेषकर महिलाओं में इस योजना को लेकर उत्साह साफ झलक रहा है, क्योंकि अब उन्हें दूर-दूर से पानी भरकर लाने की परेशानी से मुक्ति मिलने वाली है।जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित पौनेरा ग्राम की जनसंख्या करीब 705 है। अब तक यहां पेयजल का मुख्य स्रोत केवल हैंडपंप और कुएं थे। बाहरी निस्तार के लिए ग्रामीणों को तालाब से पानी लाना पड़ता था। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर रूप ले लेती थी।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में नल-जल योजना का काम युद्धस्तर पर जारी है। योजना के तहत 3500 मीटर लंबाई की पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं 50 किलोलीटर क्षमता वाली उच्च स्तरीय पानी की टंकी का निर्माण 70 प्रतिशत तक और 20 हजार लीटर क्षमता वाले सम्पवेल का निर्माण 80 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। कार्य पूरा होने के बाद ग्राम पौनेरा के प्रत्येक घर को क्रियाशील नल कनेक्शन मिलेगा, जिससे ग्रामीणों को प्रतिदिन शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे न केवल पानी की किल्लत समाप्त होगी बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवनस्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के प्रति आभार जताया है। उनका कहना है कि जल जीवन मिशन ने गाँव के विकास की दिशा में नई उम्मीदें जगाई हैं और अब हर घर तक पानी पहुंचने का सपना साकार होने जा रहा है।

# करंट लगाकर बाघ का किया शिकार

## वन परिक्षेत्र कटंगी के आंजनबिहरी में घोड़देव बाबा मंदिर के पास मृत मिला बाघ

बालाघाट/कटंगी(स्वतंत्र मत) ।

दक्षिण वन मंडल बालाघाट अंतर्गत सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व में बाघिन की मौत का मामला अभी सुलझा नहीं है कि एक और बाघ उम्र दो वर्ष की करंट लगने से हुई मौत वन विभाग के लिए गले की फांस बन गया हैं। गुरुवार की शाम चार बजे वन परिक्षेत्र कटंगी के ग्राम आंजनबिहरी के जंगल में कक्ष क्रमांक 562 स्थित घोड़देव बाबा मंदिर समीप बाघ मृत हालत देखा गया।

यह शव तीन दिन पुराना होना बताया गया है। शुक्रवार को पशु चिकित्सक की टीम ने जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। बाघ की मौत को वन विभाग ने गंभीरता से लेकर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और बालाघाट से डाग स्क्वाड टीम बुलाकर जांच शुरू कर दी हैं।



बाघ जिस स्थान पर मृत पाया गया था उसके आसपास दोनों डाग स्क्वाड टीम ने करीब सात-आठ किलोमीटर तक सर्चिंग की गई, लेकिन कही पर भी आरोपितों का सुराग नहीं मिला। बाघ के पूरे पंजे, नाखून समेत पूरे शरीर के अंग सुरक्षित है। करंट लगने के दौरान बाघ छटपटाया होगा, तभी उसके मुंह से खून निकल गया और गले में चोटें आई है। बताया जा रहा है कि पिछले एक साल से पठार क्षेत्र के 15 से अधिक गांवों में बाघों का मूवमेंट है।

बाघों ने इस बीच कई मवेशियों का शिकार भी किए है। साथ ही इस क्षेत्र में तीन लोगों को अपना निवाला भी बनाया है। बाघ जंगल किनारे खेतों में विचरण करते रहते है और जिन लोगों के मवेशियों का शिकार हुआ होगा। उन परेशान लोगों ने संभवतः करंट लगाकर बाघ को मारकर साक्ष्य छिपाने मंदिर समीप लाकर फेंक दिए होंगे। शिकारी यदि बाघ का शिकार करते तो खाल, नाखून, पंजे व मूंछ के बाल गायब रहते, लेकिन यह सब थे।

हालांकि, आरोपितों के पकड़ाने पर मामला साफ हो जाएगा। इस परिक्षेत्र में साढ़े नौ माह के भीतर करंट से दो बाघ की मौत ने वन विभाग को सवाल के घेरे में खड़ा कर दिया है।

### जंगल में लगाए चार कैमरे

वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि घटना स्थल पर जंगल में चार सैंसर कैमरे लगाए गए है। इन कैमरों के माध्यम से आरोपित तक पहुंचने का प्रयास रहेगा। क्योंकि यदि आरोपितों ने कुछ छिपाकर रखे होंगे, तो वे जरूर यहां तक आएंगे और जो संदिग्ध व्यक्ति होगा वह भी कैमरे में कैद हो जाएगा। बाघ का उसी जगह पर प्रोटोकाल के तहत जलाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**इनका कहना है**

बाघ का अज्ञात आरोपितों ने करंट लगाकर शिकार किया है। आरोपितों तक पहुंचने के लिए कान्हा सहित दो डाग स्क्वाड टीम बुलाकर करीब सात-आठ किमी तक आसपास सर्चिंग की गई। जल्द ही आरोपित तक पहुंचने का प्रयास रहेगा। आरोपितों को पकड़ने अलग से टीम गठित किए है।

**बीआर सिरसाम, एसडीओ, कटंगी**

## पाली में स्वच्छ धर्म स्थल अभियान शुरू, दुकानदारों को दिया गया जागरूकता संदेश

**उमरिया (स्वतंत्रमत) ।** नगर पालिका परिषद पाली द्वारा धार्मिक स्थलों के परिसर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से 11 से 13 दिसंबर 2025 तक च्स्वच्छ धर्म स्थल अभियानज्ज चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगरपालिका टीम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न बाजारों और दुकानों में पहुँचकर दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और सूचना पत्र सौंपे। टीम द्वारा दुकानदारों को धार्मिक स्थलों के आसपास कचरा न फैलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने तथा पूजा सामग्री को निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की गई। अभियान दल ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल धार्मिक स्थलों की सफाई करना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी है। टीम ने स्थानीय दुकानों में जाकर साफ-सफाई के महत्व पर चर्चा की और नगर के स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम लाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने अनुरोध किया कि सभी सहयोग करते हुए धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त रखने में योगदान दें।

## तीन ब्लॉकों में प्री-टॉस/नाईट ब्लड सर्वे शुरू

### हर ब्लॉक के दो-दो गॉव मे 300-300 लोगो का स्लाईड से होगा परिक्षण

**उमरिया (स्वतंत्रमत) ।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए तीन ब्लॉकों में नाईट ब्लड सर्वे शुरू किया गया है इसके तहत हर ब्लॉक से दो गॉव एक सेन्टिनल गॉव और रेण्डम गॉव में 300-300 लोगो की स्लाईड बनाकर जॉच की जाएगी। अगर इनमे से 01 प्रतिशत से अधिक लोगो मे यदि माइक्रोफाईलेरिया का संक्रमण पाया जायेगा तो पूरे ब्लॉक में पूरे ब्लॉक में सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम चलाया जायेगा। दिन मंगलवार को उमरिया शहरी क्षेत्र के वार्ड क्र. 05 (जेल बिल्डिंग मोहल्ला) में लोगो की स्लाईडें ली गई इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल, जिला व्ही.बी.डी. सलाहकार रवि कुमार साहू, जिला समन्वय पी.सी.आई. गौरव मिश्रा, संतोष पटेल,गौरी शंकर कुशवाहा, श्रीकान्त द्विवेदी, बृजेन्द्र सिंह, अरूण कुमार पाठक, अंगद चौधरी, सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद था।



## उड़नदस्ते की टीम ने बांधवगढ़ के रिसोर्ट में की खाद्य पदार्थो के गुणवत्ता की जांच, मिली गंभीर अनियमितताएं

उमरिया (स्वतंत्रमत) ।

खाद्य सुरक्षा विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा बांधवगढ़ स्थित रिसोर्ट में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जाँच हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जाँच में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच के दौरान ओलिव होटल एवं रिसोर्ट में किचन की जाँच के दौरान चाईनीज खाद्य पदार्थों को बनाने में अखाद्य कॉर्न फ्लोर का उपयोग होना पाया गया, जिसका उपयोग कपड़ों को कलफ़ करने में किया जाता है।ऐसी अखाद्य कॉर्न फ्लोर के इस्तेमाल से मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर ख़तरा होने की संभावना है। मौक़े से समस्त कॉर्न फ़्लोर के नमूने ज़ब्त किए गए।



जाँच के दौरान किचन के फ्रिज में कॉकरोच चलते हुए पाए गए, जिस पर संचालक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। टीम द्वारा एक अन्य रिसोर्ट धरोहर कोठी की जाँच की गई जिसमें छत्तीसगढ सरकार द्वारा गरीबों को वितरित किए जाने वाला नि:शुल्क नमक अमृत का रेस्टोरेंट में उपयोग करते पाया जिसके 32 पैकेट मौक़े से ज़ब्त किए गए।संचालक के पास एफएसएसएआई का लाइसेंस भी नहीं पाया गए। संचालक द्वारा एफ़एसएसएआई और रजिस्ट्रेशन बनवाया गया था जो कि छोटे खाद्य कारोबार कर्ता के लिए होता है। कार्रवाई के दौरान मैनेजरों अमित शुक्ला द्वारा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर उनको काट दिया गया एव कार्यवाही में असहयोग किया गया। संचालक जयवर्धन कुरोथे एव मैनेजर अमित शुक्ला के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

# शासकीय स्कूल के बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा है खुला खिलवाड़...!

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - आज के बच्चे ही देश के उज्वल भविस्य हैं पर तभी जब उन्हें उच्च शिक्षा आदर्श और संस्कार मिले। कई योजना चलाकर सरकार देस के सभी बच्चों को शिक्षित करने के लिये हर वर्ष मोटी बजट खर्च कर रही है वहीं बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिये शिक्षकों को भी अच्छी खासी बेतन देने में कसर नहीं कर रही है, जिसके बाद भी यदि बच्चों को नियमतह शिक्षा न मिले तो बड़े कष्ट का विषय बन जाता है, जो दसा उमरिया जिला के कई स्कूलों की है, जहां के दयनीय स्थित में सुधार होना बड़ा कठिन दिख रहा है। कई स्कूलों जैसे मानपुर ब्लॉक के प्राईमरी और दुलहरा के माध्यमिक स्कूलो में इस समय अर्ध वर्षिक परीक्षा चल रहा है जो दो से तीन बजे तक चल्ता है, यहां के कई अविभावक और स्कूली बच्चों का कहना है कि परीक्षा पूर्ण होते ही स्कूली बच्चों का छुट्टी करते ही शिक्षक लोग स्कूलों में ताला लगाकर घर चले जाते हैं, जब कि नियमतह स्कूलों को 4 बजे तक संचालित रखना चाहिये।वहीं शासकीय प्राईमरी और माध्यमिक स्कूल के कुछ बच्चों ने बताया कि दुलहरा के स्कूल में पढ़ाई नहीं होती है, यहां शिर्फ एक शिक्षक पढ़ाया करते हैं और अन्य शिक्षक फरमल्टी के लिये कुछ समय तक पढ़ाते हैं जो अत्यधिक समय अपने मोबाइल को देख कर बिताया करते हैं ऐसे कई शिक्षक शास्कीय नियमों के अनुसार निर्धारित समय तक अपनी उपस्थित भी नहीं दे पाते हैं, यहां पढ़ाने से बचने के लिये शिक्षकों द्वारा एक से डेढ़ घंटे तक लम्बे समय के लिये हॉफ छुट्टी की जाती है।वहीं बच्चों ने कहा कि स्कूल में पेय जल की ब्यवस्था नहीं रहती है, हॉफ छुट्टी में बच्चों को भोजन करते - करते पानी पीने के लिये हैंड पम्प जाना पड़ता है जहां ग्लॉस लोटा न मिलने से हमें हंथेली अथवा जूंठे थाली से पानी पीना पड़ता है, भोजन करने के बाद थाली नन्हें बच्चों को ही धुलना पड़ता है।वहीं जोरों से चर्चित है कि शायद यही कारण से शिक्षक कर्मचारी अधिकारी और अधिक्तर जन प्रतिनिधि लोग अपने बच्चों को शास्कीय स्कूलों में पढ़ाई नहीं करवाते हैं, बड़े दुख का विषय बन कर उभर रहाहै कि सरकार के मोटी बजट खर्च होने पर भी शास्कीय स्कूलों में शिक्षा स्तर ढलता रहता है जो प्रस्नवाचक बन कर रह गया है।




**कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया जिला-उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक/4391/वि.शा./न.पा./2025 उमरिया, दिनांक 5/12/2025

**प्रथम GEM बिड आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म/संस्था/ठेकेदारों सूचित किया जाता है कि सूची में वर्णित कार्यों के लिए GEM बिड आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | GEM बिड क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत (GST सहित & EMD) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | GEM/2025/B/6959823 | supply of street light equipment | 994563.00 & 9945.00 | 18/12/2025 |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईड (GEM portal) में नि:शुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATE" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, सामाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद उमरिया जिला-उमरिया (म.प्र.)**

# मैदान में उतरे सरपंचों ने कहा- साहब सीईओ मैडम हमें कर रही ब्लैकमेल, पैसे न देने पर कार्यवाही की देती हैं धौंस





मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जिले भर की पंचायतों में लगातार भ्रष्टाचार किए जाने की जानकारी सामने आ रही हैं। संरक्षण किसका है और क्यों है इस पर अनेक प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के नाम सामने आ रहे हैं एक तरह से कह सकते हैं कि पंचायतो को भ्रष्टाचार के लिए गोद लेकर रख लिया गया है। और तो और अब पंचायतों के साथ जनपदों में भी जमकर खेला चल रहा है।

जिले भर की नौ जनपदों में पदस्थ सीईओं और उनके अधिनस्थ कर्मचारी उपयंत्री एसडीओ सरकारी धन की जमकर बंदरवाट कर रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण जनपद पंचायत निवास का सामने आया है। यहां के सरपंच लामबंध हो गए और यहां पदस्थ सीईओ के खिलाफ खुलकर सामने आ गए मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत निवास के अंतर्गत 35 ग्राम पंचायत आती हैं बताया गया कि जनपद पंचायत निवास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रद्धा सोनी है जब से कार्यभाल संभाली है जब से लगातार ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों एवं सचिवों पर दबाव बनाकर अनैतिक रूप से पैसे की मांग की जाती उनके द्वारा कहा जाता है की मैं 6 लाख देकर के यहां पार आई हूं मुझे पैसा चाहिए इसी कड़ी में जनपद पंचायत निवास के द्वारा दिनांक 19.8.2025 को एक पत्र जारी किया गया। जिसमें पांचवें वित्त एवं 15वां वित्त राशि की जांच की बात कही गई और 2 लाख की मांग की गई जिस विषय में ग्राम पंचायतो की प्रतिनिधियों ने विरोध दर्ज कराया था किंतु सचिवों को डराने धमकाने के भय भ्रमित होकर प्रत्येक ग्राम पंचायत के द्वारा 5000-5000 हजार रुपए की राशि इकट्ठे कराए गए जिसमें उनके द्वारा बताए गए संबंधित व्यक्ति के माध्यम से राशि पहुंचाई गई आवश्यकता पड़ने पर व्यक्ति का नाम भी बताया जा सकता है। जनपद पंचायत में पदस्थ पूर्व सीईओ दीप्ति यादव द्वारा जनपद सदस्य निधि से 8 पंचायत में स्ट्रीट लाइट के लिए 1-1 लाख टीएस कराया गया था जिसमें वर्तमान सीईओ श्रृद्धा सोनी के द्वारा राशि व्यय पर दबाव बनाते हुई सभी ग्राम पंचायतों से वह राशि अपने चहेते सप्लायर को एक मुस्त राशि का भुगतान कराया गया और कहा गया कि मेरा जनपद का पैसा है इसमें मेरा ही सप्लायर ही काम करेगा उनके सप्लायर द्वारा हरि सिंगौरी ग्राम पंचायत गुंदलाई ग्राम पंचायत में लाईट नही लगाई गई है और सिंगपुर ग्राम पंचायत में लगाया गया था परंतु वहां से निकाल कर कटंगसिवनी लगाया गया है ऐसे सभी ग्राम पंचायत में एस्टीमेट के आधार से कम लाइट लगाई गई है और बाजार में जानकारी लेने पर 15000 से 20000 हजार इसका रेट कम बताया जा रहा है परंतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत के संबंधित सचिवों को बुलाकर अपने चहेते सप्लायरों को एक मुस्त भुगतान करने दबाव बनाकर भुगतान कराया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवास श्रद्धा सोनी के द्वारा 10000 प्रत्येक ग्राम पंचायत के हिसाब से इकट्ठा कर लगभग लाख राशि की मांग की गई है एजेंसी द्वारा मना करने पर पुन: 5वित्त और लेजर बुक के संधारण के बहाने पत्र जारी करते हुए ग्राम पंचायत पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

3 दिसंबर को जनपद सदस्यों के कहने पर सहायक यंत्री एवं उप यांत्रियों को अत्यधिक दबाव बनाया गया है और ग्राम पंचायत में कोई भी निर्माण कार्य चाहिए हितग्राही मूलक हो या सार्वजनिक सभी का टीएस जनपद सदस्य के जानकारी के आधार पर किया जाएगा इस तरह से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवास ओर जनपद सदस्य द्वारा ग्राम पंचायत एजेंसी को परेशान किया जा रहा है। सरपंच प्रताड़ित परेशान होकर आज दिनांक को सामूहिक इस्तीफा सभी सरपंच दे रहे हैं जिसे स्वीकार करें। साथ ही ग्राम पंचायत के चाबी एवं सरपंच का सेल एक साथ 35 ग्राम पंचायतो के द्वारा आपको दे रहे है। आवेदन पर निष्पक्ष जांच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सीईओ को हटाए जाने के बाद ही संभव हो सकेगा अन्यथा तीन दिवस के पश्चात सभी ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि धरना प्रदर्शन पर मजबूर होंगे जिसका संपूर्ण जवाबदारी स्थानीय शासन प्रशासन की होगी।

# गांजा तस्करों को 8 साल कैद की सजा

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंडला के द्वारा अभियुक्तगण योगेश साहू पिता रमेश साहू उम्र 29 वर्ष निवासी संत निरंकारी भवन के सामने सत्यम कॉलोनी बिंझिया जिला मंडला, रोहित नंदा पिता लेखराम नंदा उम्र 20 वर्ष निवासी मंगलेश्वर मंदिर के पास ज्वालाजी वार्ड मंडला, अनिकेत नंदा पिता ब्रजमोहन नंदा उम्र 22 वर्ष निवासी मंगलेश्वर मंदिर के पास ज्वालाजी वार्ड मंडला, राजेश झारिया पिता गुड्डू झारिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पेटेगांव थाना महाराजपुर जिला मंडला को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी के अंतर्गत 8-8 वर्ष का कठोर कारावास एवं 40 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने



का निर्णय पारित किया। घटना के संबंध में लोक अभियोजक देवाशीष झा ने बताया कि 6 सितंबर 2024 को पुलिस थाना टिकरिया में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चार लडके माढोगड रोड के पास दो बडे चैन वाले थैलों में मादक पदार्थ गांजा के पैकेट रखे हुये है और बेचने की चर्चा आपस में कर रहे है जिस पर पुलिस थाना टिकरिया के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये दो स्वतंत्र साक्षियों को लेकर पुलिस ग्राम कुडामैली के लिये रवाना हुई जहां पर मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के 4 लडके पुलिस की गाडी देखकर भागने लगे जिनकी घेराबंदी कर पकडा गया पुलिस के द्वारा उनसे उनका नाम पता पूछे जाने पर चारो लडको ने अपना नाम क्रमश: योगेश साहू, रमेश नंदा, अनिकेत नंदा और राजेश झारिया होना बताया गया जिन्हें समीप ही एक दुकान की टीनशेड पर ले जाकर तलाशी ली गई पुलिस के द्वारा तलाशी लिये जाने पर अभियुक्त योगेश साहू के पास एक मोबाइल फोन और उसके हाथ में रखे हुये नीले रंग के चैन वाले बडे थैले में 9 खाकी रंग के टेप से लिपटे हुये पैकेट पाये गये इसी तरह अभियुक्त रोहित नंदा की तलाशी लिये जाने पर उसके कब्जे में रखे हुये थैले में भीं 9 खाकी रंग के टेप से लिपटे हुये पैकेट पाये गये। अभियुक्तगणों के विरूद्ध विशेष न्यायालय मंडला में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया न्यायालय में अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य दस्तावेजो एफ.एस.एल. रिपोर्ट व तर्क से सहमत होते हुये दिनांक 10.12.2025 को विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस.एक्ट मंडला के द्वारा चारो अभियुक्तगण दण्डित किये जाने का निर्णय पारित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक देवाशीष झा के द्वारा की गई।

## दो बहनों को मिली नई जिंदगी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम धुरंमर पोस्ट आमगांव (ब्लॉक निवास) के तेजलाल सिंगौरे के घर में जब उनकी दो नन्ही बेटियों दिव्यांशी (8 वर्ष) और जानवी 11 वर्ष के दिल में छेद होने की जानकारी मिली तो परिवार पर मानो पहाड़ टूट पड़ा। मासूम उम्र में ऐसी गंभीर बीमारी और ऊपर से आर्थिक तंगी परिजन असहाय और गहरे सदमे में पहुंच गए। बड़े अस्पतालों में इलाज कराना उनके लिए एक असंभव सा सपना था। लेकिन कठिनाई के इस अंधेरे में उम्मीद की किरण बनकर सामने आया राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम। एकीकृत धुरंमर शाला में पढ़ने वाली दोनों बहनों की बीमारी की पहचान ब्लॉक की आरबीएसके टीम ने स्कूल स्क्रीनिंग के दौरान की। स्थिति गंभीर जरूर थी पर इसका समाधान भी साथ था। आरबीएसके टीम के डॉ. अजय खंडेल ने बच्चियों के पिता को समझाया कि चिंता मत कीजिए, शासन की योजना के तहत आपकी बेटियों का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है यदि किसी भी बच्चे में दिल संबंधी कोई लक्षण दिखाई दें या हृदय में छेद जैसे गंभीर रोग की आशंका हो, तो उसे तुरंत जिला चिकित्सालय के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में रजिस्ट्रेशन कराएं। समय पर उपचार से कई बच्चों का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** फुलझर निवासी ग्राम देवरी तहसील नारायणगंज की 5 अगस्त को बलाई नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पुत्र देवसिंह के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## महायज्ञ पर गायत्री परिवार ने किया सम्मान



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों एवं सफल आयोजन में विशिष्ट सहयोग प्रदान करने वाले बिछिया के सहयोगियों का सम्मान किया गया है। गायत्री शक्तिपीठ के परिजनों का प्रतिनिधिमंडल बिछिया पहुंचा यहां पर सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश डेहरिया, अनुज राठौर, ब्रजेंद्र सिंह ठाकुर को संगठन की ओर से मंत्र-दुपट्टा नवयुग का संविधान एवं टेबल कैलेंडर भेंटकर आत्मीय सम्मान दिया गया। इस अवसर पर उन्हें अखण्ड ज्योति पत्रिका का सदस्य भी बनाया गया सम्मान ग्रहण करते हुए सभी सहयोगियों ने आगे भी मिशन के कार्यों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिजन उपेन्द्र पटेल एवं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गुरुचरण पटेल के बीच सौहार्दपूर्ण भेंट सम्पन्न हुई।

इस मुलाकात में संगठन के वर्तमान कार्यों, आगामी योजनाओं और क्षेत्रीय स्तर पर मिशन के सुदृढ़ीकरण को लेकर सार्थक व रचनात्मक चर्चा की गई दोनों वरिष्ठजनों ने विगत कार्यक्रम विशेषत: 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने में क्षेत्रीय परिजनों युवा शक्ति और स्थानीय सहयोगियों द्वारा दिए गए योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## अमल ज्योति स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

अमल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत मशाल प्रज्वलन से की गई। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन फ्लैग होस्टिंग तथा बैलून रिलीज कर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया। विद्यार्थियों की मनमोहक बैंड प्रस्तुति और अनुशासित परेड ने पूरे मैदान का माहौल रोमांचक बना दिया। महोत्सव में रिले रेस 100 मीटर दौड़, फैंसी रेस पैरेंट्स-चाइल्ड रेस



सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह और प्रतिस्पर्धा भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कलेक्टर ने कहा खेल केवल शरीर को नहीं बल्कि मन को भी मजबूत बनाते हैं। खेलों से अनुशासन, टीमवर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। हर छात्र को पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री कछवाहा ने छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा खेल बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का माध्यम हैं। ऐसे आयोजन बच्चों की ऊर्जा, प्रतिभा और प्रतिस्पर्धा की भावना को सही दिशा प्रदान करते हैं। महोत्सव की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# बड़े पैमाने पर कट रहे जंगल

### सिरबोझ की आड़ में वाहनों से हो रही लकड़ी की अवैध ढुलाई

### वन विभाग की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र में ठंड की दस्तक के साथ ही जलाऊ लकड़ी की मांग तेजी से बढ़ जाती है। इसी बढ़ती मांग का फायदा उठाते हुए जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला चिंताजनक रूप से तेज हो गया है। वन परिक्षेत्र नैनपुर के जंगलों से लकड़ी खुलेआम शहर व आस-पास के वार्ड-मोहल्लों तक पहुंचाई जा रही है। स्थिति यह है कि अब लोग सरेआम लकड़ियों के गट्ठर ढोते हुए साइकिलों और दोपहिया वाहनों पर भरकर लकड़ी को बाजारों तक पहुंचा रहे हैं। सिरबोझ छूट के स्थान पर वाहनों में ढुलाई की जा रही लकड़ी-स्थानीय लोगों का कहना है कि 'सिरबोझ' के नाम पर जलाऊ लकड़ी ले जाने की छूट तो दी गई है, लेकिन इसकी आड़ में बड़े पैमाने पर हो



रही अवैध कटाई और ढुलाई अब गंभीर रूप ले रही है। नियमानुसार सिरबोझ सिर्फ सिर पर रखकर लाई जाने वाली सीमित मात्रा की लकड़ी को कहा गया है, लेकिन वर्तमान में इस प्रावधान का दुरुपयोग करते हुए वाहन से ढुलाई आम हो चुकी है।

वन विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता से चल रहा खेल-वन विभाग द्वारा वाहनों से लाई जाने वाली लकड़ी पर कार्यवाही न किए जाने से लोगों में विभाग की निष्क्रियता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाए हैं कि अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते जंगल माफिया का मनोबल बढ़ गया है और परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र में लकड़ी चोरी व अवैध कटाई का जंगलराज कायम होता दिख रहा है।

सामाज सेवियो व ग्रामीणों का कहना है कि नगर के सामाज सेवी ईएन भारती का कहना है कि साइकिल, बाइक वाहनों में लकड़ी लादकर प्रतिदिन शहर में प्रवेश किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में नैनपुर के जंगलों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। पर्यावरण प्रेमियों ने भी गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि वन संपदा के निरंतर दोहन से स्थानीय जलवायु, जैव विविधता और वन्यजीवों के आवास पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने मांग की है कि विभाग तुरंत सख्त निगरानी, गश्त और कार्यवाही शुरू करे, ताकि अवैध कटाई पर रोक लग सके।

स्थानीय समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप की अपील जंगलों को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो सके। यदि हालात पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो यह अवैध गतिविधियां न केवल जंगलों का नुकसान करेंगी बल्कि भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट को जन्म देंगी।

## यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के उपलक्ष्य में सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

शासकीय चिकित्सालय नैनपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आहूत किया गया। माननीय नालसा नई दिल्ली द्वारा यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे-2025 के उपलक्ष्य में यह शिविर आयोजित था। जिसका उद्देश्य नागरिकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने से जुड़ा हुआ था। नागरिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा नागरिकों के स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन माननीय श्री विवेकानंद त्रिवेदी चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्रृंख्ला न्यायालय नैनपुर श्री आदिल अहमद खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीशगणों द्वारा उपस्थित जनमानस को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुये नागरिकों के स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों तथा अन्य शासकीय योजनाओं से अवगत कराया गया । तद्धपरांत न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं उपस्थित जनमानस का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त परीक्षण में लगभग 100 से अधिक व्यक्तियों को लाभांवित किया गया। शिविर में सुनील तिवारी अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता संघ नैनपुर, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर पैनल अधिवक्ता नैनपुर, राजीव चावला खंड चिकित्सा अधिकारी नैनपुर सहित समस्त चिकित्सक स्टॉफ एवं जनमानस उपस्थित रहे।



## शोभायात्रा के साथ भागवत कथा

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

पिण्डरई के पास तुईयापानी गांव में गुरूवार से श्रीमद भागवत कथा की शुरूआत की गई है। यह आयोजन 11 से 18 दिसम्बर तक चलेगा। जिसमें पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की संगीतमयी कथा सुनाई जाएगी। गुरूवार को पहले दिन कथा स्थल से धूमधाम के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बाजे-गाजे के साथ बड़ी संख्या में श्रृद्धालु धार्मिक गीतों की धुनों में थिरकते शामिल हुए थे। बताया गया कि प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक संस्कृत पाठ किया जाएगा वहीं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण की संगतमयी कथा सुनाई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की बात कही है।

## सुरक्षित मातृत्व अभियान 25 तक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माह की 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत महिला चिकित्सक जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवायें देंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहन्ती ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में दिये गये निर्देशानुसार जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने तथा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच निदान एवं परामर्श सेवाओं के कवरेज में सुधार की दृष्टि से प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जायेगा। जिसके लिए जिले में 20 स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं।

## जेंडर आधारित हिंसा पर जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पं. जवाहर लाल नेहरू नपा उच्चतर माध्यमिक शाला महाराजपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मण्डला में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले के द्वारा छात्रों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाया गया। टोल फ्री नंबर 181, 1098 एवं दूरभाष नंबर 07642-252699 जिला स्तर में संचालित कन्ट्रोल रूम पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। एवं छात्रों को हब एवं वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में भी बताया गया।

## उप चुनाव हेतु नियुक्ति

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगरपालिका उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद के उप निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची एवं प्रतीक चिन्ह के आवंटन के पश्चात् मुद्रणालय से समयावधि में मतपत्रों की रीडिंग से लेकर सम्पूर्ण मुद्रण कार्य के लिए शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय भोपाल से मतपत्रों को मुद्रित कराकर रिटर्निंग ऑफिसर नगरपालिका को सौंपे जाने के लिए जिला शिक्षा केन्द्र के प्रभारी सहायक संचालक मंगल सिंह करचाम एवं नगरपालिका के सहायक ग्रेड-3 संजय ठाकुर को नियुक्त किया गया है।

## मास्टर ट्रेनर हुए नियुक्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध के लिए अधिकारियों को मतदान दल एवं मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। नगरीय निकाय के लिए सहायक प्राध्यापक डॉ. सुदामा प्रसाद धूमकेती, सहायक प्राध्यापक दुर्गा शास महा अर्जुन सिंह बघेल एवं ग्रंथपाल शा.महि.महा. डीके रोहितास को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है।

संपादकीय

# कौन देगा जवाब?

चुनाव सुधार के मुद्दे पर लोकसभा में बहस के बाद भी कोई सुधार या संवैधानिक संशोधन सामने नहीं आया। सरकार की ओर से भी कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया कि अमुक सुधार किए जा सकते हैं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बहस थी। चुनाव सुधार की आड़ में 'वोट चोरी' का आरोप संसद के भीतर गूंजता रहा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत, सांठगांठ से चुनाव जीते जाने का बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो आपको ढूंढ कर दंडित किया जाएगा, क्योंकि 'वोट चोरी' के जरिए आपने 'लोकतंत्र-चोरी' का काम कराया है।

नेता प्रतिपक्ष ने इस कानूनी संशोधन पर भी सवाल उठाया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तय करने वाले पैनल में से देश के प्रधान न्यायाधीश को क्यों हटाया गया? चुनाव आयुक्तों के किसी भी फैसले अथवा काम के मद्देनजर उन्हें इम्युनिटी, कानूनी छूट, क्यों दी गई है? उनके खिलाफ कोई भी कानूनी केस दायर क्यों नहीं किया जा सकता? सीसीटीवी की फुटेज चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के 45 दिन बाद नष्ट क्यों की जाए? यह कानून गलत और भ्रामक है। हालांकि बीजेपी ने कांग्रेसी सत्ता के इतिहास को संसद में बताया कि कांग्रेस सरकार में प्रधानमंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन और नियुक्ति करते थे। बाद में उन्हें मंत्री भी बना दिया जाता था अथवा किसी उच्च ओहदे पर बिठा दिया जाता था। तब सत्ता न तो संसद और न ही देश के प्रति जवाबदेह होती थी। तब नेता प्रतिपक्ष को इतना भी अधिकार नहीं था कि वह अपनी 'असहमति' जता सकता। कमोबेश आज प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के चयन-पैनल में विपक्ष का प्रतिनिधि अपनी असहमति का नोट तो दर्ज करा सकता है।

कांग्रेस के ही वरिष्ठ सांसद मनीष तिवारी ने व्याख्या की कि एक साथ कई राज्यों में या एक ही पूर्ण राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण नहीं कराया जा सकता। चुनाव आयोग को यह संवैधानिक अधिकार प्राप्त है कि जहां उसे मतदाता सूची में विसंगति लगे, वह उसी क्षेत्र में एसआईआर का अभियान शुरू कर सकता है। यह बहस सर्वोच्च अदालत में भी उभर कर सामने आई है। एसआईआर को देश के 'जनप्रतिनिधित्व कानून' का उल्लंघन करार दिया गया है। आज 2025 में कई राज्यों में मतदाताओं से पूछा जा रहा है कि उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था अथवा नहीं। अर्थात् मतदाता को पुष्टि करनी है कि अतीत में वह मतदाता रहा था। दरअसल मतदाताओं को न तो पुरानी मतदाता सूची उपलब्ध है और न ही चुनाव आयोग के पोर्टल और वेबसाइट काम कर रहे हैं। यह पुष्टि देश का औसत मतदाता कैसे कर सकता है? 2003 या इतने पुराने मतदाता की पुष्टि सिर्फ चुनाव आयोग ही कर सकता है, क्योंकि उसके पास तमाम रिकॉर्ड हैं और वह मतदान कराता आया है। लिहाजा सर्वोच्च अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने एसआईआर को एक 'असंवैधानिक प्रक्रिया' करार दिया है। सर्वोच्च अदालत को इस संदर्भ में अपनी व्याख्या देनी है। चूंकि संसद में 'वोट चोरी' का गंभीर आरोप गूंजा है, लिहाजा सवाल है कि उसका जवाब कौन देगा? चुनाव आयोग संसद में आकर जवाब दे नहीं सकता। हालांकि कुछ मसलों पर चुनाव आयोग को जवाब देना है।

# 24 घंटे के अंदर आपत्तिजनक डीपफेक हटेगा

प्रभात सिन्हा

तेजी से बदलते तकनीकी संसार में आज बड़ा प्रश्न सिर्फ यह नहीं है कि तकनीक के क्या फायदे हैं, बल्कि यह भी है कि इसके क्या नुकसान हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के विकास ने चिकित्सा, शिक्षा, शोध और शासन के क्षेत्र में चमत्कारिक संभावनाओं को जन्म दिया है, तो इसने एक ऐसा खतरा भी उत्पन्न किया है जो वास्तविकता और झूठ के बीच की दीवार को लगभग गिरा चुका है। यह खतरा है डीपफेक तकनीक। इसी गंभीर चुनौती को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों लोकसभा में शिवसेना सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे ने ऐतिहासिक विधेयक डीपफेक विनियमन बिल, 2024 पेश किया। यह प्रस्तावित कानून न केवल देश की डिजिटल संरचना को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इसे विश्व स्तर पर डीपफेक नियंत्रण के नीति निर्माण की प्रक्रिया में भारत की मजबूत उपस्थिति के रूप में भी देखा जा रहा है। डीपफेक तकनीक के तहत ऑडियो, वीडियो या फोटो के क्षेत्र में ऐसी सिंथेटिक सामग्री तैयार होती है, जिसे देखकर आम आदमी ही नहीं, विशेषज्ञ भी भ्रमित हो जाते हैं। इसमें व्यक्ति की आवाज, चेहरे के भाव और बोलने का तरीका- सब कुछ वास्तविक प्रतीत होता है। डीपफेक में सोशल मीडिया से व्यक्ति की तस्वीरें ली जाती हैं और जेनरेटिव एडवर्सेरियल नेटवर्क तकनीक से नकली सामग्री तैयार की जाती है। डीपफेसलैब, डीपस्वैप और जाओ जैसे कई सॉफ्टवेयर कुछ ही घंटों में आज डीपफेक वीडियो बना सकते हैं।

यह तकनीक फिल्म पुनर्निर्माण, शिक्षा और शोध में उपयोगी साबित हो सकती है, पर इसका दुरुपयोग खतरनाक है। मसलन, राजनीतिक प्रोपेगेंडा, अफवाह, मानहानि, साइबर अपराध, और महिलाओं के खिलाफ डिजिटल यौन हिंसा में इसका दुरुपयोग किया जाता है। चिंताजनक है कि 96 प्रतिशत डीपफेक वीडियो अश्लील सामग्री के होते हैं, और इनमें से अधिकांश में महिलाओं को निशाना बनाया जाता है। विदेशी शक्तियां प्रोपेगेंडा फैलाने और सामाजिक विभाजन बढ़ाने के लिए इसका दुरुपयोग कर सकती हैं।

संसद में जो डीपफेक विनियमन विधेयक पेश किया गया है, उसमें कई प्रावधान किये गये हैं, जैसे सहमति की अनिवार्यता-यानी किसी व्यक्ति की छवि, आवाज या वीडियो का उपयोग करने से पहले पूर्वलिखित अनुमति अनिवार्य होगी। डिजिटल वॉटरमार्क-एआइ से बनायी गयी सभी सामग्री पर अनिवार्य लेबलिंग होगी। वाटरमार्क कंटेंट के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से में दिखना चाहिए। राष्ट्रीय डीपफेक टास्क फोर्स-डीपफेक की पहचान, रोकथाम और नयी तकनीकें विकसित करने के लिए विशेष टास्क फोर्स के गठन की बात है। कठोर दंड- दुर्भावनापूर्ण इरादे से डीपफेक बनाने पर



कठोर सजा होगी।

चुनाव के समय या महिलाओं के खिलाफ अश्लील डीपफेक बनाने पर विशेष रूप से सख्त कार्रवाई होगी। डिजिटल साक्षरता अभियान-व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को डीपफेक की पहचान करने के तरीके सिखाये जायेंगे। सोशल मीडिया की जिम्मेदारी-प्लेटफॉर्म्स को 36 घंटे में आपत्तिजनक डीपफेक हटाना होगा। गंभीर मामलों में यह समयसीमा 24 घंटे होगी। डीपफेक विनियमन बिल भारत की डिजिटल सुरक्षा यात्रा में मील का पत्थर साबित हो सकता है, लेकिन इसकी राह चुनौतियों से खाली नहीं है।

डीपफेक अपराधों की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि इनमें से अधिकांश सामग्री सीमापार सर्वरों, विदेशी तकनीकी प्लेटफॉर्मों और डार्क वेब जैसे गुप्त नेटवर्कों के जरिये प्रसारित होती है, जहां पहचान छिपाना आसान और कार्रवाई करना लगभग असंभव जैसा हो जाता है। स्पष्ट तौर पर डीपफेक पहचान की तकनीक 100 प्रतिशत सटीक नहीं है। हजारों ज्ञात और अज्ञात प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी रखना व्यावहारिक रूप से कठिन है। सोशल मीडिया कंपनियों को समय रहते अवैध कंटेंट हटाने, सत्यापन और रिपोर्टिंग के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करना होगा, पर यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वैध रचनात्मक अभिव्यक्ति, व्यंग्य, कला, शोध, आलोचना और फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्र अनजाने में सेंसरशिप के दायरे में न आने लगें।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय तेजी से डीपफेक से होने वाले नुकसान को रोकने के लिये कानून और नीतियों को मजबूत कर रहा है। यूरोपीय संघ ने एआइ एक्ट के तहत सख्त पारदर्शिता नियम, मशीन-पठनीय लेबलिंग और करोड़ों यूरो के दंड का प्रावधान किया है। ब्रिटेन ने ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट लागू कर अंतरंग डीपफेक पर सीधे आपराधिक मुकदमे की राह खोल दी है, जबकि अमेरिका में टेक इट डाउन एक्ट और राज्य स्तरीय कानून राजनीतिक, अश्लील और धोखाधड़ी आधारित डीपफेक को तत्काल हटाने और सजा की व्यवस्था लागू कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय तेजी से डीपफेक से होने वाले नुकसान को रोकने के लिये कानून और नीतियों को मजबूत कर रहा है। यूरोपीय संघ ने एआइ एक्ट के तहत सख्त पारदर्शिता नियम, मशीन-पठनीय लेबलिंग और करोड़ों यूरो के दंड का प्रावधान किया है। ब्रिटेन ने ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट लागू कर अंतरंग डीपफेक पर सीधे आपराधिक मुकदमे की राह खोल दी है, जबकि अमेरिका में टेक इट डाउन एक्ट और राज्य स्तरीय कानून राजनीतिक, अश्लील और धोखाधड़ी आधारित डीपफेक को तत्काल हटाने और सजा की व्यवस्था लागू कर रहे हैं।

कनाडा जागरूकता अभियानों के साथ कानूनी ढांचा सुदृढ़ कर रहा है, वहीं डेनमार्क और चीन सहमति-आधारित उपयोग, पहचान सत्यापन और सोशल मीडिया जिम्मेदारी पर जोर देकर सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। पर केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है। लोगों को डिजिटल दुनिया में सच और भ्रम के बीच का फर्क बताना होगा, इसी उद्देश्य से स्कूलों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाना, महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा कार्यक्रम और चुनावी अवधि में संदेहास्पद सामग्री पहचानने के प्रशिक्षण जैसे कदम अनिवार्य हो जाते हैं। छात्रों, आम जनता और डिजिटल उपयोगकर्ताओं को यह सिखाना होगा कि डीपफेक की पहचान कभी-कभी छोटी-छोटी विसंगतियों, जैसे पलक झपकने के अप्राकृतिक पैटर्न, चेहरे के हावभाव और आवाज के मेल न खाने, या होंठों की गतियों में असंतुलन से भी की जा सकती है।

डीपफेक विनियमन बिल केवल एक विधेयक नहीं, डिजिटल भारत का नैतिक संविधान बन सकता है। यह आधुनिक तकनीक के लाभों को अपनाते हुए उसके दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का प्रयास है। हमारा देश डिजिटल क्रांति के अगले चरण में प्रवेश कर चुका है, और विधेयक सुनिश्चित करेगा कि यह यात्रा सुरक्षित, पारदर्शी और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ आगे बढ़े। नागरिकों को भी जिम्मेदार और जागरुक बनना होगा। संदिग्ध वीडियो को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने, डीपफेक का पता चलते ही तुरंत रिपोर्ट करने और अपने परिवार व दोस्तों को शिक्षित करने की जरूरत है। डिजिटल युग में सत्य-असत्य के बीच की लड़ाई तेज हो गयी है। पर यदि हम जागरूक रहें, कानून का पालन और एक-दूसरे की मदद करें, तो इस चुनौती से निपट सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता



आदित्य नारायण चौपड़ा


लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अमेरिका और भारत के बीच हो रही ट्रेड डील बातचीत पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। उम्मीद दिखाई दे रही है कि दोनों देश मिलकर एक निष्पक्ष और फायदेमंद बहुक्षेत्रीय व्यापार समझौता जल्द कर लेंगे। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों में बाजार पहुंच, ट्रेड बैरियर, कृषि उत्पाद, सेवाओं का व्यापार, निवेश और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों देश अपने मतभेदों को कम करते हुए ऐसे व्यवहारिक समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं जो दोनों की अर्थव्यवस्था के लिएबेहतर हों। व्यापार वार्ता में भारत की कमान अब दर्पण जैन सम्भाल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीयर का कहना है कि अमेरिकी किसानों की भारतीय बाजारों में पहुंच बढ़ाने को लेकर भारत ने अब तक सबसे अच्छा प्रस्ताव दिया है। खासकर ज्वार और सोया जैसी फसलों पर बाजार खोलने पर चर्चा चल रही है। भारत अमेरिकी वस्तुओं के लिए एक वैकल्पिक बाजार बन सकता है। ग्रीयर का यह बयान आने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चावल पर नए टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने भारत से कहा था कि वह अमेरिका में अपने चावल की डंपिंग नहीं करेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की मदद का ऐलान करते हुए कहा कि भारत से सस्ता चावल आने की वजह से अमेरिका का चावल उत्पादक परेशान है और उनके दाम गिर रहे हैं। भारत ने क्या प्रस्ताव दिया है इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन इतना तय है कि भारत कृषि उत्पादों को लेकर बहुत सतर्क है और वह अमेरिका को कोई भी अनुचित छूट देने को तैयार नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ट्रेड डील पर भारत एक सख्त वार्ताकार साबित हुआ है। अमेरिकी प्रतिनिधि स्वीकार कर रहे हैं कि भारत के कृषि क्षेत्र में खासकर राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में घुसना आसान नहीं है। भारत कुछ फसलों मांस और डेयरी उत्पादों के आयात का विरोध करता है। भारत को अपने किसानों की चिंता है। कृषि और डेयरी उत्पाद ट्रेड डील में रोड़ा बने हुएहैं। अगर अमेरिकी फसलें और दूध उत्पाद भारत आते हैं तो भारत के किसानों का क्या होगा। भारत में किसान मुद्दे पहले से ही काफी संवेदनशील बने हुएहैं। मक्का, सोयाबीन, गेहूं, कपास, चावल, गन्ना, ज्वार और केनोला जैसी फसलें वैश्विक वस्तुएं हैं और यह किसानों और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं। भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। यदि अमेरिका साझेदारी को लेकर गंभीर है तो उसे सबसे पहले भारतीय निर्यात पर लगाए गएदंडात्मक शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 20-25 प्रतिशत करना चाहिए और रूस से तेल खरीद को लेकर दबाव को कम करना चाहिए। अमेरिका भारत को कृषि निर्यात बढ़ाने के चक्कर में है जबकि भारतीय निर्यात के लिएबाजार पहुंच को लेकर अमेरिका स्पष्ट रुख नहीं अपना रहा। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया भर में गेहूं की सप्लाई लगभग 1.10 अरब टन के करीब पहुंच गई है। ऐसे में अमेरिका भारत को अपने कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए एक बड़े बाजार के तौर पर देख रहा है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) ने भी ग्लोबल अनाज सप्लाई के अपने अनुमान को बढ़ाया है। इससे सप्लाई की चिंता कम हुई है। वहीं, भारत जैसे प्रमुख बाजारों के लिए निर्यातकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ने की संभावना है।

यूएसडीए की दिसंबर की 'वर्ल्ड एग्रीकल्चरल सप्लाई एंड डिमांड एस्टिमेट्स' रिपोर्ट में 2025-26 के लिए ग्लोबल गेहूं सप्लाई का अनुमान 75 लाख टन बढ़ाकर लगभग 1.10 अरब टन कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी कई बड़े निर्यात देशों में ज्यादा उत्पादन के कारण हुई है। कनाडा में उत्पादन का अनुमान 30 लाख टन बढ़कर 400 लाख टन हो गया है, जो सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इसके बाद अर्जेंटीना, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया और रूस का नंबर आता है। यद्यपि भारत अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। भारत को नएबाजार भी मिल रहे हैं लेकिन भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ रहा है जो चिन्ता का विषय है। आयात बिल बढ़ने के कई कारणहैं। इनमें सोने की कीमतों में तेजी, कच्चे तेल के ऊंचे दाम और इलैक्ट्रोनिक कम्पोनेंट्स के लिए निर्भरता शामिल है। यह तीनों चीजें भारत आयात करता है। इनके ट्रिपल अटैक को रुपए के कमजोर होने ने और हवा दे दी है। परिणामस्वरूप देशके व्यापार घाटे पर फिर से दबाव कायम हो गया है। भारत और अमेरिका के अधिकारी दो अलग-अलग वार्ताएं कर रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य टैरिफ से संबंधित एक ढांचागत व्यापार समझौता और एक व्यापक व्यापार समझौता तैयार करना है। फरवरी में नेतृत्व के निर्देशों के बाद, 2025 के पतझड़ तक प्रारंभिक चरण को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से बातचीत शुरू हुई। चर्चा छह दौरों से गुजर चुकी है, जिसका अंतिम उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 191 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर करना है।

2024-25 में, अमेरिका लगातार चौथे वर्ष भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदार के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल रहा, द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर (86.5 बिलियन डॉलर निर्यात) तक पहुंच गया। भारत के व्यापारिक पोर्टफोलियो में अमेरिका का महत्वपूर्ण योगदान है। कुल माल निर्यात का 18 प्रतिशत, आयात का 6.22 प्रतिशत और कुल व्यापारिक वस्तुओं का 10.73 प्रतिशत। निर्यातकों ने इस समझौते के महत्व पर विशेष बल दिया है, क्योंकि भारत से अमेरिका को होने वाले व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात में लगातार दो महीनों से गिरावट देखी गई है, अक्टूबर में यह गिरावट 8.58 प्रतिशत घटकर 6.3 अरब डॉलर रह गई, जिसका कारण वाशिंगटन द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ हैं। भारत रचनात्मक रूप से बातचीत कर रहा है लेकिन किसानों या छोटे उद्योगों की कीमत पर नहीं। मोदी सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह पारस्परिक और आपूर्ति श्रृंखला में साझेदारी चाहती है न कि एक तरफा रियायतें और वह रूसी कच्चे तेल को नहीं छोड़ेगी जिसे वह ऊर्जा, सुरक्षा के लिए बेहतर मानती है। देखना होगा कि ट्रेडवार्ता पर कोई खुशनुमा खबर मिलती है। इसके लिएजरूरी है कि अमेरिका भी अपने रवैये में अनुकूल बदलाव करे।

# अपनी बुराई सुनकर परेशान नहीं होना चाहिए, अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें



प्रेरक-प्रसंग

शिष्य के सामने लोग कर रहे थे उसके गुरु की बुराई, शिष्य ने अपने गुरु को ये बात बताई तो उन्होंने सुनाई हाथी की कहानी-

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुई तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

# अमेरिका ने पाक पर लगाया करोड़ों डॉलर का दाँव, बलूचिस्तान के बारूद पर बैठकर सोना खोदेंगे ट्रंप



नीरज कुमार दुबे

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं**

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है।

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के सबसे अस्थिर और विद्रोह-ग्रस्त प्रांत बलूचिस्तान में स्थित रिकोडिक तांबा-सोना खदान के लिए 1.25 अरब डॉलर के यूएस ईएक्सआईएम बैंक वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। यह वही परियोजना है जिसे वर्षों से सुरक्षा संकट, राजनीतिक विवाद और बलूच विद्रोहियों की हिंसा ने कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस निवेश के साथ निकट भविष्य में 2 अरब डॉलर तक की अमेरिकी मशीनरी और सेवाएँ पाकिस्तान भेजी जाएँगी। अमेरिकी चार्ज द'अफ़ेयर्स नटाली बेकर ने कहा है कि यह परियोजना अमेरिका के लिए 6,000 और बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियाँ उत्पन्न करेगी। उन्होंने रिकोडिक को दोनों देशों के लिए लाभकारी आदर्श मॉडल बताया है।

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है। इस परियोजना का 50% मालिकाना बैरिक के पास है, जबकि पाकिस्तानी संघीय व बलूचिस्तान सरकार के पास 25-25% हिस्सेदारी है। रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना से 37 वर्षों में 70 अरब डॉलर से अधिक मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न होने की संभावना है।

हालाँकि, सुरक्षा खतरे सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बलूच विद्रोही गुट लगातार सेना, खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश पर हमले करते रहे हैं। हाल ही में बलूच नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी निवेशक बलूचिस्तान के कब्जे को वैधता देने की गलती नहीं करे। बलूच नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष नसीम बलूच ने इसे बलूच जनता की संपत्ति पर पाकिस्तानी कब्जे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।



इसी बीच विश्व बैंक की आईएफसी, एशियन डेवलपमेंट बैंक और अन्य वैश्विक उधारदाता 2.6 अरब डॉलर से अधिक का वित्त पैकेज जोड़ रहे हैं। साथ ही सऊदी अरब की मनारा मिनरल्स भी 10-20% हिस्सेदारी खरीदने पर बातचीत कर रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल वही है कि क्या पाकिस्तान इतने लंबे समय तक सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और राजनीतिक स्थिरता की गारंटी दे पाएगा? देखा जाये तो अमेरिकी निवेश ऐसे समय में आया है जब वाशिंगटन चीन-प्रभुत्व वाली खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं से बाहर निकलने के लिए नए स्रोत तलाश रहा है। फिर भी, रिकोडिक पर यह दाँव एक हाई-रिस्क जुआ माना जा रहा है।

यह भी देखने में आ रहा है कि रिकोडिक में अमेरिकी निवेश सिर्फ आर्थिक सौदा नहीं बल्कि यह भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर फेंकी गई भारी-भरकम चाल है। पाकिस्तान इसे बड़ी जीत बताकर छाती ठोक रहा है पर असलियत यह है कि अमेरिका ने यह पैसा दक्षिण एशिया के सबसे अस्थिर इलाके में आग से खेलने के अंदाज़ में डाला है। सवाल यह नहीं कि अमेरिका क्यों आया? सवाल यह है कि वह इतना देर से और इतनी जगह पर क्यों आया?

हम आपको बता दें कि यह निवेश उस समय हो रहा है जब बलूचिस्तान में विद्रोह चरम पर है। बलूच नेता साफ चेतावनियाँ दे रहे हैं कि यह निवेश उनके लिए शोषण का नया अध्याय है। बलूच नेता कह रहे हैं कि प्रांत में दशकों से मौजूद असंतोष और सैन्य दमन को देखते हुए कोई भी समझदार निवेशक पहले सौ बार सोचे। लेकिन अमेरिका ने शायद जानबूझकर जोखिम को स्वीकार कर लिया है। ऐसा लगता है कि यह सौदा पाकिस्तानी नहीं, बल्कि अमेरिकी एजेंडे का हिस्सा है। दरअसल, अमेरिका का असली मकसद है चीन को पछाड़ना। आज की सच्चाई यह है कि दुनिया में तांबा, सोना और अन्य क्रिटिकल मिनरल्स नई सदी का तेल बन चुके हैं। चीन खासकर अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में इस क्षेत्र में भारी पकड़ बना चुका है। अमेरिका बड़ी तेजी के साथ नए स्रोत ढूँढ़ रहा है और पाकिस्तान का रिकोडिक, जो तिब्बती-ईरानी खनिज बेल्ट का हिस्सा है वह अमेरिकी रणनीति में एक खूबसूरत चेकमेट जैसा दिखता है।

इसके साथ ही बलूचिस्तान का भौगोलिक महत्व इस कदम को और तीखा बनाता है। ईरान की सरहद पास है, अफ़ग़ानिस्तान की अनिश्चितता बगल में है, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर ठीक सिर के ऊपर है। ऐसे में अमेरिका एक ही प्रहार में चीन को संकेत देता है कि हम अभी भी आपके बगल में मौजूद हैं और आपके बंदरगाह (ग्वादर) के पीछे की जमीन पर निवेश करने की ताकत रखते हैं।


वहीं पाकिस्तान इस निवेश को आर्थिक राहत समझ रहा है, लेकिन असल में वह एक रणनीतिक जाल में फँसता दिख रहा है। देश की सुरक्षा एजेंसियों का इतिहास बताता है कि वह बलूचिस्तान को सेना-प्रभुत्व वाला इलाका मानती हैं। पर विदेशी निवेश वहीं चलता है जहाँ जनता को न्यूनतम सहमति या सुरक्षा मिले। यह दोनों ही पाकिस्तान के पास नहीं हैं। रिकोडिक के लिए न रेल लाइन है, न स्थायी सड़कें, न विश्वसनीय सुरक्षा तंत्र। ऊपर से बलूचिस्तान में हर विदेशी निवेश, चाहे चीनी हो, सऊदी हो या अब अमेरिकी, यह विद्रोही गुटों का प्राथमिक निशाना बन जाता है। सवाल उठता है कि कनाडा की बैरिक गोल्ड इतने वर्षों में हिल-डुल भर नहीं सकी तो अमेरिका किस आत्मविश्वास से यहां आ रहा है?

अमेरिका के इस क्षेत्र में आने से यह भी आशंका है कि चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा नई तीव्रता पर पहुँचेगी। दरअसल, अमेरिका रिकोडिक को चीन की आपूर्ति श्रृंखला का प्रभुत्व तोड़ने के लिए इस्तेमाल करेगा। ऐसे में पाकिस्तान दोनों महाशक्तियों के बीच रस्साकशी में फँस जाएगा। इस परियोजना से ईरान भी असहज होगा क्योंकि अमेरिका समर्थित विशाल रणनीतिक परियोजना उसकी सीमा के ठीक पास उभरना तेहरान को बिल्कुल रास नहीं आएगा। साथ ही अमेरिकी परियोजना से अफगानिस्तान का प्रभाव भी बढ़ेगा क्योंकि इसकी सुरक्षा और आपूर्ति रूट तालिबान द्वारा नियंत्रित इलाकों के बेहद करीब हैं। तालिबान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। साथ ही इस परियोजना से बलूच विद्रोह को नई ऊर्जा मिलेगी। विदेशी निवेश उनके लिए हमेशा दमन के नए प्रतीक के रूप में देखा गया है। परिणामस्वरूप सुरक्षा स्थिति और बिगड़ सकती है।

बहरहाल, यह निवेश पाकिस्तान के लिए आर्थिक संजीवनी नहीं बल्कि शक्ति के वैश्विक खेल में एक गैंबलिंग चिप है। अमेरिका को चाहिए क्रिटिकल मिनरल्स, पाकिस्तान को चाहिए डॉलर, लेकिन बलूचिस्तान को चाहिए न्याय, अधिकार और सुरक्षा जो किसी भी सौदे में शामिल नहीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रिकोडिक आने वाले वर्षों में दक्षिण एशिया की नई भू-रणनीतिक लड़ाई का केंद्र बन सकता है। साथ ही अगर पाकिस्तान ने बलूचिस्तान की राजनीतिक समस्या को सैन्य तरीके से संभालने की भूल जारी रखी, तो अमेरिकी निवेश भी उसी तरह डूबेगा जैसे पहले के तमाम विदेशी प्रोजेक्ट डूब चुके हैं। यह सही है कि अमेरिका ने एक बड़ा दाँव लगाया है लेकिन यह भी सच्चाई है कि यह दाँव जितना चमकदार दिखता है, उतना ही बारूद के ढेर पर रखा हुआ है।

# क्या है ऑपरेशन सीपीबी, तीन तरफ से भारत को घेरने की प्लानिंग पर सबसे बड़ा खुलासा

नई दिल्ली



साउथ एशिया में अब जियोपॉलिटिकल तस्वीर तेजी से बदल रही है। इस क्षेत्र में हर बड़ा देश अपनी पकड़ मजबूत करने में लगा है। एक ओर भारत है और एक और चीन है। कई देश आज भारत के साथ खड़े हैं और ठीक वैसे ही कई देश चीन के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान उन देशों में है जो चीन के सहारे लगातार भारत के खिलाफ साजिश रचने का काम करता है। चीन और पाकिस्तान पूरे साउथ एशिया क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए एक नई चाल चल रहे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के बीच एक नया गठबंधन बन रहा है और उसमें अब वो देश भी शामिल हो रहा है जो कभी भारत का बेहद करीबी हुआ करता था। हाल के दिनों में चीन पाकिस्तान मिलकर बांग्लादेश को अपने पाले में लाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और यह कहना गलत भी नहीं होगा कि यूनुस के सत्ता संभालने के बाद यह होता दिखाई भी दे रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने एक प्रस्ताव रखा है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशियाई देशों के बीच गठबंधन को नया रूप देना और भारत के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को चुनौती देना है। इस कोशिश के पीछे चीन की भूमिका दिखाई दे रही है और इस नए समीकरण में अब बांग्लादेश भी शामिल होता दिखाई दे रहा है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शाकडार ने खुद इस बात की ओर इशारा किया है कि पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय पहल शुरू हो चुकी है। इसके आगे अन्य दक्षिण एशियाई देश भी शामिल हो सकते हैं। डार ने इसे एक वेरिएबल जियोमेट्री मॉडल कहा। यानी वह साझेदारी वाली समूह जिसमें तकनीक कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। सार्क यानी दक्षिण एशियाई देशों की मल्टीलटरल संस्था और यह लगभग 10 साल से इनक्टिव है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि बांग्लादेश का झुकाव अब पाकिस्तान और चीन की ओर जा रहा है।

बांग्लादेश है जिसकी आजादी के लिए पाकिस्तान से भारत ने जंग लड़ी थी। जिस देश ने बांग्लादेशी आवाम को सबसे ज्यादा प्रताड़ित किया था। आज वो उसका सबसे करीबी बन गया है। अच्छा यह पहले ऐसा नहीं था। बांग्लादेश में 2024 में शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद यह समीकरण बदले हैं। हसीना के समय में बांग्लादेश ने भारत और चीन दोनों के साथ संतुलन बनाने की कोशिश की थी। भारत से रिश्ते बहुत अच्छे थे और पूरे क्षेत्र में एक संतुलन बना हुआ था और क्योंकि उन्होंने भारत चीन के साथ अच्छे रिश्ते बनाए थे तो इससे ढाका को भी काफी लाभ मिला था।

चीन सुपरपावर मॉडल पर काम कर रहा है। सालों से अमेरिका दुनिया में अपने ब्लॉक के देशों की संख्या बढ़ा रहा है। चीन का आउटरीच अब हमारे पड़ोस तक आ चुका है। पाकिस्तान व बांग्लादेश के साथ सार्क को बदल कर नया गठजोड़ बना रहा है। दक्षिण एशिया में पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा चमचा है। बांग्लादेश को भी पाकिस्तान ने साध कर चीन के पाले में बैठा दिया है। नेपाल, भूटान और श्रीलंका पर भी चीन की छाया पड़ चुकी है। अब भारत को काउंटर पॉलिसी पर काम करना होगा। यानी नेबरहुड फर्स्ट। पहले पड़ोस की सुध लेनी होगी।

## सोमालिया में विशेष सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 30 नागरिक मारे गये

मोगादिशु, (वार्ता )। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु से 40 किलोमीटर (24.8 मील) दूर अफगोये शहर के पास सोमाली विशेष बलों के एक अभियान के दौरान 30 से ज़्यादा आम लोग मारे गए और 100 से ज़्यादा घायल हुए हैं। सोमालिया के गारोवे अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि विशेष बलों ने मंगलवार शाम को आतंकवादियों को लक्षित करके एक अभियान चलाया था। लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि इलाके में कोई आतंकवादी नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में कुछ इमारतें तबाह हो गईं और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े।

# 18 महीनों में 64 शर्तें, पाकिस्तान को कर्ज के बदले आईएमएफ के वो कंडीशंस जिसे पूरा करने में निकलेगा दम

इस्लामाबाद



अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए 11 नई शर्तें जोड़कर नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान पर अपने 7 अरब डॉलर के राहत पैकेज को लेकर और दबाव बढ़ा दिया है। आईएमएफ द्वारा 1.2 अरब डॉलर जारी करने की मंजूरी के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया यह कदम, उन शर्तों की कुल संख्या 64 तक पहुंचाता है जिनका पाकिस्तान को 18 महीनों के भीतर पालन करना होगा। पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था आईएमएफ और विश्व बैंक से मिलने वाली बाहरी वित्तीय सहायता पर काफी हद तक निर्भर है।

2024 में आईएमएफ द्वारा 7 अरब डॉलर के राहत पैकेज को बढ़ाने के बाद पाकिस्तान मुश्किल से ऋृण डिफ़ॉल्ट से बचा था। पाकिस्तान आईएमएफ के सबसे बड़े ऋृणकर्ताओं में से एक है और पिछले साल से अब तक लगभग 3.3 अरब डॉलर प्राप्त कर चुका है। हालांकि, जैसा कि कहा जाता है, मुफ्त में कुछ नहीं मिलता। आईएमएफ ने पाकिस्तान पर शासन व्यवस्था की विफलताओं को कम करने और कर प्रणाली में सुधार करने के लिए 11 अतिरिक्त शर्तें लगाई हैं। पहली शर्त, जिसे इस वर्ष के अंत तक लागू किया जाना आवश्यक है, वरिष्ठ संघीय सिविल सेवकों की संपत्ति की घोषणा करना है। यह आवश्यकता बाद में प्रांतीय अधिकारियों पर भी लागू की जाएगी।

# स्पेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक होगा

मैड्रिड, (वार्ता)

स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है। इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना है।

यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए %डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी% को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा। बयान में कहा गया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अंतरराष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक के बाद स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मंत्री ऑस्कर लोपेज ने घोषणा की कि स्पेन उम्र प्रमाणन तकनीक का इस्तेमाल शुरू करने वाले पहले यूरोपियन युनियन (ईयू) देशों में से एक बन गया है।

देश के पायलट प्रोजेक्ट की यूरोपीय आयोग और तीन दूसरे देश जांच कर रहे हैं। कानून और टूल को मंजूरी मिलने के बाद योजना को 2026 में लागू करने की उम्मीद है। गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया ने गत 9 दिसंबर को 16 साल से कम उम्र के लोगों के लिए इंस्टाग्राम, फेसबुक (दोनों रूस में कट्टरपंथ के लिए बैन हैं), थ्रेड्स, स्नैपचैट, टिकटॉक, एक्स, यूट्यूब, रेडिट, किक और ट्विच जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संदर्भ में जो सोशल मीडिया कंपनियां 16 साल से कम उम्र के उपभोक्ताओं के अकाउंट ब्लॉक नहीं करतीं उन पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर (अमेरिकी डॉलर 32.9 मिलियन) तक का जुर्माना लग सकता है।

# किसानों की आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, यह अमानवीय होगा : शिवराज

नयी दिल्ली, (वार्ता)

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि यह अमानवीय होगा। पंजाब से आम आदमी पार्टी के संत बलबीर सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न में पूछा था कि पिछले 15 साल में देश में किते किसानों ने आत्महत्या की है।



उन्होंने उसका राज्यवार विवरण भी मांगा था। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि एक भी आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण कई बार अलग-अलग पेशों में काम करने वाले आत्महत्या करते हैं।

उन्होंने कहा, किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हरसंभव प्रयत्न कर रहे हैं। मैं आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। वह अमानवीय होगा क्योंकि तब कितनी होती थी, अब कितनी होती है यह कहना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। लेकिन हमारा संकल्प है कि एक-एक व्यक्ति मानवीय गरिमा के साथ अपना जीवन जिये और उसमें हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आत्महत्या के कई कारण होते हैं, कई बार विद्यार्थी भी कर लेते हैं, पेशेवर भी कर लेते हैं, व्यापारी भी कर लेते हैं, गृहिणियां भी कर लेती हैं। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री चौहान ने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। साल 2014 की तुलना में उत्पादन 44 प्रतिशत बढ़ा है। सरकार उत्पादन की लागत घटाने के भी उपाय कर रही है। किसानों को दो लाख करोड़ रुपये उर्वरक सब्सिडी के रूप में दी जा रही है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4.09 लाख करोड़ रुपये दिये गये हैं। फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 1.9 लाख करोड़ रुपये की मदद दी गयी है। किसान क्रेडिट कार्ड पर 15 लाख करोड़ रुपये के ऋृण दिये गये हैं।

फसल बीमा योजना लागू न करने के लिए पंजाब सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किया होता तो हाल की बाढ़ से पीड़ित किसानों के नुकसान की कुछ भरपाई हो सकती थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर राज्य में फसल बीमा योजना लागू करने की मांग की है।

# यूक्रेन ने उड़ा दिए रूस के केमिकल प्लांट, फैक्ट्री और रिफाइनरी

कीव

यूक्रेन ने रूस पर बड़ा हमला किया। केमिकल प्लांट, फैक्ट्री और रिफाइनरी पर ये मिसाइल अटैक किया गया। रूस और यूक्रेन के बीच लगातार युद्ध आगे बढ़ता हुआ दिख रहा है। यूक्रेन ने कहा कि कहा कि इस सप्ताह उसके लंबी दूरी के ड्रोन ने कैस्पियन सागर में एक प्रमुख अपतटीय तेल प्लेटफार्म पर हमला किया, जो पहले से अज्ञात एक मिशन था और यह उसके युद्ध को वित्तपोषित करने वाले रूसी ऊर्जा राजस्व को काटने के लिए बढ़ते अभियान में उसकी लक्ष्य सूची के नए विस्तार का संकेत देता है।

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा के एक सूत्र ने सीएनएन को बताया कि कैस्पियन सागर में तेल उत्पादन से संबंधित रूसी बुनियादी ढांचे पर यूक्रेन का यह पहला हमला है। उन्होंने इसे रूस को एक और चेतावनी बताया कि युद्ध के लिए काम कर रहे उसके सभी उद्यम वैध लक्ष्य हैं। लुकोइल के स्वामित्व वाला फिलानोव्स्की तेल प्लेटफार्म, कैस्पियन के रूसी क्षेत्र में सबसे बड़ा तेल क्षेत्र होने का दावा करता है। सीएनएन ने इस मामले पर टिप्पणी के लिए लुकोइल और रूसी रक्षा मंत्रालय से संपर्क किया है। रूस की ऊर्जा सुविधाओं के खिलाफ यूक्रेन का व्यापक हमला



अभियान 2024 की शुरुआत में शुरू हुआ, लेकिन अगस्त की शुरुआत से ही कीव ने इस प्रयास को और तेज कर दिया है। यूक्रेन के प्रतिबंध आयुक्त व्लादिस्लाव व्लासियुक इसे दीर्घकालिक प्रतिबंध कहते हैं, जिसका लक्ष्य रूस की सबसे बड़ी वित्तीय जीवनरेखा है। यूक्रेन अब रिफाइनरियों के अलावा तेल और गैस निर्यात अवसंरचना, पाइपलाइन, टैंकर और अब अपतटीय ड्रिलिंग अवसंरचना सहित कई लक्ष्यों को निशाना बना रहा है। आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटा प्रोजेक्ट के आंकड़ों और सीएनएन के विश्लेषण के अनुसार, नवंबर में एक महीने में अब तक के सबसे अधिक हमले हुए। यह युद्ध के एक नाजुक मोड़ पर आया है। हाल ही में अमेरिका के नेतृत्व में किए गए शांति प्रयासों से रूस की अतिवादी मांगें और भी बढ़ गई हैं, और मॉस्को की सेनाएं मोर्चे के कई क्षेत्रों में धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ ही, वैश्विक तेल आपूर्ति की अधिकता से बाजार को संभावित मूल्य वृद्धि से बचाया जा रहा है, जिसका अर्थ है कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगी इस अभियान का लगातार समर्थन कर रहे हैं।

# रूस ने सेवरस्क शहर पर कब्जा करने का किया दावा, यूक्रेन ने बताया निराधार

**मास्को, (वार्ता)।** रूस ने यूक्रेन के सेवरस्क पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है, लेकिन यूक्रेन उसके दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि महीनों की ज़बरदस्त लड़ाई के बाद बुरी तरह तबाह हुआ यह शहर दोनों सेनाओं के लिए एक सामरिक मुद्दा बना हुआ है। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ़ चीफ़ वालेरी गेरासिमोव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि सेना ने सेवरस्क पर कब्ज़ा कर लिया है। यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत ज़रूरी माना जाता है। यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत ज़रूरी माना जाता है। डोनेट्स्क इलाके के बाकी हिस्से पर कब्ज़ा करने के रूस के अभियान में सेवरस्क लंबे समय से लक्ष्य पर रहा है। हालांकि, यूक्रेन ने रूस के दावे को खारिज किया है और कहा है कि शहर पर अभी भी उसका कब्ज़ा है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के ऑपरेशन टास्क फ़ोर्स ईस्ट ने फ़ेसबुक पर लिखा,स्लोवियान्स्क दिशा शहर यूक्रेन के सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है।

# 193 देशों के सामने भारत ने दिखाया अपना रौद्र रूप, पाकिस्तान को उसी के फंदे में जकड़ दिया

नई दिल्ली

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हमलों की कड़ी निंदा की है। भारत ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा बताया है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच नाजुक शांति बनी हुई थी लेकिन अब दोनों फिर से सीमा पर लड़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत युनामा की हवाई हमलों पर चिंता का समर्थन करता है और अफगानिस्तान में निर्दोष महिलाओं, बच्चों और क्रिकेटरों की हत्या की निंदा करता है। हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान करने, विशेष रूप से निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा पर ध्यान देने की अपील में अपनी आवाज जोड़ते हैं। पिछले साढ़े चार साल से हम ऐसा दृष्टिकोण देखते आ रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। हरीश ने कहा कि काबुल में दिल्ली के तकनीकी मिशन का दूतावास का दर्जा बहाल करने का भारत सरकार का हालिया निर्णय




इस संकल्प को मजबूती से दर्शाता है। उन्होंने कहा, हम सभी संबंधित पक्षों के साथ अपने संबंध बनाए रखेंगे ताकि अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और दक्षता विकास पहल में अपना योगदान बढ़ा सकें, जो अफगान समाज की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप हो। अक्टूबर में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी छह दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली आए थे। वह 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत का दौरा करने वाले पहले वरिष्ठ तालिबानी मंत्री थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुत्तकी के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें दिल्ली के तकनीकी मिशन को काबुल में दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की गई और अफगानिस्तान में विकास कार्यों को फिर से शुरू करने का संकल्प लिया गया। भारत ने अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अपने दूतावास से अधिकारियों को वापस बुला लिया था। जून 2022 में भारत ने काबुल में एक तकनीकी टीम को तैनात कर अपनी कूटनीतिक उपस्थिति फिर से स्थापित की। हरिश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखता है। उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठनों जैसे आईएसआईएल, अलकायदा और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके सहयोगियों तथा लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को समन्वित करना चाहिए, ताकि वे सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हों।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 75 वर्ष के हुये रजनीकांत



दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत आज 75 वर्ष के हो गये। 12 दिसंबर 1950 को बंगलुरू में जन्में रजनीकांत मूल नाम शिवाजी राव गायकवाड बचपन के दिनों से ही फिल्म अभिनेता बनना चाहते थे।रजनीकांत ने परिवार की मदद करने के लिए कारपेंटर से लेकर कुली तक का काम किया। इसी बीच उनका झुकाव सिनेमा की तरफ बना रहा। वह अक्सर स्कूल प्ले में हिस्सा लेते थे। स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद रजनीकांत ने बंगलुरू ट्रांसपोर्ट सर्विस में बतौर बस कंडक्टर काम करना शुरू कर दिया। रजनीकांत की फिल्मों दिलचस्पी थी और वह एक्टिंग करना चाहते थे। इसी शौक की वजह से उन्होंने 1973 में मद्रास फिल्म इंस्टीट्यूट से एक्टिंग में डिप्लोमा लिया। रजनीकांत कंडक्टरगिरी करते देख सिगरेट उछाल कर पीना, गॉगल के साथ खेलना करते रहते थे। यह एक नाटक के मंचन के दौरान फिल्म निर्देशक के. बालाचंदर उनसे मिले और उनके समक्ष उनकी तमिल फिल्म में अभिनय करने का प्रस्ताव रखा।

वर्ष 1975 में के.बालचंद्र के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म अपूर्वा रागांगल से रजनीकांत से अपने सिनेमा करियर की शुरूआत की। इस फिल्म में कमल हसन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वर्ष 1978 में प्रदर्शित तमिल फिल्म भैरवी में रजनीकांत को बतौर मुख्य अभिनेता के रूप में पहली बार काम करने का अवसर मिला। यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं रजनीकांत भी सुपरस्टार बन गए।वर्ष 1980 में रजनीकांत की एक और सुपरहिट फिल्म बिल्ला प्रदर्शित हुई। बिल्ला अमिताभ की सुपरहिट फिल्म डॉन की रिमेक थी।

वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म अंधा कानून के जरिये रजनीकांत ने बॉलीवुड में भी कदम रख दिया।इस फिल्म में रजनीकांत की भूमिका ग्रे शेडस लिये हुये थी। दर्शकों को रजनीकांत का अंदाज काफी पसंद आया।अंधा कानून टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी।इसी दौरान रजनीकांत ने जॉन जॉनी जर्नादन में तिहरी भूमिका निभायी हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई करिश्मा नही दिखा सकी। 90 के दशक में रजनीकांत दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक बन गये।इस दौरान रजनीकांत ने जितनी भी फिल्मों में काम किया सभी ने टिकट खिड़की पर शाानदार प्रदर्शन किया।वर्ष 2002 में रजनीकांत की महात्वाकांक्षी फिल्म बाबा प्रदर्शित हुयी हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढ़ेर हो गयी।बाबा का स्क्रीनप्ले रजनीकांत ने खुद तैयार किया था।वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म चंद्रमुखी से रजनीकांत ने एक बार फिर से अपनी शानदार वापसी की। वर्ष 2007 में रजनीकांत की फिल्म शिवाजी द बॉस प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये। शिवाजी द बॉस भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली फिल्म बनी जिसमें हॉलीवुड की रेजोल्यूशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया। वर्ष 2010 में रजनीकांत की फिल्म रोबोट प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में रजनीकांत के अपोजिट ऐश्वर्या राय थी।रोबोट ने 255 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर नया इतिहास रच दिया।रोबोट रजनीकांत की तमिल फिल्म इंथीरन का हिंदी वर्सन था। वर्ष 2014 में रजनीकांत की दो फिल्में कोचादाइयां और लिंगा प्रदर्शित हुयी हालांकि दोनो फिल्में टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी। वर्ष 2021 में रजनीकांत को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 में रजनीकांत की सुपरहिट फिल्म जेलर प्रदर्शित हुयी जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी। वर्ष 2024 में रजनीकांत की फिल्म %वेट्टैयन% प्रदर्शित हुयी, जिसमें उन्होंने 33 साल बाद अमिताभ बच्चन के साथ काम किया। इस वर्ष रजनीकांत फिल्म कुली रिलीज हुयी है। रजनीकांत की आने वाली फिल्मों में जेलर 2 प्रमुख है।

# अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं : नुसरत भरूचा



अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज़ 'छोरी' के ज़रिए एक अलग पहचान बनाई है, जहाँ उनके अभिनय की इतनी तारीफ़ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मज़बूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द अवसरवादी पर खुलकर बात की। उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। नुसरत भरूचा ने कहा, मैं भी एक अवसरवादी हूँ। यदि मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूँ, तो क्यों नहीं? ज़ाहिर है मैं जाकर कहूँगी, 'हाँ, मैं यह करना चाहती हूँ।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है। और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम ज़िम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएँ मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मज़बूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएँ शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

# सत्या साची के आने वाले एपिसोड से दर्शक गहराई के साथ जुड़ेंगे : भाग्यश्री मिश्रा



भाग्यश्री मिश्रा का कहना है कि सन नियो के शो सत्या साची के आगामी एपिसोड से दर्शक गहराई के साथ जुड़ेंगे। सन नियो का शो सत्या साची दो बहनों, सत्या और साची के खूबसूरत और गहरे रिश्ते से पहले ही दर्शकों के दिलों में जगह बना चुका है। दर्शकों ने यह भी देखा कि कैसे दोनों बहनें हर परिस्थिति में एक-दूसरे के लिए मजबूत ढाल बनकर खड़ी रहती हैं और दुनिया का सामना साथ मिलकर करती हैं। एक विशेष वादा हमेशा उन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखता है और यही रिश्ता शो का भावनात्मक केंद्र बनता है।लेकिन, अब शो में एक चौंकाने वाला ट्विस्ट सामने आया है। हाल ही में जारी प्रोमो में शादी के दौरान, शौर्य अचानक पूरे परिवार के सामने साची की माँग में सिंदूर भर देता है। शौर्य का का यह कदम पूरे परिवार को अचंभित कर देता है। वहीं, सुंदरी गुस्से में आकर साची को थप्पड़ मार देती है और उसे अपमानित करती है। जबकि सत्या गहरे दु:ख और क्रोध से भर जाती है। वह अपनी बहन के लिए साहसिक कदम उठाती है और उसे घर से बाहर ले जाने की कोशिश करती है। लेकिन, साची सभी को चौंकाते हुए बीच में ही रुक जाती है, जिससे सत्या काफी भ्रमित हो जाती है।

## 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म धुरंधर




रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

# समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करें

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कृषि विभाग एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा की

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, गन्ना, आत्मा, कृषि उपज मंडी, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, रेशम पालन विभाग, मत्स्यपालन विभाग, मार्कफेड आदि विभागों की योजनाओं, कार्यों, गतिविधियों आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि फसल गिरदावरी, फसल बीमा, खाद्यान फसल जैसे- गेहूं को दलहन, तिलहन या उद्यानिकी फसलों में शिफ्ट करने के लिये मैदानी स्तर पर किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करें। जिले में किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता एवं रैक प्लानिंग की जानकारी सोशल मीडिया एवं



व्हाटसएप के माध्यम से किसानों को प्रसारित करें, जिससे जिले में भीड़ की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन के सभी खरीदी केन्द्रों में खरीदी शुरू होने की पुष्टि मैदानी अमले द्वारा प्रति दिवस दी जावे। विभागीय योजनाओं में ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्यों की पूर्ति में पुनरावृत्ति नहीं होते हुए अन्य ग्रामों का चयन किया जाये, जो कृषक योजनाओं से लाभांवित नहीं हो पाये हैं, उन्हें प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिया जाए। आदान गुण नियंत्रण अंतर्गत अमानक नमूनों एवं अनियमितताओं पर सख्त कार्यवाही की जाए। फसल अवशेष प्रबंधन अंतर्गत बेलर एवं सुपरसीडर के उपयोग के लिए कृषकों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें। नरसिंहपुर एवं करेली विकासखंडों में उन्नत कृषि बेलर का प्रदर्शन आयोजन कर कृषकों को उपयोग के लिए जागरूक करें। पराली जलाने की घटनाओं पर कार्यवाही की जावे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पशुपालन विभाग एवं एनआरएलएम के माध्यम से गौशालाओं में बेलर यंत्र दिया जाये। प्रतिदिवस गन्ना विक्रय के भुगतान व शेष राशि की रिपोटिंग करें। उन्होंने सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकारी समितियों में उर्वरक के भण्डारण व वितरण की समीक्षा, बी-पेक्स पुर्नगठन आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि पीएमएफएमई के अंतर्गत गुड़ भट्टियों को ज्यादा प्रमोट कर आटा चक्की, दाल मिल व अन्य मूल्य संवर्धन प्रोसेसिंग यूनिट को प्रोत्साहित करें। उन्होंने उद्यानिकी विभाग एवं गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि गुड़ भट्टियों की चिमनियों की ऊंचाई निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप रखी जाए, जिन भट्टियों की चिमनी की ऊंचाई निर्धारित मापदण्डों से कम है, उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जावे। जिले में उद्यानिकी फसलों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाये। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत वन पट्टाधारी कृषकों को लाभ दिलाया जाये। फूलो की खेती को मंदिर के आसपास एवं विशेष चिन्हित स्थानों के पास कराया जाये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि एनएडीसीपी में एफएमडी वेक्सीनेशन की प्रगति को बढ़ाया जाये। गौशालाओं को आत्मानिर्भर बनाया जाये। प्राकृतिक खेती के लिये गौवंश आधारित गोबर खाद आदि उपलब्ध कराई जाये। गौशालाओं में कृषि, दुग्ध, गोबर से निर्मित उत्पाद जैसे- गमला, कम्पोस्ट अदि गतिविधियों को संचालित किया जाये। साथ ही गौशालाओं को पशुचिकित्सा केन्द्र बनाने की कार्यवाही की जाये और गौ सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जाये। जिले की हर विकासखंड से 6 अच्छी गौशाला का चयन किया जाये, दो गौशालाओं को बीआरसी केन्द्र बनाने की कार्यवाही की जावे। पशुपालन केसीसी के लिए नियमित केसीसी वाले किसानों की सूची सहकारी बैंक से समन्वय कर तैयार की जाए और उस पर कार्य किया जाए। हितग्राही मूलक योजनाओं की शतप्रतिशत पूर्ति समय सीमा के भीतर की जाए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मत?स्?यपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि केसीसी में प्रगति लाई जाये, बायोफ्लॉक एवं पोंड बायोफ्लॉक के लक्ष्यों की पूर्ति की जाये। रेशम विभाग को निर्देशित किया गया कि पावरलूम पर कार्य किया जाये, टसर एवं मलबरी के कार्यों में प्रगति लाई जाये। ककून के अतिरिक्त वीविंग, धागा निर्माण व अन्य उत्पादों के निर्माणों को प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने- अपने विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के साथ ही जिले में कृषक हितेषी नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करें।

# राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में खरगोन उमरिया एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन ने किया प्रवेश



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान एवं सहयोग क्रीड़ा मण्डल के सहयोग से स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर हॉकी के रोमांचक मुकाबले दर्शकों को देखने मिल रहे हैं।10 दिसम्बर से 14 दिसंबर खेली जा रही राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर खरगोन और नरसिंहपुर हॉकी एकेडमी के मध्य में खेले गए रोमांचक मुकाबले में खरगोन ने दो एक से जीत हासिल कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। खरगोन की ओर से फॉरवर्ड खिलाड़ी शिवा पवार ने दूसरे क्वार्टर में एक गोल एवं चौथे क्वार्टर में एक गोल दागकर कर टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। नरसिंहपुर की टीम की ओर से कप्तान राहुल महोबिया एक गोल करने में कामयाब रहे।प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर रोमांचक मैच सिवनी ओर उमरिया के मध्य खेला गया जिसमें शुरआती दौर में सिवनी ने पहले क्वार्टर में तीन शून्य की बढ़त बनाई, अंतिम क्वार्टर में उमरिया ने चार गोल दागकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं सागर के मध्य खेला गया जिसमें फाउंडेशन के फॉरवर्ड खिलाड़ी सुशील महर्षि ने पहले क्वार्टर में एक गोल दागकर टीम को एक शून्य से बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में साहिल ने एक गोल दागकर दो शून्य से बढ़त दिलाई।मैच के अंतिम दौर के क्वार्टर में रोमांचक मुकाबले में फाउंडेशन के साहिल ने एक गोल दागा जवाब में सागर ने भी काउंटर करते हुए गोल कर 3ङ्क2 की स्थिति बनाई। सागर ओर मनीनागेंद्र सिंह फाउंडेशन नरसिंहपुर के मध्य खेले गए कशमकश रोमांचक मुकाबले में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन नरसिंहपुर ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।खिलाड़ियों से परिचय एवं उनका उत्साहवर्धन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम नेमा, महंत प्रीतमपुरी, खुमान सिंह पटेल,भगवानदास राय, पारितोष दुबे,अनंत पांडे, अजय मालवीय,जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, मनीष कटारे, पंकज नेमा, विकास शर्मा, ऋषि जाट, आशीष नामदेव,निर्णायक सौरभ राजपूत, रंजीत गोतील रहे । दर्शकों को अपने अंदाज में मैच का आंखों देखा हाल कमेन्ट्री के द्वारा कॉमेंटेटर जियाउर रहमान उर्फ छुट्टु भाई द्वारा की गई।प्रतियोगिता में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं सहयोग क्रीड़ा मण्डल के सदस्यों , व्यायाम शिक्षकों सहित जिला हॉकी संघके प्रवीण सिंघई, प्रवीण ठाकुर,इलियास खान, नीरज खरया ,वालीबॉल जोनल सेक्रेटरी मनीष कटारे, खेलो इंडिया टेक्निकल ऑफिसर डॉ अंजीता वर्मा, धनीराम मेहरा, मनीष यादव द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

# कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के प्रयासों से नरसिंहपुर जिले को मिली बड़ी सौगात

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

नरसिंहपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से आवागमन की समस्या से जूझ रहे ग्राम कपूरी वासियों को अब बड़ी सौगात मिली है। कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के प्रयासों से एनएच-26 के समीप ग्राम कपूरी में लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पुल निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पुल के बन जाने से ग्रामीणों को खासकर बारिश के दिनों में होने वाली आवाजाही की दिक्कतों से मुक्ति मिलेगी गौरतलब है कि बरसात के मौसम में नदी-नालों के उफान पर आने से कपूरी और आसपास के गांवों के लोगों का संपर्क जिला मुख्यालय सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों से कट जाता था। स्कूल जाने वाले छात्र, किसान, मजदूर व बीमारों को इलाज के लिए ले जाना अक्सर मुश्किल हो जाता था। ग्रामीणों की यह परेशानी कई वर्षों से लगातार बनी हुई थी, जिसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पहल तेज की ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता से मंडल अध्यक्ष राघवेन्द्र जाट और कपूरी सरपंच मिथलेश जाट ने उठाई एवं महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल एवं कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए कैबिनेट मंत्री पटेल ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया और संबंधित विभाग से बात कर पुल निर्माण के लिए स्वीकृति दिलाई स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह पुल केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों से स्थाई राहत दिलाने वाला कदम है। किसानों का आवागमन सुगम होगा, बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होगी और आपात स्थिति में राहत तेजी से मिल सकेगी उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल तथा सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनके अनुसार, यह पुल कपूरी ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों के विकास में अहम भूमिका निभाएगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देगा।



# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

## 16 केन्द्रों पर 5221 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के आयोजन के पूर्व कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निदेशन में जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रतुल्य इन्दुरख्या ,प्राचार्य डॉ अरुण कुमार तिवारी की उपस्थिति में समस्त परीक्षा केंद्राध्यक्ष का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।जिले के चयनित 16 परीक्षा केंद्रों पर 13 दिसंबर को आयोजित चयन परीक्षा में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 5221 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी केंद्राध्यक्ष संबंधित केंद्र पर प्रशिक्षण आयोजित कर पर्यवेक्षकों को चयन परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश दें जिससे चयन परीक्षा विधिवत संचालित हो सके। केंद्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि छात्र छात्राओं को परीक्षा के समय उचित बैठक व्यवस्था, कक्ष की प्रकाश व्यवस्था, प्रत्येक कक्ष में समय की जानकारी हेतु घड़ी, पेयजल व्यवस्था व्यवस्थित है कि



नहीं। सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए कि जिले के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक चयन परीक्षा में विद्यार्थी को अभिभावक के साथ केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे एवं विधिवत रोल नंबर पर बैठकर चयन परीक्षा में सम्मिलित होने में सहयोग करेंगे। संस्था प्रभारी अपना नैतिक दायित्व मानकर बच्चों को शत प्रतिशत सम्मिलित कराएं। प्राचार्य डॉ अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर प्रातः 10,30 पर परीक्षार्थी कक्ष में प्रवेश कर जाए जिसमें परीक्षा का आयोजन 11ः00 से 1ः30 बजे तक जिले के समस्त केंद्रों पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण सहयोग से परीक्षा का आयोजन सफल हो सके।समस्त अभ्यर्थी परीक्षा केदो पर अपने एडमिट कार्ड एवं पहचान पत्र सहित उपस्थित हो यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड नहीं मिला है तो वह जवाहर नवोदय विद्यालय इस नंबर पर 7999593766 संपर्क कर सकते हैं7 उक्त उन्मुखीकरण में समस्त केन्द्राध्यक्ष , विकास खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। 7परीक्षा केंद्र छात्र छात्राओं के लिए चयन परीक्षा में सम्मिलित होने में सुगमता को देखते हुए प्रत्येक विकासखंड में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें गोटेगांव विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 288 , देव मुरलीधर हायर सेकंडरी स्कूल गोटेगांव में 567 परीक्षार्थी। विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत राघव कृषि हायर सेकंडरी बोहानी में 288, उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में 288, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी तेंदूखेड़ा में 341परीक्षार्थी । विकासखंड साईखेड़ा में उत्कृष्ट विद्यालय साईखेड़ा में 288, शासकीय हायर सेकंडरी बी टी आई गाडरवारा में 288, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा में 256परिक्षार्थी । विकासखंड नरसिंहपुर के उत्कृष्ट विद्यालय में 384, नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल नरसिंहपुर में 264, पी एम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 324 परीक्षार्थी , करेली विकासखंड में उत्कृष्ट विद्यालय करेली में 312, गर्ल्स हायर सेकंडरी विद्यालय करेली में 499 परीक्षार्थी संबंधित केंद्रों पर परीक्षा देंगे।

# ओशो जन्म महोत्सव ध्यान शिविर संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक रजनीश ओशो के 11 दिसंबर जन्मोत्सव अवसर पर स्थानीय ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में आयोजित किया गयाद्य उक्त ध्यान शिविर के दौरान स्थानीय एवं बाहर के ओशो संन्यासियों ने ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों का साक्षी और आनंद भाव के साथ रसपान कियाद्य केक काटकर मनाया जन्मदिन... प्राकृतिक वादियों में स्थित ओशो लीला आश्रम में 11 दिसंबर ओशो जन्म महोत्सव अवसर पर ओशो सन्यासियों एवं अनुयायियों द्वारा हर्ष उल्लास के साथ संध्याकाल कुंडलिनी ध्यान उपरांत केक काटकर ओशो आए आनंद लाए जय ओशो के गगन भे दी स्लोगन गुंजित हुएद्य इस अवसर पर ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने उक्त सिविर की



जानकारी देते हुए बताया कि ओशो के जन्म महोत्सव 11 दिसंबर से पूर्व एवं 19 जनवरी मृत्यु महोत्सव तक देश के विभिन्न स्थानों के अलावा विदेश के ओशो सन्यासियों का बड़ी संख्या में ओशो की क्रीडा स्थली गाडरवारा तथा ओशो लीला आश्रम में आवागमन बना रहता है जो ओशो सन्यासियों के लिए आनंद समागम महोत्सव से कम नहीं होताद्य ओशो की जन्म एवं क्रीड़ास्थली सदैव दर्शनीय रहेगी... रजनीश ओशो का जन्म वैसे तो रायसेन जिले के छोटे से कस्बा कुचवाडा मैं 11 दिसंबर 1931 को ननिहाल में हुआ करीब 7 वर्ष की आयु में माता-पिता एवं परिवार मे गाडरवारा आए जिनकी प्राथमिक शिक्षा गंज प्राथमिक शाला माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा आदर्श स्कूल में प्राप्त की सार्वजनिक पुस्तकालय जहां से ओशो ने गहन अध्ययन किया अध्ययन की गई एवं अमूल्य किताबें पुस्तकालय में संरक्षित कर रखी गई है उनकी आध्यात्मिक यात्रा बाल्य एवं किशोरावस्था से ही आरंभ हो गई थी शक्कर नदी रामघाट आदि मृत्यु प्रयोग क्रीडा लीला अद्वैत की ओर ले जाने लगी जो बाद में विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक के रूप में सामने आईद्य गाडरवारा में ओशो से संबंधित स्थल बाहर श्री आता का मन करने वाले देश-विदेश के ओशो सन्यासियों के लिए दर्शनीय होते हैं और वे सभी अहो भाव से कृतज्ञता जाहिर करते हैं इन दोनों नगर में विभिन्न शहरों तथा देश-विदेश के ओशो के सन्यासियों का बड़ी संख्या में आवा गमन बना हुआ है और वह ओशो ओशो से संबंधित दर्शनीय स्थलों को भ्रमण करते हुए निहार रहे हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आज

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 मे सत्र 2026-27 मे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर दिन शनिवार को क्षेत्र के चयनित परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 11ः30 बजे से 1ः30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा मे शासकीय व अशासकीय स्कूलों के वर्तमान सत्र मे अध्ययनरत 5 वी कक्षा के पंजीकृत छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इस परीक्षा हेतु क्षेत्र के बनाये गए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय साईखेड़ा मे 288,बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 288, शासकीय कन्या उ मा शाला गाडरवारा मे 288,शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय गाडरवारा में 258 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।

# ग्राम पंचायत भवन सूखाखेरी में आयोजित हुआ शिविर

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले की जनपद पंचायत बाबई चीचली की ग्राम पंचायत सूखाखैरी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के तत्वाधान में एलिम्को द्वारा एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकन और परीक्षण शिविर गुरूवार को आयोजित किया गया। शिविर में 178 दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से उनका चिन्हांकित किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को वाकिंग स्टिक, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा कमलेश अहिरवार व उपाध्यक्ष श्री मनीष कौरव, अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम पंचायत शाहपुर में 12 दिसम्बर को और जनपद पंचायत सांईखेड़ा में 13 दिसम्बर को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे।



# इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसए स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयए नरसिंहपुर के पुस्तकालय विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ आर.बी. सिंह के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवीनतम पाठ्यक्रमए प्रतियोगी परीक्षाओं तथा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर से संबंधित डिजिटल बुक्स को एक्सेस करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से छात्र.छात्राओं को परिचित कराने के उद्देश्य से वर्चुअल कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस इंडक्शन प्रोग्राम का संचालन करते हुए पुस्तकालय के अध्यक्ष ;ग्रन्थपाल डॉ.वीरेंद्र झारिया ने डिजिटल संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह



सुविधा विद्यार्थियों को किसी भी समय और कहीं से भी उच्च.गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री तक पहुँच प्रदान करेगी। ई.लाइब्रेरी की संचालिका श्रीमती नीता ढिमोले ने इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल बुक्स प्राप्त करने की सम्पूर्ण व चरणबद्ध प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्र.छात्राओं को लॉग.इनए सर्चिंग डाउनलोडिंग और रीडिंग के संबंध में आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान कीए ताकि वे ई.संसाधनों का अधिकतम लाभ उठा सकें।इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों की उपस्थिति भी सराहनीय रही। जिन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता और इन संसाधनों के समुचित उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। उपस्थित प्राध्यापकों में डॉ.मनीष अग्रवाल, डॉ.नमिता साहू, डॉ,गगन ताम्रकार, डॉ.अभय राज साहू,पुष्पा विश्वकर्मा, ऋचा शर्मा और दीप्ति नेमा शामिल थे। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह इंडक्शन प्रोग्राम छात्रों को आधुनिक शैक्षणिक पद्धतियों से जोड़ने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सुदर्शन क्रिया से सीख रहे तनावमुक्त जीवन का मंत्र

## डीएम पैलेस में आर्ट ऑफ लिविंग शिविर

करेली (स्वतंत्र मत)

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति और स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ी पूंजी है। इसी उद्देश्य को लेकर करेली के डीएम पैलेस में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आयोजित चार दिवसीय च्हैप्पीनेस प्रोग्रामज (आनंद अनुभूति शिविर) का किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल शिवरार्थी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। शिविर के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री सुनील जैन, श्रीमती डॉक्टर राशि जैन द्वारा प्रतिभागियों को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा प्रतिपादित च्सुदर्शन क्रियाज के साथ साथ विविध योग, ध्यान आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षक श्री जैन ने बताया कि किस प्रकार सांसों की लयबद्ध प्रक्रिया से तनाव को दूर किया जा





सकता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। ?शिविर के दौरान योग, प्राणायाम और ध्यान के विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, प्रतिभागियों को जीवन जीने की कला, सकारात्मक सोच और टीम वर्क के महत्व पर विशेष सत्र दिए जा रहे हैं। शिविर में भाग लेने वाले शिविरार्थियों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामसनेही पाठक ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि सुदर्शन क्रिया के अभ्यास के बाद मैं स्वयं को बेहद हल्का और ऊर्जावान महसूस कर रहा हूं। यह सामान्य योग नहीं, यह अद्भुत साधना है। शिविरार्थी नगर निरीक्षक रत्नाकर हिग्वे ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग योग साधना का संपूर्ण माध्यम है, जिसमें सुदर्शन क्रिया श्री श्री गुरुदेव का अनमोल उपहार है। एमडी डॉ आशीष नेमा ने कहा कि स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के लिए आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़ी योग साधना जीवन का श्रेष्ठ माध्यम है। कर सलाहकार मधुसूदन नेमा ने बताया कि शिविर में आकर पता चला कि खुश रहना कितना आसान है, बस हमें सही तकनीक की जरूरत है। शिविर के सहयोगी वरिष्ठ पत्रकार आशीष अग्रवाल, हेमंत कश्यप, अंकित पांडे, सचिंद्र स्वामी, रसिक बादल, शिवांश चौधरी ने बताया कि दो चरणों में आयोजित किया जा रहे आर्ट ऑफ लिविंग शिविर में प्रातः 6.30 बजे से पुरुष वर्ग एवं शाम 4 बजे से महिला वर्ग का शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उत्साहपूर्वक सभी प्रतिभागी सहभागी कर रहे हैं। चार दिवसीय शिविर की संपन्नता रविवार को होगी।

# महापौर एवं निगमायुक्त ने कटाएघाट में निर्माणाधीन रिवर फ्रंट कार्य का किया निरीक्षण

## ग्रीन एरिया को विकसित करने तथा पहाड़ी के समक्ष भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कर सौंदर्यीकरण कार्य कराने के दिए निर्देश



कटनी (स्वतंत्रमत)

निगम प्रशासन द्वारा कराये जा रहे विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराकर नागरिकों को सौंपने के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा शुक्रवार को कटाएघाट में नागरिकों की सुविधा हेतु कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण कर कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी सहित निर्माण एजेंसी आर.के. शर्मा एंड ब्रदर्स के प्रतिनिधि अखिलेश त्रिपाठी की मौजूदगी रही।

ग्रीन एरिया करें विकसित महापौर एवं निगमायुक्त परिहार द्वारा रिवर फ्रंट विकसित करनें हेतु स्थल पर कराये जा रहे पाथ वे, घाट निर्माण का निरीक्षण कर सीढ़ियों के फ्लोरिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। वहीं घाट के दूसरी ओर मिट्टी के कटाव को रोकने एवं ग्रीन एरिया को और अधिक विकसित करनें के उद्धेश्य से विभिन्न प्रकार के सुंदर फूलदार पौधों, ग्रीन ग्रास, खस आदि को लगानें के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नदी के घाट की सफाई कर नदी के बीच में स्थित चट्टान का सौंदर्यीकरण करनें के निर्देश दिए।

***भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कर स्थल को दे भव्य स्वरूप***- निरीक्षण के दौरान महापौर एवं निगमायुक्त द्वारा कटाएघाट की प्राकृतिक सुंदरता को और भी भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु मार्ग के नदी के बाएं ओर रिक्त प्लेटफार्म की प्राकृतिक छटा को बिखेरती हुई चट्टान के नीचे ब्लैक स्टोन से निर्मित भगवान शिव की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना करते हुए रेलिंग आदि का कार्य कराकर स्थल को भव्य स्वरूप प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं नदी की ओर के रिक्त स्थान पर सुंदरता एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्टील की रेलिंग लगाकर स्थल को विकसित करने तथा पहाड़ियों की पास की खरपतवार की कटाई कर स्थल को ओर अधिक विकसित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। महापौर प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि कटाये घाट को शहर के प्रमुख पर्यटन व आस्था स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। घाट को आधुनिक स्वरूप देते हुए समीप मौजूद चट्टानों के बीच शिवजी की आकर्षक मूर्ति स्थापित की जाकर बाउंड्रीवाल, हरियाली बढ़ाने जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से कटाये घाट नगर का एक भव्य, शांत प्राकृतिक और सुव्यवस्थित स्वरूप के साथ नगरवासियों को मिल सकेगा।



# कैल्डरीज रिफैक्ट्री, उद्योग विभाग एवं शासकीय आईटीआई के बीच बैठक आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)

कैल्डरीज़ रिफैक्ट्री, उद्योग विभाग एवं शासकीय आईटीआई कटनी के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कंपनी के एचआर अखिलेश द्विवेदी व अनिल यादव, उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, उद्योग विभाग की क्षेत्रीय प्रबंधक अनामिका जैन, शासकीय आईटीआई कटनी के प्राचार्य देवेश मिश्रा तथा अप्रेंटिसशिप एडवाइजर मुकेश तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से शासकीय आईटीआई में उद्योग से संबंधित नए कोर्स शुरू करने पर चर्चा हुई जो स्थानीय उद्योगों की वर्तमान जरूरतों को पूरा कर सकें। साथ ही मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना तथा नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम पर विस्तृत चर्चा की गई।



# केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में हुआ ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन



कटनी (स्वतंत्रमत)

केंद्रीय विधालय झिंझरी में दादा-दादी, नाना-नानी के सम्मान में ग्रैंड पेरेंट्स डे आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. नवल किशोर पचौरी के सानिध्य एवं मार्गदर्शन से बुजुर्गो के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुवात द्वीप प्रज्वलन से हुई, फिर नन्हे मुन्हे बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। दादा-दादी, नाना-नानी के लिए खेल का आयोजन भी किया गया। महिला वर्ग की विजेता मुन्नी बाई रही, वही पुरुष वर्ग के विजेता लक्ष्मण प्रसाद तिवारी रहे। दादा महेश ने गीत गाकर समा बाँधा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि कुमार वर्मा, जसप्रीत कौर, मति गीता पवार और रूपा पटेल का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षिका ऋचायाज्ञेश के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन मणिका विश्नोई के द्वारा किया गया।

# कृषि उद्यमी प्रशिक्षण की परीक्षा संपन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विकासखंड विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत धनवाहीकी 35 गरीबी रेखा के नीचेस्व सहायता समूह की महिलाओं को ग्राम पंचायत भवन में कृषिउद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण स्टेट बैंक ऑफ इंडियाग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मे प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक एवं अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के पश्चात ओम प्रकाश चतुर्वेदी परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण रुडसेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कृषि उद्यमी की परीक्षा परीक्षक रामसुख दुबे कटनी एवं बैंक से संबंधित परीक्षा परीक्षक आनंद सिंह जबलपुर द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी के अंतर्गत जलवायु भूमि के प्रकार पोषक तत्व मिट्टी परीक्षण जैविक खाद एवं कीटनाशक जैविक खेती कीट एवं रोग नियंत्रण खाद्यान्न दलहन तिलहन एवं सब्जी फसलों सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर टपक सिंचाई शुष्क भूमि कृषि तकनीकी लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली औषधीय एवं सुगंधित तथा फूल वाले पौधे पशुपालन पादप प्रसार तकनीक के अंतर्गत ग्राफ्टिंग बडिंग लेयरिंग नर्सरी प्रबंधन एवं कृषि से संबंधित। जैविक खेती की आवश्यकता भूमि मानव एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान रासायनिक खाद से नुकसान एवं जैविक खेती के फायदे तथा जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र नीम पत्ती पांच पत्ती काढ़ा नीमच ब्रह्मास्त्र तथा आग्नेयास्त्र आदि कीटनाशकों को बनानेतथा फसलों में उपयोग की जानकारी एवं मूल्यांकन परीक्षा रामसुख दुबे द्वारा किया गया तथा बैंकिंग से संबंधित मूल्यांकन आनंद सिंह जबलपुर द्वारा किया गया परीक्षासंपन्न कराने में राजेश विश्वकर्मा एवं ओमप्रकाश तिवारी तथा अरुण रजक द्वारा सहयोग किया गया।

# यज्ञ से मिलता है हर समस्या का निदान

कटनी (स्वतंत्रमत)

जीवन में ऐसे संयोग कम ही आते हैं जब आपको राम कथा के साथ यज्ञ में आहुतियां देने का संयोग मिलता है यह संयोग जन्म-जन्मांतरों के पुण्य योग से मिलता है उक्त आशय के सारगर्भित उद्गार समिस्थ ग्राम बरतरा मे चल रहे श्री श्री 108 कुण्डीय अष्ठ लक्ष्मी गायत्री महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के अवसर पर गायत्री पुत्र महाराज स्वामी विनेश्वराचार्य जी महाराज द्वारा धर्म सभा में व्यक्त किये उन्होंने आगे कहा कि जो व्यक्ति ब्रह्म मुहूर्त ने उठकर गायत्री का जप करता है वह अपने विकारों को नष्ट करता है वह स्वयं देवता बनकर इस धरा में होता है व्यक्ति के जीवन में हर समस्या का निदान यज्ञ से मिलता है अष्ठ लक्ष्मी ही हमारे जीवन में हर प्रकार का प्रभाव देने वाली होती है यज्ञ जीव के पापों का शोधन करने वाला गायत्री मंत्र है 10 दिसंबर से चल रहे अष्ठ गायत्री महायज्ञ एवं श्री राम कथा में ग्राम एवं आसपास के भक्तजनों द्वारा नियमित कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं यज्ञ में यज्ञ मंडप प्रवेश आवाहन एवं पूजन देव पूजन तथा दोपहर में श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है आयोजक समिति के प्रभाकर गर्ग शैलेश गर्ग ने बताया कि अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ में ग्राम एवं आसपास के 60 परिवार महायज्ञ में जजमान बनकर शामिल होकर आहुतियां देते हुए अपने जीवन को धर्म की आराधना का अवसर बताया।

# पारिवारिक विवाद के चलते पुत्र ने की पिता की हत्या

## बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इटोरा में वारदात से सनसनी

## मामला दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार



कटनी (स्वतंत्रमत)

बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इटोरा में पुत्र ने पारिवारिक विवाद के चलते रोज-रोज की कलह से परेशान होकर अपने पिता की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात के वक्त घर पर कोई नहीं था। आरोपी ने यह वारदात रात में उस समय अंजाम दी, जब पिता घर के बाहर सो रहा था। हत्या की इस घटना से पूरे क्षेत्र में हडकम्प मच गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि ग्राम इटोरा निवासी 61 वर्षीय विष्णु उर्फ बिच्छू कोल का गुरुवार को रक्तरंजित शव उसके घर की परछी में पाया गया। उसके सिर और कनपटी पर कई जगह धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान थे। घटना की सूचना सुबह करीब 8 बजे मिली, जबकि वृद्ध की हत्या संभवतः रात में की गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा है और हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि वारदात के बाद से ही उसका पुत्र संजय कोल गायब था, जिस पर हत्या का संदेह था। जिसकी तलाश शुरू की गई थी। बताया जाता है कि मृतक के पांच बेटे और दो बेटियां हैं। घटना के समय संजय कोल को छोडकर सभी बाहर मजदूरी के लिए गए थे। मृतक अपने चौथे नंबर के बेटे संजय कोल के साथ ही रहता था, जो पैर से दिव्यांग है। उसकी पत्नी और बेटी भी साथ में ही रहती है। पिता और पुत्र के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी शैलेंद्र यादव ने बताया कि हत्या की इस वारदात के बाद धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू की गई और उसे गिरफ्तार किया गया है।

# साढ़े 5 हजार बोरियों में रखी 2200 क्विंटल धान जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)



गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में गुरूवार को संयुक्त जांच दल ने स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम भूला और ग्राम टिकरिया के गोदामों का औचक निरीक्षण कर 5 हजार 500 बोरियों में रखी करीब 2 हजार 200 क्विंटल धान जब्त किया। जिला प्रशासन द्वारा की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है। कलेक्टर के निर्देश पर गठित खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल ने स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम भूला स्थित असाटी कृषि केन्द्र की जांच की। इस दौरान दुकान के भीतर गोदाम में 3 हजार बोरी धान का भंडारण पाया गया। जिसको जब्त कर इस धान के परिवहन एवं निकासी पर 20 जनवरी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद जांच दल ग्राम टिकरिया पहुंचा। जहां विकास असाटी के द्वारा कृषि हेतु लिये गये खेत में लगभग 2 हजार 500 बोरी धान का भंडारण पाया गया। इस भंडारित धान के संबंध में कोई भी दस्तावेज और अभिलेख विकास असाटी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसलिये इस धान को भी जब्त कर इसकी निकासी पर रोक लगाते हुये असाटी के सुपुर्द नामे में सौंपा गया। जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी व कृषि उपज मंडी से अभय दुबे शामिल रहे। बताते चलें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के काफी पहले से ही कलेक्टर के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर कड़ी नजर रखी जा रही है और कार्रवाईयां भी की गई हैं। खाद्य, राजस्व और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

# कड़ाके की ठंड में भी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे ने किया औचक निरीक्षण



## यह नगर नहीं, मेरा परिवार है: अध्यक्ष का भावुक समर्पण

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनसेवा केवल पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी और समर्पण का नाम है। बुधवार प्रातः काल कड़ाके की ठंड के बावजूद राजेश्वरी हरीश दुवे कई वार्डों का औचक निरीक्षण कर नगर वासियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उनका यह दौरा न केवल प्रशासनिक सक्रियता का परिचायक था बल्कि नागरिकों के प्रति उनके गहरे लगाव और उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। सफाई पानी बिजली और सड़क रोशनी सभी व्यवस्थाओं का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति जाँची घरों तक पानी की आपूर्ति की नियमितता पर चर्चा की सड़क लाइटों की कार्यशीलता का निरीक्षण किया बंद पड़ी कई लाइटों को चिन्हित कर तुरंत बदलने के आदेश दिए नगर परिषद टीम को सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए अध्यक्ष की उपस्थिति से वार्डवासियों में उत्साह दिखा और लोगों ने अपनी समस्याएँ खुलकर सामने रखीं। ये केवल आम नागरिक नहीं3 ये मेरा परिवार हैं भावुक हुईं अध्यक्ष दुबे से जब लोगों ने पूछा कि इतनी ठंड में वार्डों का निरीक्षण करना स्वास्थ्य के लिए जोखिम है तो अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे ने मुस्कुराकर जो उत्तर दिया, उसने सबके दिल जीत लिए ये लोग आम नागरिक नहीं3 यह मेरा परिवार हैं। चाहे कोई किसी भी जाति या धर्म का हो सब मेरे अपने हैं। इनके लिए क्या ठंड और क्या गर्मी इन्होंने मुझ पर भरोसा किया है और मैं इस भरोसे को कभी टूटने नहीं दूँगी। मूलभूत सुविधाओं के साथ भी यदि इनकी किसी और जरूरत में मदद कर सकूँ तो वह भी पूरी निष्ठा और समर्पण से करूंगी। उनके इस कथन ने वार्ड के लोगों के बीच एक भावनात्मक वातावरण बना दिया। कई बुजुर्गों ने अध्यक्ष के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्षों बाद उन्हें ऐसा जनप्रतिनिधि मिला है जो वास्तव में लोगों के बीच उतरकर काम कर रही है। राजेश्वरी दुबे की सोच है की नगर की समस्या मेरी समस्या है। जनता बोलने के लिए आए उससे पहले मुझे उनके द्वार पर पहुँच जाना चाहिए।

# कॉलेज चलो अभियानः प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न



कटनी (स्वतंत्रमत)

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 हेतु चलाए जा रहे कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण में 12 दिसंबर को शासकीय कन्या महाविद्यालय के दल ने जिले के दो प्रमुख शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय- घुघरा एवं बिलहरी- का भ्रमण किया। यह अभियान शासकीय कन्या महाविद्यालय महाविद्यालय कटनी की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान दल में कॉलेज चलो अभियान के प्रवेश नोडल अधिकारी के.जे. सिन्हा के नेतृत्व में भीम बर्मन, प्रेमलाल कांवरे, डॉ. फूमलचंद कोर, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. मदन सिंह मरावी तथा इमरान मोहम्मद शामिल रहे। दल का मुख्य उद्देश्य कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया से अवगत कराना था। दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों को ई-प्रवेश पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई तथा ऑनलाइन केंद्र जाने से पूर्व आवश्यक दस्तावेजों आधार कार्ड, मार्कशीट, जाति/आय प्रमाण-पत्र आदि की सूची तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर के कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं गृह विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों एवं पाठ्यक्रमों की पूरी जानकारी दी गई। साथ ही एन.एस.एस. एन.सी.सी., समृद्ध पुस्तकालय, विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा खेलकूद सुविधाओं से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदु विद्यार्थियों के समक्ष रखे गए। मध्यप्रदेश शासन द्वारा छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों, प्रोत्साहन राशि तथा अन्य सुविधाओं की पात्रता एवं शर्तों की भी विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, हॉस्टल सुविधा एवं भावी करियर विकल्पों को लेकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका दल के सदस्यों ने धैर्यपूर्वक समाधान किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घुघरा के प्राचार्य आर.एस. उके तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिलहरी की प्राचार्य रेखा तिवारी एवं उनके स्टाफ ने अभियान दल को पूर्ण सहयोग प्रदान किया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। इस अभियान से सैकड़ों विद्यार्थी उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए उत्साहित हुए। महाविद्यालय प्रशासन ने आगामी चरणों में और अधिक विद्यालयों को जोड़ने की योजना बनाई है ताकि कोई भी मेधावी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।



# महापौर प्रीति सूरी को 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

कटनी (स्वतंत्रमत)

संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके एवं मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ के प्रांतीय आवाहन पर प्रदेश स्तर पर ज्ञापन कार्यक्रम 12 दिसंबर को आयोजित। जिसमें संघ जिला शाखा कटनी के द्वारा 15 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन महापौर प्रीति सूरी कटनी के माध्यम से समय 04 बजे सौंपा जाएगा जिसमें समस्त सदस्य ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने हेतु संघ के पदाधिकारी अजय गौतम, मनोज श्रीवास, मनोज दहिया, राकेश जसूजा, धर्मेंद्र राज, नीलेश पौराणिक, हरीश बेन, अजीमुद्दीन शाह, बाबूलाल अहिरवार, शत्रुघन, ज्ञानेंद्र, कमलेश, सदानंद, रामनरेश यादव, रामावतार तेजभान, हमीद खान, आशीष पटेल, शकुन उसरेठे, रत्ना ठाकुर, नकुल यादव, महेश अहीरवाल, सतीश पटेल, अमृत लाल, बलराम सिंह, प्रभु द्विवेदी, राजेश विश्वकर्मा एवं सदस्यों जितेंद्र, सुजीत, नरेश राठौर, सोहन दहिया, उमेश सेन, रामलोचन बालकदास, उमेश पुरी, उमेश यादव, राहुल, संदीप, आशा, संतोष धुर्वे, चंद्रमोहन, ललिता, खुशबू, उषा, रीना, शोभा, रजनी, सपना, साधना, नीलम, श्रुति, रुचि विश्वकर्मा, विपिन, नीरज, सत्यव्रत, शुकुल, मनोज, अभिषेक, सुशील यादव, सत्येंद्र, सुदामा, बसंत पाण्डे, कपिल, विजय सिंह, अनोद यादव, सुरजीत सिंह, मथुरा, सरमन, महेंद्र साहू, अर्पण अवतार, विक्रम, चंद्रभान मेहरा अन्य समस्त सदस्यों ने ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी एकता का परिचय देते हुए शासन प्रशासन को संगठन की शक्ति का अहसास कराने हेतु अपील की है।

# मेसी से मिलने को लेकर शाहरुख उत्साहित

## मेसी 14 साल बाद भारत आ रहे हैं, अपनी प्रतिमा का खुद करेंगे अनावरण

कोलकाता (वार्ता)।

बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान महान फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक लियोनेल मेसी से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। मेसी 14 साल बाद भारत आ रहे हैं। इसकी पुष्टि खुद मेसी ने की है कि वह 13 से 15 दिसंबर, 2025 के बीच भारत में रहेंगे। वह मियामी से दुबई के रास्ते अपने निजी जेट से 12/13 की रात कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरेंगे। उनके साथ इंटर मियामी टीम के कुछ खिलाड़ी भी होंगे। कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हमेशा कोलकाता आते हैं, खासकर तब जब उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलती है। लेकिन इस बार उनका ट्रिप खास है। वह अर्जेंटीना के उस महान खिलाड़ी से मिलने के लिए आ रहे हैं जिन्होंने अपने देश को फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपनी कप्तानी में दिलाया था।

### सॉल्टलेक स्टेडियम में आप सभी से मिलने का इंतजार

शाहरूख खान ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है, इस बार मैं अपनी नाइट कोलकाता में प्लान नहीं कर रहा हूं, उम्मीद करता हूं कि दिन पूरी तरह मेसी का होगा, बॉलीवुड



स्टार ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद कोलकाता आकर लियोनेल मेसी से मिलने की खुशी जाहिर करते हुए लिखा है, 13 तारीख को सॉल्टलेक स्टेडियम में आप सभी से मिलने का इंतजार है। कोलकाता के अलावा, मेसी हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे, जो उनकी 13 दिसंबर से शुरू हो रही भारत यात्रा का हिस्सा हैं।

### शहर में जश्न का माहौल

शहर में जश्न का माहौल है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें हवाई अड्डे से लेकर स्टेडियम और ईएम बाइपास स्थित होटल तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था शामिल है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल के पूर्व और वर्तमान ब्रांड एम्बेस्डर क्रमश: शाहरुख खान तथा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी मेसी का स्वागत करने वालों में शामिल हैं। इससे बाद दोपहर में अर्जेंटीनी खिलाड़ी हैदराबाद के लिए रवाना हो जाएंगे।

### लियोनेल मेसी की 70 फुट ऊंची प्रतिमा

स्टेडियम के पास कलाकार मोंटी पाल ने लियोनेल मेसी की 70 फुट ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की है। इसके प्रायोजक राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस हैं, जो खुद भी फुटबॉलर हैं। अपनी प्रतिमा का अनावरण खुद मेसी करेंगे। मेसी हैदराबाद में एक प्रदर्शनी मैच में भी भाग लेंगे और मुंबई जाने से पहले एक संगीत कार्यक्रम में शामिल होंगे। मेसी के सम्मान में 15 दिसंबर को नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में एक समारोह भी आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें सम्मानित करेंगे।



# कोहली 15 साल बाद खेलेंगे विजय हजारे टूर्नामेंट में

बेंगलुरुर (वार्ता)।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल किया गया है। कोहली ने हाल ही में दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को अपनी उपलब्धता के बारे में बताया, जिससे 15 साल बाद दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2010 में सर्विसेज के खिलाफ टूर्नामेंट में खेला था और इस सीजन में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेल चुके हैं। कोहली और रोहित शर्मा, जो भारत की टेस्ट और टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधत्व करते है।

# वैभव का रिकार्ड शतक, भारत ने यूएई को 234 रनों से हराया

दुबई (वार्ता)।



वैभव सूर्यवंशी (171) की विस्फोटक शतकीय, ऐरन जॉर्ज (69) और विहान मल्होत्रा (69 रन और एक विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को भारत ने अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए के पहले मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 234 रनों से हरा दिया। 434 रनों का विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम पृथ्वी मधु 87 गेंदों में (50) और उद्दीश सुरी 106 गेंदों में (नाबाद 78) की जुझारू पारियों के बावजूद निर्धारित 50 ओवरो में सात विकेट पर 199 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। यूएई की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 53 के स्कोर तक अपने छह विकेट गंवा दिये। शलोम डिसूजा (चार), अयान मिस्बाह (तीन), मोहम्मद रयान (19), नूरुल्लाह आयोबी (तीन) और कप्तान यायिन किरण राय (17) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय पृथ्वी मधु और उद्दीश सुरी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच सातवें विकेट के लिए 85 रन जोड़े और अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। सालेह अमीन 20 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन दो विकेट लिये। किशन सिंह, हेनिल पटेल, खिलन पटेल और विहान मल्होत्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर संयुक्त अरब अमीरात ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऐरन जॉर्ज ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 212 रनों की साझेदारी हुई।

इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपना शतक 56 गेंदों में पूरा किया। ऐरन जॉर्ज ने भी अपना अर्धशतक बनाया। 28वें ओवर में यायिन राय ने ऐरन जॉर्ज को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऐरन जॉर्ज ने 73 गेंदों में सात चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 69 रनों की पारी खेली। भारत का तीसरा विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में 33वें ओवर में गिरा। वैभव ने 95 गेंदों में नौ चौके और 14 छक्के उड़ाते हुए 171 रनों की पारी खेली। इसके बाद वेदांत त्रिवेदी (38) और विहान मल्होत्रा 55 गेंदों में (69) रन बनाकर आउट हुये। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का भी लगाया। कनिष्क चौहान (28) छठें विकेट के रूप में आउट हुये।

भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 433 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अभिज्ञान कुंडु 17 गेंद (32) और खिलन पटेल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। यूएई की ओर से युग शर्मा और उद्दीश सुरी ने दो-दो विकेट लिये। यायिन किरण राय और शलोम डिसूजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# महिला पहलवान विनेश फोगट ने संन्यास वापस लिया



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** तीन बार की ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया है। फोगाट ने भावुक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने संन्यास से वापसी की घोषणा करते हुए कहा कि अब उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना है। पिछले साल विनेश फोगाट ने पेरिस 2024 ओलंपिक के तुरंत बाद संन्यास ले लिया था। ठीक एक दिन बाद जब उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले से ज्यादा वजन होने की वजह से अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है।

# मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश को चार विकेट से हराया

अंबी (पुणे) (वार्ता)।

त्रिपुरेश सिंह (चार विकेट) और त्रिपुरेश सिंह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ऋषभ चौहान (47) और राहुल बाथम (नाबाद 35) की शानदार पारियों की बदौलत मध्यप्रदेश ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग ग्रुप ए में आंध्र प्रदेश को 15 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। इसी जीत के साथ मध्यप्रदेश को चार अंक मिल गये। 113 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्यप्रदेश ने 17.3 ओवर में छह विकेट पर लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। हर्ष गवली और वेंकटेश अय्यर की मध्यप्रदेश की सलामी जोड़ी ने अभी 14 रन ही जोड़े थे कि उन्हें आंध्र प्रदेश के नीतीश कुमार रेड्डी के कहर का सामना करना पड़ा। रेड्डी ने पारी के तीसरे ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर



विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की। रेड्डी ने हर्ष गवली, हरप्रीत सिंह और मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार को अपना शिकार कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया था। इसके बाद ऋषभ चौहान और राहुल बाथम ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच 73 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर की आखिरी गेंद पर सत्यनारायण राजू ने ऋषभ चौहान को आउट कर पवेलियन भेज दिया। ऋषभ चौहान ने 43 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। अनिकेत वर्मा एक रनआउट हुये। राहुल बाथम ने 32 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 35 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर (22) को के वी शशिकांत ने आउट किया। इससे पहले मध्यप्रदेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले बल्लेबाजी करने उतरी आंध्र प्रदेश की पूरी टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर समेट दिया। आंध्र प्रदेश के लिए श्रीकर भरत ने31 गेंदों में 39 रनों की पारी खेली। नीतीश कुमार रेड्डी (25), पायला अविनाश (18) और कप्तान रिकी भुई (11) रन बनाकर आउट हुये। आंध्रप्रदेश के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। मध्य प्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह ने चार विकेट और त्रिपुरेश सिंह ने तीन विकेट लिये। राहुल बाथम को दो विकेट मिले। वेंकटेश अय्यर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जेकब डफी का पंजा, न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया



**वेलिंगटन (वार्ता)।** जेकब डफी (पांच विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 128 के स्कोर पर ढेर करने के बाद मिले 56 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर नौ विकेट से जीत दर्ज की।

इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 32 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट ब्रैंडन किंग (22) रनआउट के रूप में गिरा। शाई होप (पांच), रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गये। केवम हॉज ने 75 गेंदों में 35 रनों तथा जस्टिन ग्रीव्स 57 गेंदों में (25) कुछ संघर्ष करते दिखे। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

47वें ओवर की दूसरी गेंद पर जेकब डफी ने ओजे शील्ड्स (नौ) को आउटकर 128 के स्कोर पर वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड को जीत के लिए 56 रनों का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी ने 38 रन देकर पांच विकेट लिये। माइकल रे को तीन विकेट मिले। जैकरी फॉक्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम स्पेन से हारी

सैंटियागो, (चिली) (वार्ता)

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप 2025 में अपने 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेलने गये मुकाबले में भारत के लिए कनिका सिवाच ने (41वें) मिनट में गोल किया, जबकि नतालिया विलानोवा ने (16वें) और एस्थर कैनालेस ने (36वें) मिनट में स्पेन के लिए एक-एक गोल किया। पहला क्वार्टर थोड़ा मुश्किल लेकिन रोमांचक रहा इस दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन और मौके बनाये। क्वार्टर के बीच में, स्पेन गोल करने वाला था और उसे केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन भारत की निधि ने बहादुरी से आगे बढ़कर लगातार दो गोल बचाकर विपक्षी टीम को बढ़त हासिल करने



से रोका। 14वें मिनट में, स्पेन को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने फिर से विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआत में स्पेन ने तेजी से जवाबी हमला किया, सारा कार्मोना रामोस ने सर्कल के चारों ओर कुशलता से ड्रिबल किया और अंदर पास दिया, जिसे नतालिया विलानोवा ने (16वें) मिनट में सफलतापूर्वक नेट में गेंद डाल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अगले कुछ मिनटों में भारत को कुछ अच्छे मौके मिले, लेकिन स्पेन ने शायद ही कोई गलती की और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए कोई पेनल्टी कॉर्नर नहीं दिया। 36वें मिनट में, भारत ने थोड़ी देर के लिए जश्न मनाया, जब सोनम ने पास को रोककर एक जोरदार स्ट्राइक से गोल किया। हालांकि, स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जो सफल रहा क्योंकि रेफरी ने बैक स्टिक देख ली और गोल रद्द करना पड़ा। बदकिस्मती से, भारत के लिए उसी मिनट में, स्पेन ने जीत हासिल की और एस्थर कैनालेस ने (36वें) मिनट के फ्लिक की बदौलत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 41वें मिनट में, भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जब कनिका सिवाच ने (41वें) मिनट में अपने स्ट्राइक से स्पेनिश गोलकीपर को छकाते हुए भारत के लिए गोल किया, जिससे स्कोर कम हुआ और तीसरा क्वार्टर शानदार रहा। टूर्नामेंट के आखिर क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने के लिए आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वे गोल करने में विफल रहे और स्पेन ने मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ, भारत ण्फआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप 2025 की ओवरऑल स्टैंडिंग में 10वें स्थान पर रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा



मुंबई (वार्ता)।

सोने का भंडार बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 05 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.033 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो सप्ताह इसमें गिरावट देखी गयी थी। गत 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.877 अरब डॉलर घटकर 686.227 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 05 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति आलोच्य सप्ताह में 15.1 करोड़ डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गयी। इनमें अमेरिकी डॉलर के साथ ब्रितानी पाउंड, यूरो और जापानी येन भी शामिल हैं। इनका मूल्य डॉलर के मुकाबले इनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.7 करोड़ डॉलर घटकर 4.675 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 9.3 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# नयी तेल एवं गैस नीति से भारत की ऊर्जा क्षमता को मिलेगा बड़ा फायदा : अनिल अग्रवाल

नयी दिल्ली (वार्ता)।

वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने तेल एवं गैस क्षेत्र के लिए सरकार की ओर से किये गये बड़े सुधारों को ऐतिहासिक कदम बताया है और कहा है कि यह बदलाव भारत की वर्षों से पहचानी गयी लेकिन कम विकसित हाइड्रोकार्बन क्षमता को तेजी से उजागर करने का मार्ग खोलेगा। यहां जारी एक विज्ञप्ति में श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को बधाई देते हुए कहा कि नये नियम देश में अन्वेषण और उत्पादन को गति देने के लिए एक निर्णायक नीतिगत बदलाव का संकेत हैं। तेल क्षेत्र (विनिमय एवं विकास ) संशोधन अधिनियम, 2025 की ओर संकेत करते हुए श्री अग्रवाल ने



कहा, च्च भारत के पास ऊर्जा संसाधनों का अपार भंडार है, और ये सुधार अंततः उन्हें उपयोग में लाने के लिए सही माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे किफायती तेल और गैस उत्पादक देशों में से एक बन सकता है, और इन सुधारों का सबसे अधिक लाभ उपभोक्ताओं, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलेगा। आयात पर निर्भरता कम होने से ऊर्जा उपलब्धता और सुरक्षा मजबूत होगी। श्री अग्रवाल की राय में नये नियम ऊर्जा क्षेत्र को अधिक समावेशी बनाने वाले हैं।

अब स्टार्ट-अप, युवा उद्यमी, इनोवेटर और यहां तक कि विश्वविद्यालय के छात्र भी कम निवेश में अन्वेषण गतिविधियों की शुरुआत कर सकेंगे। उनके अनुसार, यह कदम भारत के अन्वेषण आधार को व्यापक बनाकर क्षेत्र में नयी ऊर्जा लाएगा। उन्होंने अमेरिकी ऊर्जा क्रांति का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां खुले और अनुकूल नीतिगत माहौल ने हजारों कंपनियों और व्यक्तियों को अन्वेषण में उतरने का अवसर दिया, जिससे अमेरिका एक बड़े आयातक से ऊर्जा-संपन्न राष्ट्र में बदल गया। उन्होंने कहा, भारत भी अब उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

# डाकघरों से भी कर सकेंगे म्यूचुअल फंड में निवेश

## इंडिया पोस्ट का बीएसई से करार



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश में म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी शेयर बाजार बीएसई ने भारतीय डाक के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया जिसके तहत डाकघरों पर भी म्यूचुअल फंड उत्पादों में निवेश की सुविधा होगी। शेयर बाजार आधारित म्यूचुअल फंड ट्रांजेक्शन में 85 प्रतिशत बीएसई के स्टार एमएफ के जरिये होता है। हर महीने इस प्लेटफॉर्म पर करीब सात करोड़ ट्रांजेक्शन होते हैं। दोनों संस्थाओं की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि डाक विभाग के 1.64 लाख डाकघरों के माध्यम से देश के अंतिम छोर तक म्यूचुअल फंड का वितरण और निवेशकों को जागरूक बनाने का काम संभव हो सकेगा। सहमति पत्र पर बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररमन राममूर्ति और डाक विभाग में महाप्रबंधक मनीषा बंसल बादल ने यहां हस्ताक्षर किये।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक (0.53) प्रतिशत की बढ़त में 85,267 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 26,046.95 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को भी सेंसेक्स 427 अंक और निफ्टी 141 अंक चढ़ गया था। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.94 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी और मीडिया को छोड़कर अन्य समूहों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक ज्यादा चढ़े। एनएसई में कुल 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,071 के शेयरों में तेजी और 1,036 में गिरावट रही। अन्य 88 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा



स्टील का शेयर 3.34 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 2.37 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.25 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 1.71 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.59, भारती एयरटेल का 1.47, अडानी पोर्ट्स का 1.28, बजाज फाइनेंस का 1.15, एक्सिस बैंक का 1.09 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व का 1.01 प्रतिशत चढ़ गया। टाइटन, टीसीएस, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्र एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.89 फीसदी टूटा।

# खुदरा महंगाई की दर नवंबर में 0.71 प्रतिशत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सब्जियों और दालों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति (खुदरा महंगाई) की दर नवंबर में 0.71 प्रतिशत दर्ज की गयी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में खुदरा महंगाई की दर में मामूली वृद्धि दर्ज की गयी और यह अक्टूबर 2025 के 0.25 प्रतिशत से बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंच गयी। पिछले साल नवंबर में खुदरा महंगाई 9.04 प्रतिशत पर रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति की दर शून्य से 3.91 प्रतिशत नीचे रही। यह लगातार छठा महीना है जब खाद्य मुद्रास्फीति दर शून्य से कम रही है। यह अक्टूबर में 5.02 प्रतिशत और पिछले साल नवंबर में 5.48 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। आंकड़ों में बताया गया है कि सब्जियों की कीमतों में एक साल पहले के मुकाबले 22.20 प्रतिशत और दालों तथा उनके उत्पादों की कीमतों में 15.86 प्रतिशत की गिरावट आयी है। वहीं, तेल एवं अन्य वसा युक्त उत्पादों के दाम 7.87 प्रतिशत, फलों के दाम 6.87 प्रतिशत, चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों के 4.02 प्रतिशत और अंडों के 3.77 प्रतिशत बढ़े। दूध तथा उनसे बने



उत्पाद भी 2.45 प्रतिशत महंगे हुए हैं। आवास की महंगाई दर 2.95 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली की 2.32 प्रतिशत रही ।रामीण इलाकों में नवंबर में खुदरा महंगाई 0.10 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 1.40 प्रतिशत दर्ज की गयी। अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों में यह शून्य से 0.25 प्रतिशत नीचे और शहरी क्षेत्रों में 0.88 प्रतिशत रही थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि नवंबर में सालाना आधार पर प्याज की कीमत में सबसे अधिक 55 प्रतिशत की गिरावट आयी जबकि आलू 33 प्रतिशत सस्ता हुआ। तुअर दाल के भाव 29 प्रतिशत गिरे। वहीं, नारियल तेल सबसे अधिक 73 प्रतिशत, चांदी 66 प्रतिशत, नारियल गोला 61 प्रतिशत और सोना 59 प्रतिशत महंगा हुआ है। आंकड़ों में कहा गया है कि सबसे ज्यादा मुद्रास्फीति वाले पांच राज्य केरल (8.27 प्रतिशत), कर्नाटक (2.64 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (2.31 प्रतिशत), तमिलनाडु (2.08 प्रतिशत) और पंजाब (1.65 प्रतिशत) रहे। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत 05 दिसंबर को जारी मौद्रिक नीति समीक्षा बयान में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बयान जारी करते हुए कहा था कि चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर को समाप्त हो रही तीसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 0.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में चार प्रतिशत रहने की संभावना है। रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई को दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच और लंबे समय में औसतन चार प्रतिशत के आसपास रखने का लक्ष्य दिया गया है।

# देश का दिल मध्यप्रदेश, दिल खोल कर स्वागत को है तैयार : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन परिसर में 3 दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव का भोपाल से वर्चुअली किया शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ हम कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन परिसर में 3 दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव का भोपाल से वर्चुअली शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को देश के दिल मध्यप्रदेश में आमंत्रित करते हुए कहा कि हम दिल खोलकर आपके स्वागत के लिये तैयार हैं। नई दिल्ली में अपर मुख्य सचिव एवं विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश भवन श्रीमती रश्मि अरूण शमि और अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि मध्यप्रदेश उत्सव देखने के बाद सभी प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता का वास्तविक आनंद लेने के लिये जरूर मध्यप्रदेश आएंगे। उन्होंने पर्यटकों को महाकाल लोक में दर्शन करने, टाइगर रिजर्व सफारी का आनंद लेने, ओरछा एवं मांडू की आध्यात्मिकता का अनुभव करने के साथ पचमढ़ी के नैसर्गिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के स्वच्छतम शहर इंदौर की सैर करें और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाएं।




**प्रदेश के खानपान और संस्कृति का आनंद लें**- उद्घाटन के बाद आवासीय आयुक्त मध्यप्रदेश भवन रश्मि अरुण शमी ने बताया की तीन दिवसीय उत्सव का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के बारे में दिल्ली एनसीआर के वासीयो को प्रदेश के बारे में जानकारी देना उसके खान-पान और संस्कृति से अवगत कराना है। उन्होंने बताया की प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, 1 जिला एक उत्पाद, माटी कला, पर्यटन आदि के स्टॉल लगे हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया उनके इस उत्सव में आए और प्रदेश के खानपान और संस्कृति का आनंद लें, यह पूर्णता निशुल्क है।

बुंदेलखंड गायन की सुरमयी प्रस्तुतियां उत्सव के पहले दिन पुलिस बैंड, कबीर गायन और बुंदेलखंड गायन की सुरमयी प्रस्तुतियां होगीं, सांस्कृतिक संध्या में बुंदेली लोकनृत्य सुश्री कमला राजपूत छतरपुर, गुदुम्बबाजा नृत्य लालूलाल धुर्वे अनूपपुर एवं शास्त्रीय गायन सुश्री कलापिनी कोमकली देवास द्वारा मध्यप्रदेश की गहरी सांस्कृतिक आत्मा से रूबरू करवाया जाएगा।

### सांस्कृतिक संध्या में करमा नृत्य

उत्सव के दूसरे दिन ड्राइंग प्रतियोगिता , क्विज़ और एमपीटीडीसी द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय फिल्म 'स्त्री' युवाओं और परिवारों को समान रूप से आकर्षित करने का काम करेगी। सांस्कृतिक संध्या में करमा नृत्य, सुश्री हर्ष मरावी डिण्डोरी, गोंडवाना लोकनृत्य संजय महाजन बढ़वाह, फ्यूजन बैंड: म.प्र. के स्वर गन्धर्व बैण्ड, भोपाल के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात खादी/सिल्क फैशन शौ मध्यप्रदेश के वस्त्र वैभव का आधुनिक और भव्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया जाएगा। उत्सव के तीसरे दिन बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और फीचर फिल्म 'पान सिंह तोमर' की एमपीटीडीसी की प्रस्तुति की जाएगी। सांस्कृतिक संध्या में दास्तानगोई सुश्री भारती दीक्षित इंदौर, मटकी लोकनृत्य सुश्री हीरामणि वर्मा उज्जैन, और नृत्य नाटिका सुश्री क्षमा मालवीय, भोपाल के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित कर उत्सव का गरिमामयी समापन किया जायेगा।

### प्रमुख बिन्दु

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ हम कार्य कर रहे हैं।**

**मध्यप्रदेश भवन परिसर में अगले 3 दिनों तक भव्य मध्यप्रदेश उत्सव।**

**मध्यप्रदेश की कला-संस्कृति, पर्यटन, हस्तशिल्प और खान-पान के स्टॉल।**

**प्रदर्शनियों में एक जिला-एक उत्पाद और जीआई टैग प्राप्त वस्तुएं देखी जा सकती हैं।**

**वनोपज से तैयार हर्बल उत्पाद भी प्रदर्शित।**

**हस्त शिल्प, कलाकृतियां और विभिन्न अंचलों के स्वादिष्ट व्यंजन इस मेले की यूएसपी हैं।**

**उत्सव में मध्यप्रदेश पुलिस बैंड पहली बार प्रस्तुति दे रहा है।**

**उत्सव में प्रदेश के टेक्स्टाइल को शो-केस करते हुए फैशन-शो भी आयोजित।**

**पारंपरिक व्यंजनों के फूड स्टॉल।**

**उत्सव में प्रदेश के लोक गीत और लोक नृत्यों का प्रस्तुतिकरण।**




# रूट चार्ट के अनुसार दवा वितरित करें मोबाइल यूनिट : पटेल

## राज्यपाल ने की जनमन अभियान की समीक्षा

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा वितरित किए जाने वाली दवा की मात्रा मोबाइल यूनिट रूट चार्ट के अनुसार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगी को दवा की आवश्यकता और मेडिकल यूनिट के पुन: आगमन की अवधि की गणना के अनुसार दवा का वितरण होना चाहिए, जिससे यूनिट के दोबारा आने तक रोगी के पास दवा की उपलब्धता बनी रहे। राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को लोक भवन में जनजातीय प्रकोष्ठ की पीएम जनमन योजना की समीक्षा बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनमन योजना के तहत हितग्राहियों को मिले आवास में विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। आवास वार विद्युत कनेक्शनों की उपलब्धता की जानकारी संकलित कर, जिन घरों में विद्युत कनेक्शन नहीं है, उनको चिह्नित किया जाए। विद्युत कनेक्शन कराने की व्यवस्था की जाए। राज्यपाल श्री पटेल को बताया गया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 9 लाख 52 हजार से अधिक रोगियों का पंजीकरण किया गया है। इनमें 4 लाख 75 हजार 375 पी.व्ही.टी.जी. हितग्राही और 4 लाख 76 हजार 647 अन्य हितग्राही शामिल हैं। यूनिट द्वारा 95 हजार 360 सिकल सेल और 15 हजार 811 की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई। 7 लाख से अधिक रोगियों की डायग्नोस्टिक जाँच भी की है। बैठक में बताया गया है कि पीएम जनमन योजना, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक प्रदेश के 24 जिलों में संचालित है। योजना के तहत पी.व्ही.टी.जी. की 6 हजार से अधिक बसाहटों के 13 लाख 43 हजार से अधिक पी.व्ही.टी.जी. आबादी को लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत हितग्राही मूलक सात योजनाओं आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड में सैचुरेशन की स्थिति है।

# मातृशक्ति एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी किटों का हुआ वितरण

दमोह (स्वतंत्र मत)

जबेरा भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड के तत्वावधान में उनके नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सुरक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम का आयोजन आजीविका मिशन कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक विकास संस्थान की मुख्य कार्यकारी रितु नरूला द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया यह मातृ शिशु व बाल स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्तनपान से जुड़ी श्रेष्ठ प्रक्रिया एवं परंपराओं का संवर्धन, माता में



पोषण में सुधार हेतु प्रक्रियाओं की जानकारी, कुपोषण की स्थिति को दूर करने हेतु जागृति लाना, बच्चों की देखरेख एवं खिलाने से संबंधी उचित प्रक्रियाओं का प्रसार करना, स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं को सुदृढकरण, स्थानीय समुदाय के कार्यक्रम से जोड़कर कार्यक्रम के उद्देश्यों का प्रचार करना। इसके साथ ही विभिन्न पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी किट भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपेश सेन, रानू नामदेव, बंटी दुबे, मोंटू बाजपेई, राजेश सिंघई, संदीप दुबे, मयंक जैन की उपस्थिति रही। संचालन ज्योति बघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आमंत्रित अतिथियों द्वारा किया। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। आमंत्रित अतिथियों द्वारा पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थ, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी पोषण किट महिलाओं को भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मीना ठाकुर, सविता सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं गर्भवती महिलाएं धात्री महिलाओं की उपस्थिति रही।

### नई आशा की किरण लेकर के आए नया साल और महिलाएं सशक्त बने : कलेक्टर

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया अर्थखेड़ा गांव से लगभग 25-30 महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने आया था। सभी महिलाओं की प्रमुख चिंता यह थी वे अपने घरों में बीड़ी निर्माण का कार्य करती हैं लेकिन उससे मिलने वाली मजदूरी उनके जीवन यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे कार्यों में अधिकांश ग्रामीणों का शोषण होता है जिससे वे अपनी आय बढ़ाने के लिए वैकल्पिक रोजगार चाहती हैं। उन्होंने बताया प्रतिनिधिमंडल की महिलाओं ने अपनी रुचि तीन प्रमुख कार्यों में व्यक्त कि जिसमें सिलाई प्रशिक्षण, दोना पत्तल निर्माण कार्य, अगरबत्ती निर्माण कार्य शामिल है। कलेक्टर कोचर ने बताया गांव की लगभग 30-40 महिलाएं इन कार्यों के लिए तैयार हैं और सभी महिलाओं का डिटेल डाटा संकलित कर लिया गया है।

# मोबिलिटी और नई तकनीक क्षेत्रीय विकास के लिए आवश्यक : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन के ग्राम नलवा में मोबिलिटी स्टेशन का भोपाल से वर्चुअली किया शुभारंभ



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के ग्राम नलवा स्थित श्री गायत्री पेट्रोलियम- मोबिलिटी स्टेशन का मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालक श्री गोविंद सिंह आंजना को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष-2028 के सिहंस्थ और उज्जैन-इंदौर-देवास के सम्मिलित रूप से मेट्रोपॉलिटन एरिया के रूप में विकास से भविष्य का पश्चिमी मध्य प्रदेश आकर ले रहा है। क्षेत्र में रोड नेटवर्क और औद्योगिक गतिविधियों का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है। क्षेत्र की गतिशीलता को सुनिश्चित करने में फ्यूल और मोबिलिटी तथा नई तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गायत्री मोबिलिटी स्टेशन, गुणवत्ता और सेवा भाव के साथ क्षेत्र की प्रगति में योगदान देगा। ग्राम नलवा में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।

# ग्रामीण समुदायों के आधार कार्ड हेतु जिले में लगाए जाएंगे विशेष शिविर : कलेक्टर

दमोह (स्वतंत्र मत)

**पहला शिविर 15 दिसंबर को तेंदूखेड़ा के झमरा में होगा आयोजित**

जिले के ग्रामीण अंचलों में निवासरत नाथ, नट, बंजारा, गडरिया तथा पन्नी बीनने वाले समुदायों के बीच आधार कार्ड न होने या अपडेट न होने की समस्या बड़ी संख्या में सामने आई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने शीघ्र ही विशेष आधार पंजीकरण एवं अपडेट शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया पहला शिविर 15 दिसंबर को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम झमरा में आयोजित किया जाएगा। यह वही क्षेत्र है जहाँ हाल ही में बड़ी संख्या में लोग बाढ़ से प्रभावित हुए थे और जहाँ नट, आदिवासी एवं बंजारा समुदाय के परिवार अधिक संख्या में निवासरत हैं। शिविर में संबंधित समुदाय के लोगों के दस्तावेजों की जांच कर उनके आधार कार्ड बनाए व अपडेट किए जाएंगे। इसके बाद दूसरा शिविर 16 दिसंबर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान लगाया जाएगा। इसमें शहर के किशुन तलैया एवं ग्राम तिन्दौनी के निवासी अपनी आवश्यकतानुसार आधार सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। तीसरा शिविर 18 दिसंबर को ग्राम घूघस में आयोजित किया जाएगा, जहां इन समुदायों की बड़ी आबादी निवास करती है। कलेक्टर ने सभी पात्र समुदायों से अपील की है कि वे आधार कार्ड बनवाने या अपडेट कराने हेतु अपने उपलब्ध दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से शिविरों में उपस्थित हों। उन्होंने बताया लक्ष्य अधिकतम लोगों के आधार कार्ड तैयार करने और पुराने आधारों को अपडेट करने का है। शिविरों में मिलने वाले रिस्पांस के आधार पर आगे और शिविर लगाने संबंधी निर्णय लिया जाएगा। ये शिविर जिले की सामाजिक एवं प्रशासनिक संवेदनशीलता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

# मांगों को लेकर मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने विधायक मलैया को ज्ञापन सौंपा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा प्रांतीय आवाहन पर 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन जयंत कुमार मलैया पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मप्र शासन भोपाल को प्रेषित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारियों से संबोधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौपा गया। जिसमें नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए। भ्रत्य नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक नाम किया जाएं। लघु वेतन कर्मचारनीय संघ को पदोन्नति का लाभ दिया जाएं। कर्मचारियों को वर्दी दी जाएं। 45000 स्थाई कर्मी कर्मचारियों को नियमित सेवा के कर्मचारियों की तरह सभी प्रकार की सुविधा दी जाएं। आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाएं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का लाभ दिया जाएं। समस्त विभागों में लगे अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर या स्थाई कर्मी का दर्जा घोषित किया जाएं। कर्मचारियों का ग्रेड पेय केंद्री कर्मचारियों की तरह 1800 रुपए ग्रेट पे किया जाएं। अगर सरकार कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो उग्र आंदोलन के लिए हम बाध्य रहेंगे। ज्ञापन में उपस्थित कर्मचारियों में लिपिक वर्गीय संयुक्त मोर्चा संरक्षक राकेश सिंह हजारी, संरक्षक शेख हनीफ खान, उप संरक्षक धरमदास रोहित, जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत, उप सचिव सदन कटारया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र अहिरवाल, उपकोषाध्यक्ष जयंत गांगरा, महासचिव देवकुमार रजक, भगवती शरण चौबे, संयुक्त सचिव राकेश प्रजापति, राजकुमार अहिरवार, प्रहलाद अठया, अंशकालीन प्रकोष्ठ अध्यक्ष भरत सेन, जिला कार्यकारिणी सदस्य बलदेव रैकवार, देवीदीन अहिरवाल, इमाम कृष्णा कमलेश सेन, प्रेमलाल राजकुमार, अठया वृंदावन, मेहरा चायना बी सपना विश्वकर्मा, राजकुमारी लोधी, मनोज तिवारी, मोती वाली लोधी, मालती अहिरवार, बालकिशन उर्मिला साहू, मुकेश गौड़ टीना ममता ठाकुर, महेंद्र राज, ममता सीमा बाई, मक्खन सिंह, ऋषि रोहित, कृष्णा विश्वकर्मा, प्यारेलाल सोर, प्रेमलाल अहिरवार, देवकी ठाकुर, अम्नी बंसल, टीना लोधी, राजू मुन्नी बाई, हल्के भाई, रामसिंह ठाकुर, आनंदी अहिरवार, गणेश गोंड, तुलसा बाई गोड़, गुड्डी बाई, हाकम अहिरवार, आरिफ खान एवं ससमस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।




### डॉ. मोहन यादव के दो साल के कार्यकाल में कोई उपलब्धि नहीं : मानक पटेल

दमोह (स्वतंत्र मत)

मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं दमोह जिले के प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉ मोहन यादव के कार्यकाल में किसानो की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी, जैसी बुनियादी सुविधाये एवं फसल का उचित दाम नहीं मिल रहे है , सरकार की भावांतर योजना का लाभ अधिकांशत: व्यापारी वर्ग ही ले रहे है। भाजपा द्वारा चुनाव के समय किये गये सभी वायदे खोखले साबित हो रहे है, युवाओं को न तो रोजगार मिल पा रहा है और न ही विकास के लिये कोई बड़े प्रोजेक्ट यहां पर लगाये जा रहे है जिससे कि रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। सड़को की हालत जर्जर है, शिक्षा व स्वस्थ्य से जुड़ी योजनायें भी जमीनी स्तर पर दम तोड़ रही है, जबकि विकास के नाम पर सरकार दो सालो में कई हजार करोड़ो रूपये का कर्ज ले चुकी है जिसकी वसूली अप्रत्यक्ष रूप से जनता से की जावेगी। नशे का कारोबार एवं भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर फलफूल रहा है, अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बड़ा है, इसके बाद भी भाजपा की डबल इंजिन की सरकार स्वयं का गुणगान करने में लगी हुई है जिसकी जमीनी हकीकत अब जनता भी समझ रही है, चुनाव के समय जनता से जो वायदे किये गये थे उन्हे भाजपा सरकार शीघ्र ही पूरा करे अन्यथा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# विधायक ने हटा में निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

## घटिया निर्माण पर नाराजगी जताई, काम रोका गया

**हटा।** विधायक हटा उमादेवी खटीक शुक्रवार को एक्शन मोड़ में देखी गई और सड़क निर्माण निरीक्षण के दौरान नायक की भूमिका में नजर आई। विधायक ने हटा शहर के दमोह नाका पर निर्माणाधीन सीसी सड़क मार्ग का निरीक्षण किया और घटिया निर्माण पर निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए बेहतर कार्य के निर्देश देते हुए काम रोका गया। विधायक उमादेवी खटीक ने सीसी में घटिया मटेरियल, कम सीमेंट और खराब गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। विधायक उमादेवी खटीक ने इसी मार्ग पर मड़ियादो-विनती मार्ग पर नाली निर्माण का भी निरीक्षण किया और घटिया निर्माण पर नाराजगी जताई। गौरतलब कि दमोह से सिमरिया तक करीब 77 किमी की सड़क का टेंडर इस्कॉन इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा कार्य किया जा रहा जिसके द्वारा हटा शहर में सीसी सड़क निर्माण शुरू किया गया। जब नगरीय क्षेत्र में फोर लाइन सड़क डेड से दो फुट खोदकर गिट्टी निकालकर पुन: डालना आरम्भ किया तो जानकारों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई कि निर्माण ठेकेदार द्वारा सरकार को चुना लगाया जा रहा है। पहले खोदने का बिल बनेगा फिर फिलिंग का यह शासकीय धन का दुरुपयोग है। ठेकेदार द्वारा राहगीरों को उनके हाल पर छोड़कर निर्माण चालू रखा और अब जब ठेकेदार की मनमर्जी की पराकाष्ठा हो गई और अंतिम दौर के सीसी निर्माण में भी गुणवत्ता की अनदेखी की गई और शिकायत विधायक तक पहुंच गई जिसपर शुक्रवार को कार्य आरंभ होते ही हटा विधायक उमादेवी खटीक निरीक्षण करने पहुंच गई और उंन्होने गुणवत्ताहीन निर्माण पर आक्रोश जाहिर करते हुए उपास्थित कर्मचारियों को खरीखोटी सुना दी और मोबाइल पर एमपीआरडीसी के अधिकारियों को मापदंडों के अनुसार करने निर्देशित किया।



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1430/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती यशोदा सिंह पति स्व. भूपेन्द्र सिंह मरावी निवासी-जी.सी.एफ. स्टेट गोकलपुर जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10 न.ब. 403 खसरा नं. 429/1 रकबा 1783 व.फु.फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रमांक 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/12/2025 को जारी।

जारी दिनांक 12/12/2025

पेशी दिनांक 26/12/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखंड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव नगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखण्ड क्र. 568 श्रीमति काजल जैन पति श्री नीलेश कुमार जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/10/2022 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमति काजल जैन पति श्री नीलेश कुमार जैन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10/10/2024 के माध्यम से श्रीमति रश्मि जैन पति श्री सुनील जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति रश्मि जैन पति श्री सुनील जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# सबको मिले समान अधिकार हर इंसान है प्यार का हकदार





## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हितकारिणी लॉ कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर हितकारिणी लॉ कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पूर्व जिला न्यायाधीश श्री अनिल पारे के मुख्यातिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हितकारिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य श्री योगेश चंद्र उपरीत ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। इसके बाद मुख्यतिथि श्री अनिल पारे ने अपने संबोधन में मानवाधिकारों के महत्व, संवैधानिक संरक्षण एवं वर्तमान सामाजिक संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार जीवन की गरिमा से जुड़ा मूल अधिकार है, जो हर नागरिक के लिए समान रूप से आवश्यक है।

***छात्रों को किया प्रेरित***- अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री योगेश चंद्र उपरीत ने मानवाधिकारों के प्रति शिक्षा और जागरूकता को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। उन्होंने छात्रों को मानवाधिकारों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

कार्यशाला में प्राचार्य डॉ विकाश सिंह ने भी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मानवाधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विधि छात्रों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन सहायक प्राध्यापक यामिनी मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन टीम का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापकगण मोनिका सिंह, अभिनव सिंह ठाकुर, प्रशांत वर्मा, अश्विनी दोशी, अभिषेक नेमा, कीर्ति कोरी, नवीन जैन, देवेन्द्र पांडे, राम बाबू की उपस्थिति रही एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तीतर मारने डाला जहर, निपट गई 8 बकरियां

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** चरगवां थाना क्षेत्र में तीतर मारने डाले गए जहर का सेवन कर से आठ बकरा-बकरियों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जहर डालने वाले दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक सुनील रजक निवासी ग्राम दपकिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बकरी चराने का काम करता है।उसके पास कुल 17 बकरा बकरियां है। सोमवार को गांव के निरंजन खबास एवं कुंजी यादव ने कहा था कि वे दोनों मिलकर तीतर बटेर मारने के लिये तालाब के किनारे जहर रख रहे है उसने मना किया कि ग्रामीणों एवं उसके जानवर भी यहां आते जाते है इधर जहर मत डालो। बुधवार को घर से 11 बजे बकरा-बकरियों को चराते चराते दोपहर लगभग 2 बजे पानी पिलाने के लिये अपनी 17 बकरा बकरियों को लेकर ग्राम पटी चरगवां के वाली ठाकुर के खेत के वाजू में नदी किनारे लेकर गया था। बकरियो ने नदी किनारे घांस खायी और नदी का पानी पिया तभी एक एक करके कुछ देर में 8 बकरियां गिर गयी और उनकी मौत हो गई। घांस में देखने पर जहर जैसी चीज पडी थी जिससे बदबू भी आ रही थी और बकरियों के मुंह से भी फंसूकर आया था। निरंजन खबास एवं कुंजी यादव के व्दारा बिना बताये गांव के पास तालाब के किनारे रास्ते पर डाले गये जहर से बकरियां एवं बकरे के खा लेने से 2 बकरे एवं 6 बकरियों की मौत हो गई।



## जनता को अंधेरे में रख रही रोशनी देने वाली कम्पनियां

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पावर मेनेजमेंट कंपनी तथा वितरण कंपनियों ने बिजली के रेट बढ़ाने के संबंध में नियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर की गई, जिस पर 9 दिसंबर को सुनवाई हुई है। किंतु इस याचिका को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया। उपभोक्ताओं को अंधेरे में रखा गया है। उक्त बांते कहते हुए नागरिक उपभोक्ता मंच के डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि 22 सितंबर को जीएसटी 2.0 तथा कोयले से 400 रूपए प्रतिटन केम्पेनसेशन सेस हटाने की कार्यवाही की गई। सेस हटाने से बिजली उत्पादन लागत घटी। ऐसे में बिजली सस्ती होना चाहिये थी, किंतु इसी के उल्टे बिजली के रेट बढ़ाने को प्रस्तावित किया गया है।

***प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन***- इससे आक्रोशित होकर शुक्रवार को जन संगठनों ने घण्टाघर के पास प्रदर्शन किया तथा जिला प्रशासन के माध्यम से अध्यक्ष, मप्र विद्युत नियामक आयोग तथा उर्जा मंत्री पीएस तोमर को ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने आरोप लगाया कि उर्जा मंत्री पीएस तोमर ने पत्रकारों के समक्ष घोषणा की थी की जीएसटी तथा कोयले पर सेस घटाने का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जायेगा, तथा बिजली सस्ती की जायेगी। किंतु बिजली के रेट बढ़ाने को प्रस्तावित करने से उर्जा मंत्री की घोषणा गलत साबित हो रही है। प्रदर्शन में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा आदि शामिल हुए।

# व्यक्ति को सुरक्षित बनाते हैं उनके संवैधानिक अधिकार

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान का आयोजन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में अधिवक्ता, सत्यम पटेल ने मानव अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला । कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी द्वारा अतिथि का पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत करने से हुई, जो संस्था के पर्यावरण-संवर्धन के संदेश को भी रेखांकित करता है । अपने प्रभावशाली संबोधन में अधिवक्ता, सत्यम पटेल ने कहा कि मौलिक अधिकार नागरिकों को दी गई वे बुनियादी स्वतंत्रताएं हैं, जो उन्हें सम्मान एवं स्वतंत्र व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करती हैं । समानता, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार, संवैधानिक अधिकार ये अधिकार न केवल व्यक्ति को सुरक्षित बनाते हैं बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ भी हैं । उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता, अनुच्छेद 19 से 22 तक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 23-24 में शोषण के विरुद्ध अधिकार, अनुच्छेद 25-28 में धार्मिक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 29-30 में सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार, और अनुच्छेद 32 में संवैधानिक उपचार हमारे नागरिक जीवन को मजबूत करते हैं । इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मौलिक कर्तव्य, जो 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए, नागरिकों को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराते हैं । संविधान का सम्मान, राष्ट्रीय एकता बनाए रखना, पर्यावरण की रक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और हिंसा का त्याग ये सभी कर्तव्य भारत को समृद्ध, संवेदनशील और जिम्मेदार समाज बनाने का आधार हैं । उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकार नागरिकों को शक्ति देते हैं, जबकि कर्तव्य राष्ट्र को सुदृढ़ बनाते हैं, और एक संतुलित लोकतंत्र दोनों के संतुलन पर ही टिकता है ।

***विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना व्यक्त करते हैं ऐसे व्याख्यान***- कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने उनके सारगर्भित वक्तव्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना और नागरिक उत्तरदायित्व को विकसित करते हैं । उन्होंने समापन में धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे । कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक, डॉ. निधि माथुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय

## स्कूल के लिए निकली 2 बहनों का अपहरण


जबलपुर (स्वतंत्रमत)

पनागर थाना अंतर्गत इमलिया पिपरिया में स्कूल के लिए निकली दो बहनों का संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इमलिया पिपरिया आधारताल निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दज कराई कि उसकी 15 वर्षीय बेटी और 14 वर्षीय भतीजी दोनों सुबह करीब 10 बजे सरस्वती स्कूल पनागर जाने के लिये घर से निकली थी जो वापिस नहीं आई। चिंतित परिजनों ने पहले अपने स्तर पर पतासाजी की। दोनों लड़कियों की आसपास, पडोस मोहल्ले एवं नजदीकी रिश्तेदारियों में पतासाजी की परतु उनका कहीं कोई सुराग नहीं लगा जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे और आशंका जाहिर की कोई अज्ञात व्यक्ति दोनों नाबालिक लड़कियों को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।

# हितकारिणी कम्प्यूटर सेंटर द्वारा ट्रेडिंग कम्प्यूटर स्किल कार्यशाला का आयोजन

## विशेषज्ञ देंगे कम्प्यूटर स्किल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां

जबलपुर (स्वतंत्रमत)



हितकारिणी कम्प्यूटर सेंटर द्वारा आगामी 15 से 20 दिसंबर तक हितकारिणी लॉ कॉलेज में ट्रेडिंग कम्पयूटर स्किल पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ छात्र-छात्राओं के साथ ही टीचर्स को भी कम्प्यूटर स्किल से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही कम्प्यूटर स्किल पर ट्रेनिंग भी दी जाएगी। कार्यशाला 15 दिसंबर से प्रतिदिन 3 से 5 बजे तक हितकारिणी लॉ कॉलेज में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में प्रशिक्षक आदर्श गुप्ता बीटेक कम्प्यूटर साइंस एवं विश्वेस राठौर द्वारा प्राम्प्ट इंजीनियरिंग, एआई एप्लीकेशन, रिसपांसिबल एआई, एईओ ऑप्टीमाइजेशन मैथड्स आदि अन्य की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** तिलवारा थाना क्षेत्रातंर्गत भैरोनगर में भगवानदास चौधरी नामक युवक ने अपने घर में बांस की बल्ली में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के साले वीरू अहिरवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## कलेक्टर ने किया समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन की प्रगति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने विकासखंड शहपुरा के ग्राम धरमपुरा का दौरा किया। यह योजना मप्र जल निगम के अंतर्गत 1098.57 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से क्रियान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**